आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,सोमवार 9 जून 2025 ■ ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष-14 ■ वर्ष -41 ■ अंक-072 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 10 जून 2025 ■ मूल्य-1.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

# नक्सलियों के आईईडी ब्लास्ट में एएसपी शहीद

## एएसपी आकाश राव ने बेटी के साथ जन्मदिन मनाने का किया था वादा, लेकिन 2 दिन पहले ही हुए शहीद





**सुकमा,9जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए कोंटा एएसपी आकाश राव गिरीपुंजे कोंटा-कोन्टा-एर्राबोर के पास नक्सलियों द्वारा प्रेशर आईईडी की चपेट में आए गए. आईईडी विस्फोट में उन्हें गंभीर चोटें आई हैं, जिससे वो शहीद हो गए. उनके साथ विस्फोट में कोंटा के टीआई सोनल ग्वाला और जवान भी घायल हुए है. हादसा तब हुआ जब एएसपी गिरीपुंजे कोन्टा-गोलापल्ली मार्ग पर एक नया कैंप स्थापित करके लौट रहे थे. रिपोर्ट के मुताबिक अतिरिक्त एसपी आकाश हादसे के दौरान क्षेत्र में पैदल गश्त ड्यूटी पर थे, ताकि भाकपा (माओवादी) द्वारा 10 जून को भारत बंद के आह्वान के मद्देनज़र किसी भी प्रकार की नक्सली घटना को रोका जा सके.

**हफ्तेभर पहले बेटे का मनाया था जन्मदिन**-एएसपी आकाश राव गिरीपुंजे हफ्तेभर पहले ही अपने घर आए थे. इस दौरान उन्होंने अपने बेटे का जन्मदिन भी मनाया. लेकिन परिवार के साथ यह मुलाकात उनकी आखिरी मुलाकात बन गई. बेटी के जन्मदिन से पहले ही वे वीरगति को प्राप्त हो गए. कल महादेव घाट में उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा. एएसपी आकाश राव गिरपुंजे (42 वर्ष) राज्य पुलिस सेवा 2013 बैच के अधिकारी थे. उनकी महासमुंद, रायपुर में पोस्टिंग रही है. वे रायपुर सिविल लाइन थाने में सीएसपी रहे हैं. अपनी सेवा के दौरान उन्होंने कई बड़े मामलों में खुलासे किये थे. उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा रायपुर के होलीक्रॉस से पूरी की थी.

**छत्तीसगढ़ में यह तीसरी घटना**-छत्तीसगढ़ में यह तीसरी और बस्तर की दूसरी घटना है, जिसमें एडिशनल एसपी स्तर के अधिकारी शहीद हुए हैं. 2001 में एडिशनल एसपी भास्कर दीवान शहीद हुए थे. 2011 में राजेश पवार गरियाबंद आईईडी ब्लास्ट में शहीद हुए. वहीं अब 2025 में एएसपी आकाश राव सुकमा के कोंटा में आईईडी ब्लास्ट में वीरगति को प्राप्त हो गए. बता दें, एएसपी आकाश राव गिरपून्जे आज सुबह (9 जून) उप पुलिस अधीक्षक कोन्टा भानुप्रताप चंद्राकर, निरीक्षक सोनल गवला और अन्य जवानों के साथ क्षेत्र में नक्सलियों द्वारा वाहन जलाने की घटना की जांच करने पैदल गश्त पर निकले थे. सर्च ऑपरेशन के दौरान कोन्टा-एर्राबोरा मार्ग पर डोंड्रा के पास हुए आईईडी विस्फोट के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए.

## सीएम साय ने जताया शोक



रायपुर.मुख्यमंत्री साय ने सुकमा जिले के कोंटा में नक्सलियों द्वारा किए गए कायरतापूर्ण आईईडी विस्फोट में एएसपी आकाश राव गिरपुंजे के शहीद होने पर गहरा दुःख व्यक्त किया है।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह अत्यंत ही दुखद है। मैं उनकी शहादत को नमन करता हूँ। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि इस कायराना हमले में कुछ अन्य अधिकारी एवं जवानों के भी घायल होने की सूचना मिली है। उन्होंने कहा कि घायलों के समुचित इलाज के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ सुरक्षा बलों द्वारा एक बड़ी लड़ाई लड़ी जा रही है, जिसमें सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। इसी से बौखलाकर नक्सली इस तरह की कायराना करतूतों को अंजाम दे रहे हैं। नक्सलियों को इसका परिणाम भुगतना होगा। वह दिन अब ज्यादा दूर नहीं, जब छत्तीसगढ़ से इनका अस्तित्व ही समाप्त कर दिया जाएगा।

### राज्यपाल ने जताया शोक

राज्यपाल श्री रमेन डेका ने आज नक्सलियों द्वारा सुकमा के डोंड्रा के निकट किए गए आईईडी विस्फोट में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आकाश राव गिरीपुंजे के शहीद हो जाने की घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। राज्यपाल ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की सद्गति एवं शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की। राज्यपाल ने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की भी कामना की है।

## अब नक्सलियों से नहीं होगी कोई बातचीत: गृहमंत्री



रायपुर.गृहमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि सुकमा जिले के कोंटा क्षेत्र के एएसपी आकाश राव गिरिपुन्जे शहीद हुए हैं. वो बहुत ही बहादुर आधिकारी थे. विभिन्न स्थानों पर काम करते हुए उन्हें 'गैलेंट्री अवार्ड' मिला था. यह हम सभी के लिए बेहद दुखद है. इस घटना के पीछे नक्सलियों की कायराना करतूत एक बार फिर से सामने आई है. गृहमंत्री शर्मा ने कहा कि जवान के बुझाओं में बहुत ताकत है. इस घटना के बाद भी नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी. उन्होंने आगे कहा कि नक्सलियों से बातचीत की स्थिति बनते रहती है, लेकिन ऐसी कायराना हरकत के बाद अब वो भी नहीं रही. बता दें कि अतिरिक्त एसपी आकाश राव क्षेत्र में पैदल गश्त पर थे. विस्फोट के तुरंत बाद घायल अधिकारियों और जवानों को कोन्टा अस्पताल लाया गया. इस दौरान अन्य घायल जवानों की स्थिति फिलहाल स्थिर बताई जा रही है. घटना के बाद क्षेत्र में हाई अलर्ट है और नक्सली गतिविधियों की आशंका के चलते अतिरिक्त बल भी तैनात किया गया है.



## बेवफा निकली इंदौर वाली सोनम

**इंदौर,9 जून।** इंदौर की सोनम जिसने महज 28 दिन पहले सात फेरे लिए, सिंदूर लगाया, व्रत किए और फिर 20 मई को पति राजा रघुवंशी के साथ हनीमून पर शिलांग चली गई. लेकिन वहां से जो खबर आई, उसने पूरे देश को हिला कर रख दिया. राजा की लाश गहरी खाई में मिली और सोनम लापता. अब 17 दिन बाद कहानी में आया जबरदस्त ट्विस्ट आया. सोनम जिंदा मिली, यूपी के गाजीपुर से पुलिस ने हिरासत में लिया, और खुलासे ने सभी को चौंका दिया. सूत्रों के मुताबिक सोनम का पहले से किसी और युवक से अफेयर था और उसी के चलते पति राजा की हत्या की साजिश रची गई. राजा को प्रेमजाल में फंसाकर शिलांग ले जाया गया, जहां उसे सुनियोजित तरीके से मौत के घाट उतार दिया गया.

राजा रघुवंशी और सोनम की शादी 11 मई को इंदौर में हिंदू रीति-रिवाजों से हुई. परिवार खुश था, रिश्तेदारों ने नवविवाहित जोड़े को आशीर्वाद दिया और 20 मई को दोनों शिलांग हनीमून के लिए रवाना हो गए. 22 मई को कपल नोंग्रियाट गांव के शिपारा होमस्टे में रुका. अगले दिन सुबह 6 बजे चेकआउट किया और तभी से दोनों के मोबाइल बंद हो गए. 24 मई को मवालखियत से करीब 25 किमी दूर ओसरा हिल्स की पार्किंग में स्कूटी लावारिस मिली. इसके बाद जंगल में राजा और सोनम का सामान मिला और 2 जून को राजा की लाश वेईसावडॉन्ग झरने के पास गहरी खाई में मिली. हाथ पर बने टैटू से पहचान हुई.

9 जून की सुबह 3 से 4 बजे के बीच सोनम गाजीपुर के नंदगंज इलाके में एक ढाबे पर पहुंची. वहां से उसने ढाबा संचालक का फोन लेकर अपने भाई को वीडियो कॉल की और बताया कि वह गाजीपुर में है. भाई ने तुरंत इंदौर पुलिस को सूचना दी, जिन्होंने गाजीपुर पुलिस से संपर्क किया. पुलिस मौके पर पहुंची और सोनम को वन स्टॉप सेंटर में मेडिकल जांच के लिए रखा गया. जांच में कोई चोट या मारपीट का निशान नहीं मिला. पुलिस सूत्रों के मुताबिक सोनम का किसी युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जो शादी से पहले भी सक्रिय था. शादी के बाद भी दोनों संपर्क में रहे. सोनम ने राजा को रास्ते से हटाने की साजिश रची और अपने प्रेमी के साथ मिलकर शिलांग में हत्या को अंजाम दिया. राजा की हत्या में कुल चार लोग शामिल थे . जिनमें तीन इंदौर से पकड़े गए हैं, जबकि एक आरोपी उत्तर प्रदेश से है जो फिलहाल फरार है. मेघालय के डीजीपी एल. नोंग्रांग ने पुष्टि की है कि इंदौर निवासी राजा रघुवंशी की हत्या में उसकी पत्नी सोनम समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है. गाजीपुर से हिरासत में ली गई सोनम से पूछताछ जारी है. इसी बीच सोनम की मां संगीता सोनम का भी बयान आया है. उन्होंने एक न्यूज एजेंसी से बात करते हुए कहा कि धन्यवाद जो मिल गई है. ये भी दुख है, वो भी दुख है.

### सीसीटीवी फुटेज और ऑडियो कॉल ने खोले कई राज

22 मई को शिलांग के एक होटल के बाहर का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है, जिसमें सोनम और राजा स्कूटी पर आते और बैग रखते नजर आ रहे हैं. यह वही स्कूटी है जो बाद में लावारिस मिली. इसके अलावा, 23 मई को दोपहर डेढ़ बजे सोनम ने राजा की मां उमा देवी से आखिरी बार बात की थी. कॉल में सोनम ने कहा था, "मां ये मुझे जंगलों में घुमा रहे हैं, झरना देखने आए हैं" इसके आधे घंटे बाद फोन बंद हो गया. ऑडियो कॉल में सोनम मासूमियत से व्रत, खाने की शिकायत और सांस फूलने की बातें करती है. लेकिन अब वही सोनम हत्या की आरोपी है.




## सऊदी अरब ने भारतीयों की एंट्री पर लगाया प्रतिबंध ?

**नई दिल्ली,9 जून।** सऊदी अरब ने भारतीयों की यात्रा पर कोई नया प्रतिबंध नहीं लगाया है। भारत सरकार से जुड़े सूत्रों ने ऐसी किसी भी खबर की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को सऊदी अरब की यात्रा करने वाले भारतीयों पर किसी भी प्रतिबंध की रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। विदेश मंत्रालय के सूत्रों के अनुसार, "सऊदी सरकार ने इस मामले पर कोई अधिसूचना जारी नहीं की है। प्रथा के अनुसार हज के सीजन के दौरान, भीड़भाड़ को व्यवस्थित करने के लिए कुछ समय के लिए वीजा पर अस्थायी प्रतिबंध लगाए जाते हैं.




## साय ने चिंतन शिविर 2.0 के दूसरे दिन योग से की दिन की शुरुआत

**रायपुर 9 जून.** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) नवा रायपुर परिसर के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ योगासन कर चिंतन शिविर 2.0 के दूसरे दिन की शुरुआत की। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है और हमें प्रकृति के अधिक समीप लाता है। यह योगाभ्यास न केवल एक प्रेरणादायक पहल थी, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य एवं संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का भी सशक्त संदेश था। मुख्यमंत्री श्री साय के साथ इस योग सत्र में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, वन मंत्री श्री केदार कश्यप, उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम, खाद्य मंत्री श्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्री श्याम बिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा तथा आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. रामकुमार काकानी भी शामिल हुए।

## सेवा, सुशासन को समर्पित 11 साल : नड्डा



**नई दिल्ली,9 जून।** भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के सुशासन और गरीब कल्याण के कार्यों को स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने देश में राजनीतिक संस्कृति बदली, उन्होंने सरकार को जवाबदेह बनाया। नड्डा ने कहा कि देश में 11 साल पहले, तुष्टिकरण व समाज को खंडित करके अपनी कुर्सी को सुरक्षित रखना राजनीतिक संस्कृति का तरीका बन गया था। लेकिन 2014 के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली जिम्मेदार व जवाबदेह सरकार आई है, जिसने रिपोर्ट कार्ड की राजनीति शुरू की। हम जो काम कर रहे हैं, उसे जनता के सामने रखें।

नड्डा ने साफ तौर पर कहा कि पिछले 11 साल में मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने भारत की राजनीति की संस्कृति को बदला है। पिछले 11 वर्षों में हम 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मंत्र को लेकर आगे बढ़े हैं। देश मान चुका था कि ये संभव नहीं है, लेकिन मोदी सरकार ने जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया। लोकसभा में टर्नआउट 58.46 प्रतिशत रहा, जम्मू कश्मीर विधानसभा चुनाव में टर्नआउट 63 प्रतिशत रहा। ये बदलाव, मोदी सरकार की साहसिक निर्णय की वजह से आया है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार जनता के नेतृत्व वाली सरकार है। पिछले कुछ सालों में हमने पारदर्शिता लाई है और एक दूरदर्शी, भविष्योन्मुखी प्रशासन बनाया है। इसीलिए हम विकसित भारत की बात करते हैं। यह अमृत काल है। पिछले 11 सालों ने वास्तव में विकसित और आत्मनिर्भर भारत की मजबूत नींव रखी है। 2014 से पहले पिछली सरकार भ्रष्टाचार और नकारात्मकता से भरी हुई थी। लेकिन 2014 के बाद पीएम मोदी के नेतृत्व में यह भावना बदल गई। अब लोग गर्व से कहते हैं, "मोदी है तो मुमकिन है"।

## मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर लोकल ट्रेन से गिरकर पांच की मौत

**ठाणे,9 जून।** मुंबई की जीवन रेखा कही जाने वाली लोकल ट्रेन में सोमवार सुबह उस समय बड़ा हादसा हो गया, जब ठाणे के मुंब्रा रेलवे स्टेशन पर सीएसएमटी की ओर जा रही ठसाठस भरी फास्ट लोकल ट्रेन से कई यात्री गिर गए, जिसमें से पांच यात्रियों की मौत हो गई और कई लोग घायल हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार आज यह घटना ऐसे वक्त हुई, जब ज्यादातर लोग कामकाज के पहले दिन ऑफिस के लिए जा रहे थे। सुबह के वक्त मुंबई की लोकल ट्रेनों में भारी भीड़ देखने को मिलती है। ट्रेन में भीड़ ज्यादा होने की वजह से यात्री गेट पर लटककर सफर कर रहे थे, तभी अचानक ये हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलने पर रेलवे प्रशासन और पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया है। हादसे की जांच शुरू हो गई है। इस घटना से लोकल सेवा भी प्रभावित हुई है।

### मुंबई की सभी लोकल ट्रेनों में लगेंगे ऑटोमेटिक दरवाजे

कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी रेकों में स्वचालित दरवाज़ा बंद करने की सुविधा होगी। सेवा में मौजूद सभी रेकों को फिर से डिज़ाइन किया जाएगा और मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के इन रेकों में दरवाज़ा बंद करने की सुविधा प्रदान की जाएगी। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में सोमवार को चलती ट्रेन से कई यात्रियों के गिर जाने से चार लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए, जिसके कुछ घंटों बाद रेलवे बोर्ड ने दो महत्वपूर्ण निर्णयों की घोषणा की। कार्यकारी निदेशक (सूचना एवं प्रचार) दिलीप कुमार ने कहा कि मुंबई उपनगरीय क्षेत्र के लिए निर्माणाधीन सभी रेकों में स्वचालित दरवाज़ा बंद करने की सुविधा होगी। सेवा में मौजूद सभी रेकों को फिर से डिज़ाइन किया जाएगा.

## अमेरिका में बिगड़े हालात सेना ने संभाला मोर्चा

**वाशिंगटन,9 जून।** ट्रंप ने सोशल साइट 'ट्रूथ सोशल' पर पोस्ट कर नैशनल गार्ड को बेहतरीन काम के लिए बधाई दी और कहा कि दंगाइयों को हम कुचल देंगे। ट्रंप ने अपने पोस्ट में मेयर कैरेन बैस और गवर्नर न्यूसम पर तंज कसते हुए कहा कि वे हालात नहीं संभाल पा रहे, ठीक वैसे ही जैसे जनवरी में लगी जानलेवा आग के दौरान हुआ था। अमेरिका का दूसरा सबसे बड़ा शहर लॉस एजेंलिस सड़कों पर उमड़ी भीड़ का उग्र प्रदर्शन, हाथ में मैक्सिकन झंडे, जबरदस्त तोड़फोड़ और आत्मस्वाह होती पुलिस की गाड़ियां। तस्वीरें बता रही हैं कि हालात गृह युद्ध जैसे हैं। लॉस एजेंलिस के डिटेंशन सेंटर के बाहर प्रदर्शनकारियों ने ट्रंप सरकार के खिलाफ धावा बोला। उसके बाद पिछले दो दिनों में हालात बद से बदतर ही हुए हैं। अब सेना और प्रदर्शनकारी आमने सामने हो चुके हैं। प्रदर्शनकारियों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए हैं। लोग गिरफ्तारी की नीतियों का विरोध कर रहे हैं।

## फ्रेंच ओपन चैम्पियन बने अल्कराज



**स्पोर्टस डेस्क.** फ्रेंच ओपन मेन्स सिंगल्स के फाइनल में स्पेन के कार्लोस अल्कराज ने इटली के सिनर को हरा कर लाल बजरी पर अपनी बादशाहत कायम कर ली है. अल्कराज ने हार के मुहाने से वापसी करते हुए दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी सिनर को 4-6, 6-7,4-7, 6-4,7-6,7-3, 7-6 ,10-2 से हराकर अपना पांचवां ग्रैंड स्लैम खिताब जीता. दोनों के बीच यह फाइनल पांच घंटे और 29 मिनट चला, जो ओपन एरा में सबसे लंबा चलने वाले फ्रेंच ओपन फाइनल है. दोनों के बीच यह मुकाबला इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गया है. 22 वर्षीय स्पैनियार्ड ने पांच ग्रैंड स्लैम फाइनल खेले हैं और सभी में उन्होंने जीत दर्ज की है.

# भेलवा तालाब की सफाई के लिए उमड़े लोग,हेजकटर से की झाड़ियों की कटाई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 जून।** नेहरू नगर भेलवा तालाब परिसर में क्रेज़ी 36, भारत विकास परिषद, हैप्पी ग्रुप के सदस्य जो वहां पर प्रतिदिन टहलने एवं योगाभ्यास करने आते हैं के द्वारा नगर निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के साथ सफाई अभियान चलाया गया। बड़े ही जोशोखरोश के साथ युवा वर्ग अपने हाथों में हेज कटर, कैंची, दाव, गड़ासा इत्यादि लेकर के चल रहे थे। उन्हें जो भी डाली झुकी हुई दिखती थी या पाथवे पर फैलने की संभावना थी, उसकी कटाई-छंटाई कर रहे थे। उनका कहना था कि वे लोग इस तालाब में टहलने आते हैं, गंदगी भी उन्हीं लोगों के बीच से होता है। सफाई भी वे लोग मिलकर कर तो सकते हैं। आयुक्त पाण्डेय स्वयं हेज कटर लेकर के झाड़ियों को काट रहे थे। इसके बाद वहां पर मनोरंजन के लिए रास्सा खींच प्रतियोगिता, योगाभ्यास, जुंबा, स्वच्छता अभियान पर परिचर्चा इत्यादि किया गया।

आयुक्त पाण्डेय ने उपस्थित लोगों से कहा कि एक अच्छी पहल है। अगर युवा वर्ग इसमें शामिल होते हैं तो लोगों के बीच अच्छा संदेश जाएगा। नगर निगम भिलाई के संसाधन सीमित हैं।सब लोग मिलकर ही सफाई कर सकते हैं। नगर निगम भिलाई द्वारा पब्लिक भागीदारी के लिए निविदा आमंत्रित किया गया है। जिसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति या संस्था अपने आसपास के गार्डन को गोद ले सकता है। इसके लिए उसे 1000 रु का डीडी आयुक्त नगर निगम भिलाई एवं 10000 रु एफडी जमा करना होगा। बाद में एफडी ब्याज के साथ संबंधित संस्था को वापस हो जाएगा। एक बार नगर निगम भिलाई द्वारा पूरे गार्डन को व्यवस्थित करके संबंधित संस्था को दे दिया जाएगा। अपने उद्यान की देखरेख करना, समय पर खोलना, समय पर बंद करना, आवश्यकता के अनुसार उसमें पानी डलवाना, यह सब कार्य उस संस्था को करना होगा। संस्था चाहे तो वहां पर अपना विज्ञापन बोर्ड, नाश्ते, चाय-पानी, दूध बिक्री इत्यादि की गुमटी लगा सकती है। नगर निगम भिलाई हर जगह कर्मचारी या चौकीदार नहीं रख रख सकता है। जब स्थानीय लोग सहयोग करेंगे तब और विकसित होगा। क्रेजी 36 ग्रुप के सदस्य हरीश मिश्रा ने बताया पहले हम लोग आते थे यहां पर जुंबा खेल-कूद, हंसी-मजाक मजाक करके चले जाते थे। आज नगर निगम के साथ मिलकर के जब हम लोग सफाई किए हैं तो अच्छा लगा।



# विधायक देवेंद्र यादव से नागरिकों ने की मुलाकात



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 जून।** भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव से मुलाकात के दौरान लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं और समाधान की उम्मीद जताई। विशेष रूप से बीईसी कंपनी के पूर्व कर्मचारियों ने विधायक यादव का सम्मान किया। वर्षों से ग्रेच्युटी जैसी लंबित राशि को लेकर संघर्ष कर रहे इन मजदूरों को हाल ही में सफलता मिली है। यूनियन की एकजुटता और सतत प्रयासों से उन्हें उनकी मेहनत का हक मिला। इस अवसर पर उन्होंने विधायक का धन्यवाद ज्ञापित किया और उनके समर्थन की सराहना की। विधायक देवेंद्र यादव ने कहा कि आज का दिन बड़े हर्ष का दिन है। यूनियन अध्यक्ष आदित्य सिंह के नेतृत्व में पूरे मजदूरों के हक की लड़ाई लड़ी गई और सफलता मिली है। खुर्सीपार क्षेत्र से आए कुछ नागरिकों ने विधायक को बताया कि उनके मकान सीवरेज निर्माण कार्य के चलते टूटने की स्थिति में हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई मुआवजा नहीं मिला है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन इस मुद्दे पर तत्काल कार्रवाई करे। विधायक देवेंद्र यादव ने शिकायतों को गंभीरता से सुना और आश्वस्त किया कि हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने बताया कि कल सोमवार को वे कलेक्टर कार्यालय जाकर विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर अधिकारियों से चर्चा करेंगे और आवश्यक कार्रवाई के लिए दबाव बनाएंगे। इस मुलाकात में लोगों की सक्रिय भागीदारी और जनप्रतिनिधि की संवेदनशीलता स्पष्ट रूप से देखने को मिली, जो लोकतंत्र की मजबूत बुनियाद को दर्शाती है। लोगों से मुलाकात करने के बाद भिलाई नगर विधायक हुडको क्षेत्र का दौरा करने के लिए पहुंचे। जहां उन्होंने क्षेत्र के लोगों से मुलाकात की। लोगों ने बताया कि उनके क्षेत्र में सीवरेज की बड़ी समस्या है।वर्षों से हुए इस समस्या से जूझ रहे हैं। बारिश के दिनों में सड़क और नाली का पानी लोगों के घरों में और गलियों में भर जाता है इसलिए लोगों को बड़ी परेशानी होती है। विधायक ने कहा कि वे चल रही शिवराज समस्या का निराकरण कराएंगे। इसके बाद विधायक मांगलिक भवन पहुंचे।

## एक नजर

### चाकू लेकर लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छावनी थाना अन्तर्गत होण्डा शो रूम के बगल से खण्डहर के पास धारदार चाकू लेकर लोगों को डरा धमकाने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है छावनी पुलिस ने बताया कि सूचना मिल ने पर तुरंत एक टीम को मौके पर पहुंची युवक की तलाशी लेने पर उसके कब्जे से चाकू बरामद हुआ। इस पर उसे हिरासत में लेकर लेकर थाना लाया गया, जहां पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम देवेन्द्र सोनकर पिता गजराज सोनकर निवासी टाटा लाइन सुर्या नगर फल मण्डी कैम्प 02 का रहने वाला बताया प्रकरण में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है।

### बैठक में कलेक्टर ने नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के निर्देश दिए

**कोरबा, 9 जून।** कलेक्टर अजीत वसंत की अध्यक्षता में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्ट्रेट के नवीन सभा कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री सिद्धार्थ तिवारी, अपर कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जेल अधीक्षक, लीड बैंक मैनेजर एवं उपसंचालक अभियोजन, लोक अभियोजक, अतिरिक्त लोक अभियोजक बैठक में उपस्थित रहे। बैठक में नवीन आपराधिक कानूनों के क्रियान्वयन के संबंध में कलेक्टर श्री वसंत द्वारा विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये गये- जिला कोरबा अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग में अन्य जिलों से स्थानांतरण पर आये डॉक्टर्स एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारियों को माननीय न्यायालय के अनुमति से वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से साक्ष्य के लिए उपस्थिति होने हेतु निर्देशित किया गया। तत्संबंध में सभी डॉक्टर को सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिये गये।

### एक्स ब्वायफ्रेंड ने लड़की पर चाकू से किया हमला,मां भी हुई घायल

**कोरबा, 9 जून।** गर्लफ्रेंड के ब्रेकअप कर लेने के बाद भी ब्वायफ्रेंड उसके पीछे पड़ा हुआ था। वह आए दिन घर पहुंचकर गाली गलौच व मारपीट करता था। उसकी करतूत से तंग आकर गलफ्रेंड अपनी मां के साथ ब्वायफ्रेंड के घर पहुंची। यह बात ब्वायफ्रेंड को नागवार गुजरी। उसने मारपीट करते हुए चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में नाबालिग गर्लफ्रेंड घायल हो गई। उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल कराया गया है। विडंबना तो यह है कि पुलिस ने घटनास्थल को कही और बताते हुए मारपीट की धारा के तहत जुर्म दर्ज किया है। यह पूरा मामला सिविल लाइन रामपुर थाना क्षेत्र की है। नाबालिग पीड़िता ने बताया कि वह पहले डिंगापुर रिक्शा पारा में परिवार के साथ रहती थी। इस दौरान उसकी पहचान बस्ती में ही रहने वाले राहुल सारथी से हुई। उसका आना जाना घर में लगा रहता था।

### ब्रिक्स संसदीय फोरम में हिस्सा लेकर लौटे सांसद

# पीएम मोदी ने भारत को विश्व पटल पर किया गौरवान्वित : विजय बघेल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 जून।** ब्रिक्स संसदीय फोरम में हिस्सा लेकर ब्राजील से लौटे सांसद विजय बघेल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व पटल पर भारत को गौरवान्वित किया है। ब्राजील की राजधानी से लौटे सांसद विजय बघेल ने वहां के अनुभव सुनाते हुए संवाददाताओं से कहा कि दुनिया के देशों के लोग भारत को बहुत सम्मानत की दृष्टि से देखते हैं और वहां की एम्बेसी में इसे लेकर पहले वाला नजरिया नहीं रह गया है।

अपने मजबूत इरादों और विकास तथा सुदृढ़ अर्थव्यवस्था को लेकर भारत ने देश-दुनिया में अपने नाम का जो डंका बजाया है वह देखने लायक है। विजय बघेल ने कहा कि यह सम्मेलन कई मायनों में खास रहा। विशेषकर आतंकवाद को लेकर जो चिंता व्यक्त की गयी और इसके खात्मे को लेकर भारत की इच्छाशक्ति की तारीफ हुई वह महत्वपूर्ण है। बघेल ने कहा कि महिला सशक्तिकरण को लेकर भी चर्चा हुयी। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के आशीर्वाद से सांसदों की 6 सदस्यीय टीम जिसमें 2 राज्यसभा से एवं 4 लोकसभा से शामिल थे उनमें उन्हें भी मौका मिला जोकि ऐतिहासिक क्षण था। ब्राजील को बहुत स्वच्छ व सुन्दर देश बताते हुए सांसद बघेल ने कहा कि वहां का विकास भी देखने लायक है। वर्तमान परिदृश्य में अंतराष्ट्रीय स्तर पर जो वातावरण चल रहा है उसकी ब्रिक्स देशों में खासी चर्चा है।

उन्होंने बताया कि वहां उनका विषय वर्तमान अंतर्राष्ट्रीय परिदृश्य में ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार को मजबूत करना था जिस पर उन्होंने बेहतर तरीके भारत का पक्ष रखा। डॉ सबरी रेड्डी ने अपने तीन सेशन महिलाओं के बारे में बहुत मजबूती से अपना पक्ष रखा। ब्रिक्स के 11 देशों के प्रतिनिधि इसमें भाग लिए जिसमे महिला सांसदों का सेशन भी अलग से चला। वहां के अम्बेसडर दिनेश भाटिया ने बातचीत के दौरान बताया की भारत का मान-सम्मान पहले जो हम लोग महसूस करते थे अब दस-ग्यारह सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्रा मोदी के नेतृत्व में बहुत बदला है। मोदी जी के नेतृत्व में भारत निरंतर हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है, सशक्त हो रहा है और खासकर महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक प्रकार के जो आयाम तय कर रहे हैं उससे छवि पहले की अपेक्षा काफी अच्छी हो गयी है। सांसद विजय बघेल ने बताया कि कश्मीर में पहलगाम में घटी घटना में दो महिला ऑफिसरों ने जिस साहस एवं शक्ति से आतंकवादियों के अड्डे पर अचूक वार करके नेस्तनाबूद किया, उसकी भी ब्रिक्स की सामान्य चर्चा में सराहना हुई।



भारतवर्ष की आर्थिक दृष्टि हो रही मजबूती एवं दुनिया की चौथी अर्थव्यवस्था वाला देश बनने को लेकर भी खूब सराहना हो रही है। सभी देशों ने आतंकवाद के खात्मे को लेकर प्रतिबद्धता जताई। महंगाई को सिरे से ख़ारिज करते हुई विजय बघेल ने कहा कि अन्य देशों से हमारी स्थिति बेहतर है। भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने किया। प्रतिनिधिमंडल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश, राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नगर, लोकसभा सांसद विजय बघेल, लोकसभा सांसद विवेक ठाकुर, लोकसभा सांसद डॉ. शबरी रेड्डी, लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह, राज्यसभा महासचिव पी.सी. मोदी, तथा लोकसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी सम्मिलित थे। विजय बघेल ने बताया की आतंकवाद के विरुद्ध भारत के दृढ़ और स्पष्ट नीति को गंभीरता से स्वीकार किया गया. भारत ने सभी प्रकार के आतंकी हमले की कठोर निंदा की है. यहाँ आने पर विजय बघेल का धूमधाम से स्वागत किया गया।

## राज्य स्तरीय लोक वाद्य कार्यशाला जारी



**भिलाई, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य स्तरीय दस दिवसीय लोक वाद्य कार्यशाला शिविर संग्रहालय परिसर कुहुकी कला ग्राम मरोदा सेक्टर मैत्री बाग चौक के बाजू में जारी है। विगत 20 वर्ष से हर वर्ष होने वाले इस शिविर में छत्तीसगढ़ अंचल के दूर-दराज से आए कलाकार न सिर्फअपनी कलाकृतियों और वाद्य यंत्रों का निर्माण करते रहे हैं बल्कि एक दूसरे की कला को सीखते रहे हैं। वहीं आगंतुक भी अपनी आंखों के सामने बनते वाद्य यंत्र व कलाकृतियां देख मंत्रमुग्ध हैं।

# साय सरकार में हर गरीब के पक्के मकान का सपना हो रहा साकार : प्रणव शर्मा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई 9 जून।** छत्तीसगढ़ राज्य में भाजपा के विष्णु देव साय सरकार में गरीबों का सपना सरकार होते दिखाई दे रहा है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में क्रियान्वयन से आज हर गरीब के पक्के मकान का सपना साकार हो रहा हैं, इसी परिपेक्ष में समाजसेवी शिक्षाविद व सभापति प्रणव शर्मा ने अपने गृह ग्राम घुघुवा(क) में पी एम आवास योजना के हितग्राहियों से भेंट मुलाकात कर मकान निर्माण के लिए प्राप्त किश्तो की जानकारी प्राप्त कर निर्माणाधीन मकानों का अवलोकन कर निरिक्षण किया व लोगों का हाल-चाल जाना।



# बीएसपी अधिकारी के घर से सोने-चांदी के जेवर पार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 9 जून।** भिलाई उतई थाना अंतर्गत उमरपोटी चंद्रनगर में बीएसपी अधिकारी के घर गृह प्रवेश की रात चोर ने दो महंगे मोबाइल और 8 लाख से अधिक के सोने के जेवर चोरी कर ले गया। उतई पुलिस मामला दर्ज आरोपियों की तलाश कर रही है।

उतई पुलिस ने बताया कि शशि कुमार उपाध्याय दल्ली राजहरा माइंस में माइंस कंट्रोलर के पद पर पदस्थ है। उन्होंने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वे उमरपोटी चंद्रनगर में नया मकान बनवाया है उसके घर में गृह प्रवेश कार्यक्रम था। कार्यक्रम में दूर से और आसपास के काफी मेहमान आए थे। कार्यक्रम रात 9 बजे तक समाप्त हो गया। इसके बाद वे लोग परिवार के साथ रात 1 बजे तक जागते हुए बात कर रहे थे। इसके बाद सभी लोग देर रात 1 बजे सो गये सुबह 4 बजे उनका भांजा मयंक मिश्रा उठा तो देखा कि घर का मेन गेट खुला हुआ है।

उसने बाहर जाकर देखा तो एक बैग पड़ा हुआ था। बैग का सारा समान बिखरा हुआ था। यह देख मयंक घबरा गया और घर के बाकी लोगों को भी जगाने अंदर गया। जब शशि उपाध्याय और बाकी घर के लोग जागे और देखा मेन गेट में जो जालीदार दरवाजा लगा है उसकी जाली कटी हुई है।

उन्होंने तुरंत घर के अंदर जाकर अपना सामान चेक किया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। शशि उपाध्याय के वन प्लस नार्ड और उनकी बेटी का आई फोन और भांजे का सैंमसंग कंपनी का मोबाइल गायब था। शशि की पत्नी रीता उपाध्याय ने अपना ट्राली बैग चेक किया जिसमें से उनके सोने का हार और चेन गायब था। आसपास पता करने पर भी जब उसका कहीं पता नहीं चला तो उन्होंने उतई थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई।



## उर्स पाक में शामिल हुए जायरीन, चादरपोशी के साथ हुआ लंगर



**भिलाई, 9 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** ताज दरबार कैंप एक भिलाई में इस वर्ष हजरत नानी अम्मा रहमतुल्ला अलैहि का 19 वां उर्स पाक पूरी शानो शौकत के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी सैकड़ों की संख्या में जायरीन शामिल हुए और उन्होंने चादरपोशी की रस्म अदा की। लोगों ने खैर और बरकत की दुआएं मांगी बाद इसके फ़ातिहा ख्वानी की गई। जिसमें सैकड़ो की तादाद में लोगों ने लंगर में भागीदारी दी। ताज दरबार की खिदमत गुज़ार एवं हज़रत नानी अम्मा कल्याण समिति की अध्यक्षा हज्जन बदरुन्निसा ताजी एवं गद्दी नशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की।

## महत्वपूर्ण निर्माण कार्य को उप अभियंता उपस्थित होकर पूर्ण कराएं : त्रिपाठी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 9 जून।** जिला पंचायत सीईओं अजय कुमार त्रिपाठी ने जिला पंचायत के सभाकक्ष में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण सहित अन्य विभागीय योजनाओं के निर्माण कार्यो की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी उप अभियंता एवं तकनीकी सहायकों को निर्देशित करते हुए कहा कि सीसी रोड निर्माण में सीसी की ढलाई, भवन निर्माण में स्लैब की ढलाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य इंजीनियर मौके पर उपस्थित होकर अपनी निगरानी में पूर्ण कराए। उन्होंने कार्य को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। मैदानी कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते गए वह कहा कि कार्य तकनीकी प्राक्कलन में दिए विवरण अनुसार पूर्ण कराए। उन्होंने सख्त निर्देशित करते हुए कहा कि तकनीकी स्वीकृति से अलग कार्य करने पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।जिला पंचायत सीईओं अजय त्रिपाठी ने बैठक में उपस्थित सभी अनुविभागीय अधिकारी ग्रामीण यात्रीकी सेवा को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने क्षेत्र के ग्राम पंचायतो का सतत निरीक्षण करें। अप्रारंभ कार्यों को तत्काल लेआउट देकर प्रारंभ करें एवं जो कार्य पूर्णता की स्थिति में है उसे पूरा करते हुए जिला पंचायत में उपयोगिता एवं कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। सीसी रोड निर्माण के दौरान रास्ते के किनारे मुरूम या मिट्टी जो तकनीकी स्वीकृति में दर्ज हो उसके अनुसार फीलिंग करते हुए इसके सोल्डरिंग करने के निर्देश दिए गए। बैठक में बताया गया कि मुख्यमंत्री समग्र ग्रामीण विकास योजना अंतर्गत कुल 942 अनुशंसित कार्य होना पाया गया जिसकी लागत राशि 43 करोड़ 86 लाख 53 हजार रुपए है। जिसमें से 859 कार्य स्वीकृत करते हुए 342 कार्य पूर्ण होना बताया गया 142 कार्य प्रगति पर एवं 375 कार्य अप्रारंभ है।



## कार्यशाला में वरिष्ठ आरक्षकों को अनुसंधान की जानकारी दी गई



वरिष्ठ आरक्षकों की अनुसंधान संबंधी प्रक्षिक्षण सह-कार्यशाला का सेक्टर-6 भिलाई नगर में आयोजित किया। इसमें व्यख्याता वरिष्ठ वैज्ञानिक तकनीकि अधिकारी एफ एस.एल. भिलाई, डॉ. मोहन पटेल, अजीत यादव सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक एवं राकेश जोश सेवानिवृत्त उप पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रथम सूचना पत्र लेख करने से लेकर न्यायालय में चलान पेश करने तक के मुख्य उद्देश्य की बारीकियों को समझाते हुए छोटे-छोटे प्रकरणों को बी.एन.एस की धारा में कार्रवाई किये जाने हेतु तथा मारपीट के प्रकरण, साधारण चोट, गंभीर चोट एवं प्राण घातक चोट की प्रारंभिक जानकारी, प्रकार सूचना की प्राप्ति तथा प्रथम सूचना पत्र लिखने का प्रशिक्षण तथा सड़क दुर्घटना के प्रकरण, घायल का मृत्यु के प्रकरण के संबंध में विस्तार से प्रक्षिक्षण दिया गया प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा आयोजित की। इसमें प्रथम स्थान आरक्षक तोषण चन्द्राकर, थाना भिलाई नगर, द्वितीय स्थान आरक्षक रवि कुमार विसाई, थाना-नेवई एवं तृतीय स्थान आरक्षक अभिमन्यु सिंह, थाना भिलाई नगर प्राप्त करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल ने पुरूस्कृत किया गया एवं उप निरीक्षक संकल्प राय को मोमेंटो भेंट किया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) सुखनंदन राठौर , डीएसपी लाइन , चंद्र प्रकाश तिवारी , रक्षित निरीक्षक दुर्ग एवं अधिकारी नीलकंठ वर्मा कर्मचारी उपस्थित थे।

### जामुल में किया गया वृहद पौधरोपण, अडानी ग्रुप ने संरक्षण का दिया आश्वासन

# पर्यावरण का संरक्षण प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी:रेखराम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जामुल, 9 जून।** भाजपा जामुल मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता के नेतृत्व में तर्पण सेवा समिति के साथ वृहद पौधरोपण का कार्यक्रम शिवपुरी वार्ड 17 में सम्पन्न हुआ। इस कार्यक्रम में लगभग 200 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष रेखराम बंछोर ने की। पूर्व पालिका अध्यक्ष व भाजपा जिला उपाध्यक्ष बंछोर ने जानकारी देते हुए बताया कि यह कार्यक्रम पर्यावरण के प्रति सभी संघठनों का समर्पण रहा जिसमे न सिर्फ भाजपा बल्कि आम नागरिकगण, तर्पण सेवा समिति, योगा समिति, व्यपारी संघ आदि का मुख्य योगदान रहा जो किसी भी कार्यक्रम की सफलता का प्रमाण है। रेखराम ने अपनी बात रखते हुए इस कार्यक्रम के लिए पर्यावरण के प्रति समर्पित लोगों की सराहना की। बतौर मुख्य अतिथि विधायक राजमहन्त डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, भाजपा जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन, जिला महामंत्री बिजेंद्र सिंह उपस्थित रहे। अति विशिष्ट अतिथि एसीसी अडानी ग्रुप के प्लांट हेड सुदीप्ता मंडल, एचआर हेड रमेश, विशिष्ट अतिथि पालिकाध्यक्ष ईश्वर सिंह ठाकुर, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी, वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर यशवंत सिंह, प्रदेश समिति महिला मोर्चा सदस्य कविता बिस्वाल उपस्थित रहे। अडानी एसीसी ग्रुप के अधिकारी सुदीप्ता मंडल ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बताते हुए आश्वासन दिया कि अडानी ग्रुप इस नेक कार्य के लिए हर सम्भव पौधे को विराट रूप के लिए प्रयास करेगी जिसमे पौधे के संरक्षण के लिए घेरा और जीवित रखने के लिए पानी की व्यवस्था किया जा सके। पालिका अध्यक्ष ठाकुर ने बधाई देते हुए अपनी जिम्मेदारी निभाने की बात कही। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीमा बक्शी में भी नगर के विकास और धरती माँ के संरक्षण के लिए हर संभव करने का विश्वास दिलाया।

मंडल अध्यक्ष प्रशांत बंटी गुप्ता ने संयोजक नूतन वर्मा और समिति के अध्यक्ष सरस बर्मन के प्रयास से पौधरोपण के लिए बधाई दी। इस मौके पर भाजपा नेता ठाकुर यशवंत सिंह, वरिष्ठ पार्षद दीपक गुप्ता, पार्षद चुम्मन वर्मा, पार्षद रामदुलार साहू, पार्षद सीमा यादव, पार्षद के राजू, पूर्व पार्षद मेघनाथ साहू, सांसद प्रतिनिधि हलधर साहू, हेमंत देवांगन, जोगेश्वर सोनी, संजय शर्मा, ठाकुर आकाश सिंह, शारदा गुप्ता, तुषार देवांगन, जितेंद्र साहू, दीपक सिंह, अरुण यादव, सुभाष पांचाल, संजय यादव, राकेश वर्मा, विजय राव, ओमप्रकाश साहू, सोनू यादव, अश्वनी यादव, दौवा राम ठाकुर, रामचंद्र साहू, ऋषभ बंछोर, लेखराम पाल, योगिता साहू, बी आर रामटेके, लक्ष्मी नारायण क्षत्रिय, अँजेश अग्रवाल, शत्रुघ्न साहू, उमेश साहू वरिष्ठजन उपस्थित थे।



# सीएम ने आईआईएम रायपुर परिसर में किया सुशासन वाटिका का शुभारंभ

■ मुख्यमंत्री ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सुशासन वाटिका में किया मौलश्री के पौधे का रोपण

**रायपुर, 09 जून।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज यहां भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर में आयोजित चिंतन शिविर 2.0 के पहले दिन की शाम आईआईएम परिसर में सुशासन वाटिका का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री साय ने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ सुशासन वाटिका में मौलश्री के पौधे का रोपण किया।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के साथ सुशासन वाटिका में उपमुख्यमंत्री अरुण साव व विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, वित्त ओपी चौधरी, उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन, कृषि मंत्री राम विचार नेताम, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े, मुख्यमंत्री के सचिव राहुल भगत,



आईआईएम रायपुर के निदेशक प्रो. राम कुमार कांकाणी ने भी मौलका पौधा लगाया।

## मौलश्री वृक्ष की विशेषताएं

मौलश्री एक सुगंधित फूलों वाला वृक्ष है जो भारतीय उपमहाद्वीप, दक्षिण एशिया और दक्षिण-पूर्व एशिया में पाया जाता है। यह एक सदाबहार वृक्ष है जो सामान्यतः 10-15 मीटर तक ऊँचा होता है।

इस के फूल छोटे, सफेद या हल्के पीले रंग के, अत्यंत सुगंधित होते हैं। रात के समय इनकी महक और भी तेज होती है। मौलश्री वृक्ष के औषधीय गुण भी होते हैं और इसका उपयोग कई तरह की समस्याओं के इलाज के लिए किया जाता है। पारंपरिक रूप से इसे मंदिरों के आसपास और घरों के आंगन में लगाया जाता रहा है।

## एक नजर

### ग्राम बरछाटोला में 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन



**छुरिया, 9 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव जिला पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत झिथराटोला के आश्रित ग्राम-बरछाटोला में 10 लाख रुपए के विकास कार्यों का जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने भूमि पूजन किया जिसमें 5.00 लाख रुपए की लागत से पिछड़ा वर्ग प्राधिकरण से सी.सी रोड का निर्माण व 5.00 लाख रुपए की राशि से जिला पंचायत विकास निधि से नाली का निर्माण किया जायेगा। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय का सुशासन है।और सुशासन के माध्यम से हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश संवर रहा है। आज ग्राम बरछाटोला में 10 लाख रुपए के लागत से विभिन्न कार्य का भूमिपूजन किया गया है। निश्चित रूप से हम सभी के सहयोग से गांव व क्षेत्र को संवारने का काम करेंगे। विष्णु देव साय जी के नेतृत्व वाली कुशल नेतृत्व वाली सरकार में गांव के विकास में कोई कमी नहीं आयेगी।यह निर्माण के पुरा होने से ग्रामवासियों व वार्ड वासियों को इसका लाभ मिलेगा।इस अवसर पर जनपद सदस्य उत्तरा निषाद,हेमंत कुमार साहू सरपंच, डरेंद्र कुमार, मुरारी पाल, डूजान कोषमा, छबील वर्मा, गीता बाई, खम्मन वर्मा, मानसिंह वर्मा, हिरेंद्र वर्मा, बिरेन्द्र वर्मा, मोतीराम पाल समेत ग्रामवासी उपस्थित थे।

### चिन्तन शिविर 2.0: सीएम सहित मंत्रियों ने सीखे बेहतर वित्तीय प्रबंधन के गुर

**रायपुर, 9 जून।** आईआईएम रायपुर में आयोजित चिंतन शिविर 2.0 के पोस्ट लंच सत्र में आज आईआईएम अहमदाबाद के प्रोफेसर डॉ रविंद्र ढोलकिया ने %सब्सिडी से सततता ~ विकास के लिए सार्वजनिक वित्त पर पुनर्विचार% विषय पर प्रेजेंटेशन दिया। उन्होंने वित्तीय प्रबंधन, संसाधनों के बेहतर उपयोग, संसाधन जुटाने के लिए आवश्यक कदम, रेवेन्यू कलेक्शन जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अच्छी विकास दर हासिल करने के लिए पूंजीगत व्यय बढ़ाना आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय सहित सभी मंत्रीगण, मुख्यमंत्री के सचिव श्री राहुल भगत, सुशासन एवं अभिसरण विभाग के विशेष सचिव श्री रजत बंसल, भारतीय प्रबंध संस्थान रायपुर के निदेशक श्री राम काकाणी उपस्थित थे।

### कबीर जंयती पर 11 जून को मटन मार्केट बंद रहेगा

**राजनांदगांव 9 जून।** राज्य शासन के निर्देशानुसार कबीर जयंती के उपलक्ष्य में 11 जून दिन बुधवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दिवस पर पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।

आयुक्त विश्वकर्मा ने स्वास्थ्य विभाग से कहा कि उक्त दिवस पर मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त करने एवं संबंधित के विरूद्ध यथोचित कानूनी कार्यवाही करते हुये 5 हजार रूपये तक जुर्माना वसूल करे। उन्होंने समस्त स्वच्छता निरीक्षकों को उक्त दिवस को अपने अपने क्षेत्र में पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिये है।

### कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने त्रिनेत्र योजना में सहयोग करने की अपील की

**राजनांदगांव 09 जून।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने आज जिला कार्यालय के कलेक्टर कक्ष में त्रिनेत्र योजना के संबंध में संयुक्त बैठक ली।

शहर की सुरक्षा के दृष्टिगत जिले में जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा जनसहभागिता से जनप्रतिनिधि, चेम्बर ऑफ कामर्स, समाज प्रमुख, संगठन, व्यापारी संघ, समाज सेवी, गणमान्य नागरिकों द्वारा प्रोजेक्ट त्रिनेत्र अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा लगाने की अनोखी पहल की गई है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे एवं पुलिस अधीक्षक श्री मोहित गर्ग ने सभी राईस मिलर्स, स्कूल-कालेज, उद्योगपति, हॉस्पिटल, बिल्डिर्स, होटल, बैंकर्स एवं नागरिकों से त्रिनेत्र योजना में सहयोग देने के लिए आह्वान किया है। कलेक्टर ने कहा कि एक जुलाई तक प्रथम चरण में त्रिनेत्र योजना अंतर्गत सीसीटीवी कैमरा एवं सर्वर जोड़कर प्रारंभ कर दिया जाएगा।

इसमें सहयोग करने वाली संस्थाएं सामग्री की गुणवत्ता की जानकारी कंट्रोल रूम आकर देख सकते हैं।

# अटल निर्माण वर्ष में सुशासन की नई ऊंचाइयां छूने को तैयार छत्तीसगढ़:साय

**रायपुर, 9 जून।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में आज नवा रायपुर के भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) में दो दिवसीय चिंतन शिविर 2.0 का शुभारंभ हुआ। सुशासन एवं अभिसरण विभाग और आईआईएम रायपुर के सहयोग से आयोजित इस शिविर में उपमुख्यमंत्री श्री अरुण साव, श्री विजय शर्मा, मंत्रिमंडल के सदस्य, सांसद, विधायक और प्रबुद्धजन शामिल हुए। इस मंच का उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता बढ़ाना, अंतर-क्षेत्रीय समन्वय को सशक्त करना और जनकल्याण के लिए परिवर्तनकारी दृष्टिकोण विकसित करना है।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि यह शिविर आत्मनिरीक्षण और ज्ञान के आदान-प्रदान का अनूठा अवसर है, जो छत्तीसगढ़ को सुशासन के नए आयामों तक ले जाएगा। उन्होंने पिछले चिंतन शिविर से प्राप्त सुझावों को लागू कर आम जनता के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने की बात कही। श्री साय ने बताया कि डेढ़ वर्षों में 350 से अधिक प्रशासनिक सुधार किए गए, जिनमें ई-ऑफिस प्रणाली ने फाइलों के मैनुअल ढेर को समाप्त कर जवाबदेही और पारदर्शिता सुनिश्चित की है। अब फाइलें ऑनलाइन मूव होती हैं, और हर कार्य की समय-सीमा निर्धारित है, जिससे भ्रष्टाचार की गुंजाइश खत्म हुई है।



छत्तीसगढ़ के रजत जयंती वर्ष को अटल निर्माण वर्ष के रूप में मनाते हुए मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी को श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि अटल जी के सुशासन के सिद्धांतों को धरातल पर उतारना इस वर्ष का मुख्य लक्ष्य है। डिजिटल गवर्नेंस को अपनाकर रजिस्ट्री प्रक्रिया को सरल बनाया गया है, जिसमें अब घर बैठे मिनटों में रजिस्ट्री और स्वतः नामांतरण हो रहा है। यह तकनीकी नवाचार भ्रष्टाचार को समाप्त करने की दिशा में क्रांतिकारी कदम है।

नई उद्योग नीति के तहत सिंगल विंडो सिस्टम 2.0 और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस ने निवेश को प्रोत्साहन दिया है। खनिज संसाधनों से समृद्ध छत्तीसगढ़ में कोर सेक्टर की अपार संभावनाओं को देखते हुए विशेष अनुदान की व्यवस्था की गई है। पर्यटन को उद्योग का दर्जा देकर और होम स्टे उद्यमियों के लिए अनुदान शुरू कर प्राकृतिक सौंदर्य को आर्थिक अवसरों में बदला जा रहा है। इसके अलावा, एआई और क्लाइमेट चेंज से जुड़े उद्यमों को प्रोत्साहन, नवा रायपुर में देश का पहला एआई डाटा सेंटर पार्क और सेमीकंडक्टर यूनिट का शुभारंभ छत्तीसगढ़ को तकनीकी क्रांति का अग्रदूत बना रहा है। शिविर में 'प्रथम दिवस परिवर्तनकारी नेतृत्व और दूरदर्शी शासन', 'संस्कृति, सुशासन और राष्ट्र निर्माण' और 'सक्षमता से सततता तक~ सार्वजनिक वित्त पर पुनर्विचार' जैसे विषयों पर सत्र आयोजित किए गए। डॉ. विनय सहस्त्रबुद्धे, प्रो. हिमांशु राय, डॉ. रविंद्र ढोलकिया, श्री संजीव सान्याल, उदय माहुरकर और डॉ. राजेंद्र प्रताप गुप्ता जैसे प्रख्यात विशेषज्ञ अपने विचार साझा किए।

### युक्तियुक्तकरण में गड़बड़ियों की लंबी लिस्ट

## काउंसिलिंग प्रकिया से पहले वरिष्ठ को कनिष्ठ बताकर डाला अतिशेष सूची में

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**मोहला-मानपुर-चौकी, 9 जून।** शिक्षा व्यवस्था सुधारने पुरे प्रदेश युक्तियुक्तकरण किया जा रहा है..... एकलशिक्षकीय और शिक्षकविहीन स्कूलों में शिक्षकों की पूर्ति और कम दर्ज़ संख्या वाले स्कूलों को मर्ज कर शिक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार और विभाग पूरी तैयारी कर अपने कार्य में लग गई है....! लेकिन दूसरी तरफ अतिशेष शिक्षकों की सूची बनाने तथा रिक्त पदों की जानकारी छुपाने सहित कई गड़बड़ियां सामने आ रही है इसको लेकर कांग्रेस ने सरकार और शिक्षा विभाग पर गंभीर आरोप लगाया है, मोहला मानपुर जिले में कांग्रेस ने प्रेसवार्ता कर सरकार और शिक्षा विभाग पर आरोप लगाकर कई गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़े कर दिए हैं! प्रेसवार्ता में प्रभारी रहे भुनेश्वर बघेल ने सरकार को घेरते हुए मोहला मानपुर विधायक विधायक इंद्र शाह मंडावी ने काउंसलिंग को लेकर सवाल उठाया है, श्री मंडावी ने कहा की काउंसलिंग प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं हुई है और न ही रिक्त पदो को दर्शाया गया साथ ही कनिष्ठ और वरिष्ठ शिक्षकों की वरिष्ठता देखा गया,जो कनिष्ठ है उन्हें वरिष्ठता क्रम में ऊपर रखकर वरिष्ठों को पीछे किया गया है। यह न केवल अपारदर्शिता को उजागर करता है, बल्कि समूची काउंसलिंग प्रक्रिया की निष्पक्षता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया में जिला कलेक्टर को विशेष अधिकार होते हुए भी यह निर्णय शिक्षकों के पारिवारिक, सामाजिक और स्वास्थ्यगत आवश्यकताओं की अनदेखी करता है।




## कर्ज देने वालें को बलात्कार के झूठे मामले में फंसा देने की धमकी

■ प्रार्थी ने की एसपी से शिकायत

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 9 जून।** शहर के शांति नगर निवासी राणा परवीन गजभिए ने दो महिलाओं के खिलाफ एसपी से शिकायत की है। शिकायत में उन्होंने कहा कि उन महिलाओं को 5~50 लाख रुपए उधार दिया था। जिसमें से 92 हजार उन्होंने लौटा दी है। शेष राशि मांगने पर बलात्कार के झूठे मामले में फंसा देने की धमकी दी जा रही है। शिकायतकर्ता ने उन महिलाओं से राशि वापस दिलाने की मांग करते हुए आरोपी महिलाओं के खिलाफ आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। एसपी की शिकायत में संबंधित थाना पुलिस की भूमिका पर भी सवाल उठाया गया है। गजभिए ने बताया कि मेरे द्वारा आरोपीगण को उधार स्वरूप 5,50,000/- रूपये प्रदान किया था, जिसमें से आरोपीगण द्वारा मुझे 92,000/- रूपये वापस 05 जनवरी 2025 को प्रदान किया गया तथा शेष राशि की मांग हेतु मेरे द्वारा आरोपीगण जो कि बसंतपुर चिकित्सालय में किसी कार्य से आये हुये थे, मैनें आरोपीगण से शेष राशि की मांग किया तो आरोपीगण द्वारा मुझे माँ बहन की गंदी-गंदी गाली गलौज कर उक्त शेष रकम को वापस नही करेंगे, तुमको जो करना है, कर लो, हम लोग महिला है, तुम्हे झूठे बलात्कार केस में फंसा कर जेल भिजवा देंगे। इस तरह आरोपीगण मुझसे प्राप्त रकम को वापस नही कर रहे है एवं धमकी दे रहे है कि, तुम्हे झूठे मामले में फंसाकर जेल भेज देंगे।

# मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर विविध कार्यक्रमों का होगा आयोजन

■ आयोजन की सफलता के लिए प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव, 9 जून।** केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार के 11 साल संकल्प से सिद्धि तक पूरे होने के उपलक्ष में भाजपा अनेक रचनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने जा रही है। इसी कड़ी में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख के नेतृत्व में विविध कार्यक्रम आयोजित किया जाना सुनिश्चित हुआ है। कार्यक्रमों की सफलता के लिए जनाब शेख ने एक प्रभारी व तीन सह प्रभारी की नियुक्ति की हैं। प्रेस को जारी बयान में भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष मोहम्मद इरफान शेख ने बताया कि मोदी सरकार की सफलता से भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बहुत खुश है। लंबी अवधि तक शासन चलाने के लिए मोदी सरकार को बधाई देते हुए जनाब शेख ने कहा कि देश की जनता का भरोसा कांग्रेस पर से उठ चुका है। अब जनता बार-बार भाजपा सहित राजग को सुनना चाहती है। मोदी सरकार के 11 साल पूरे होने पर आयोजित होने वाले विभिन्न रचनात्मक कार्यक्रम के लिए मोहम्मद इरफान शेख ने मोर्चा के जिला महामंत्री जहीर अब्बास को प्रभारी नियुक्त किया है उनके साथ ही हैरी जोसेफ और असलम खान दोनों जिला उपाध्यक्ष को सह प्रभारी बनाया गया है इनके अलावा मोर्चा के दक्षिण मंडल अध्यक्ष नदीम बडगूजर को भी सह प्रभारी नियुक्त किया है। जनाब शेख ने भरोसा जताया है कि इन चारों के प्रभार में सभी कार्यक्रम पूरी तरह सफल होकर रहेंगे। जनाब शेख ने बताया कि उनकी नियुक्ति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शकील अहमद और राष्ट्रीय अध्यक्ष जमाल सिद्दीकी के निर्देशानुसार की गई है।

## पारदर्शिता,जवाबदेही और सेवा की भावना से जुड़ा है विष्णु का सुशासन तिहार: सिन्हा

**छुरिया, 9 जून।** छुरिया विकासखंड में राज्य सरकार के मंशानुरूप 118 ग्रामपंचायतों को 10 कलस्टर में विभाजन कर सुशासन तिहार संपन्न कराया गया,सभी शिविरों में छुरिया जनपद पंचायत के युवा ऊर्जावान अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने आमजनों को मंच के माध्यम से सीधे सरकार की योजनाओं की जानकारी व एक एक आवेदन जो सुशासन तिहार में प्राप्त हुए थे उनकी समीक्षा करते हुए शत प्रतिशत निराकरण करने हेतु पूर्ण प्रयास किए है,श्री सिन्हा ने आगे बताया कि छत्तीसगढ़ में हमारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सरकार ने जो करके दिखाया है,वह प्रशासनिक प्रणाली में जनभागीदारी और जवाबदेही का सबसे सशक्त उदाहरण बनकर उभरा है । ÷÷सुशासन तिहार 2025÷÷ सिर्फ एक अभियान ही नहीं सरकार की सोच उनकी कार्यप्रणाली और संवेदनशीलता का परिचायक बना है । इस महाअभियान ने यह सिद्ध किया कि यदि शीर्ष नेतृत्व ईमानदार और सक्रिय हो,तो प्रशासन गांव गांव जाकर जनता के जीवन में बदलाव ला सकता है।



## चालान काटा, पैसे लिए, दो महीने बाद भी रसीद नहीं दी

**रायपुर, 9 जून।** रेल मंडल के एक पोस्ट ने अपने पोस्ट के नाम के अनुरूप ही एक कारनामा किया. उन्हें संभवत~ उम्मीद होगी कि मीडिया और उच्च अधिकारियों तक इस कारनामे की जानकारी नहीं पहुंचेगी. लेकिन मामले की पोल खुल गई है. डीएससी ऑफिस से जुड़े एक उच्च पदस्थ सूत्र ने नाम न छापने की शर्त पर ये जानकारी दी है कि उक्त पोस्ट में 2 महीने पहले 147 के केस के नाम पर बड़ा खेल किया गया. जिसकी जानकारी अब आरपीएफ कमांडेंट तक पहुंच गई है. हुआ कुछ यूं कि एक स्कूल के कुछ स्टॉफ डब्ल्यूआरएस कॉलोनी में पोस्टर चिपका रहे थे. साहब के आदेश पर उन्हें पकड़ा गया और चालानी कार्रवाई के नाम पर पैसे लिए गए. उन्हें ये कहा गया कि जो पैसे लिए है उसकी रसीद उन्हें दी जाएगी.

# शंकराचार्य सिंधी समाज की गो सेवा संबंधी पुस्तिका का विमोचन 11 जून को करेंगे

**रायपुर, 9 जून।** मसन्द सेवाश्रम रायपुर छत्तीसगढ़ के पीठाधीश, सिंधी समाज के विख्यात संत पूज्य साईं जलकुमार मसन्द साहिब द्वारा देश विदेश में बसे सिंधी समाज के गो सेवा अभियान से जुड़ने के सम्बन्ध में एक पुस्तिका प्रकाशित कराई गई है। पुस्तिका का विमोचन ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती जी महाराज 11 जून को वाराणसी में करेंगे। साईं मसन्द साहिब 9 जून को इस सम्बन्ध में वाराणसी पहुंच गए हैं। साईं मसन्द साहिब ज्योतिर्मठ के शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामीश्री अविमुक्तेश्वरानन्द महाराज के नेतृत्व में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय हिन्दू संगठन परम धर्म संसद 1008 के संगठन मंत्री भी हैं। भारत सहित विश्व के 108 देशों की कुल 1008 धार्मिक एवं सामाजिक प्रतिभाएं इस संगठन में शामिल हैं। संगठन भारत के पूज्यपाद चारों शंकराचार्यों के मार्गदर्शन में पिछले तीन वर्षों से गौमाता को राष्ट्रमाता स्वीकार किये जाने हेतु गो सेवा अभियान चला रहा है। साईं मसन्द साहिब जी ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वाराणसी सिंधी समाज की समस्त पूज्य सिंधी पंचायतों, धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों के सभी प्रमुख पदाधिकारियों तथा अन्य वरिष्ठ नागरिकों को विशेष आमंत्रित किया गया है। इस अवसर पर ये सब पूज्यपाद शंकराचार्य महाराज जी का भावभीना सम्मान करेंगे। इनके अलावा शंकराचार्य महाराज जी से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के प्रमुखों को भी इस अवसर पर विशेष उपस्थित होने का अनुरोध किया गया है।



## समाचार संक्षेप

### पुलिस ने पशु क्रूरता के लंबित स्थायी वारंट तामिल करने टीम गठित की

**डोंगरगढ़, 9 जून।** पुलिस अधीक्षक महोदय मोहित गर्ग, अति0पुलिस अधीक्षक महोदय राहुल देव शर्मा के दिशा निर्देश में एसडीआपी महोदय डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के द्वारा अनुविभागीय स्तर पर लंबित स्थायी वारंट तामिल करने हेतु थाना डोगरगढ़, बागनदी, बोरतलाव, छुरीया, ओपी चिचोला, ओपी मोहारा का एक स्पेशल टीम गठित किया गया हैं। जो गटिठ से टीम बनाकर आज दिनांक-08.06.2025 को महाराष्ट्र से थाना डोंगरगढ़ का अपराध क्रमांक-57/2007 धारा- 4,6 पशु क्रुरता अधिनियम के आरोपी जगरीश पिता हरदू कन्नोजिया उम्र 35 साल साकिन चिचटोला पिपरिया साल्हेवारा जिला गोदिया महाराष्ट्र नवासी को 18 साल से फरार चल रहे स्थायी वरंटी को तामिल किया गया है। उक्त कार्यवाही में सउनि विनोद वर्मा, प्र0आर0 1335 मनोज साहू, आर0 593 विक्रम चन्द्रवंशी, आर0 44 दिलीप बांधे, आर 310 मिलकन वाल्टर का विशेष योगदान रहा।




■ 18 साल से फरार स्थायी वारंट तामिली पर डोगरगढ़ पुलिस की बड़ी कार्रवाई

### महतारी वंदन योजना से महिलाओं का हो रहा अभिनंदन: किरण रविन्द्र वैष्णव



**छुरिया, 9 जून।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की विष्णु देव साय जी कुशल नेतृत्व वाली सरकार ने मोदी की गारंटी को पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना की शुरुआत की गई है।इस योजना तहत के 16 वी किश्त छत्तीसगढ़ के 69.30 लाख से अधिक महिलाओं को कुल 648.24 करोड़ रुपये की सहायता राशि उनके बैंक खाते में जमा कर दी गई है. यह योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए शुरू की गई थी। निश्चित रूप से महतारी वंदन योजना से राशि से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त हो रही है। महिलाओ छोटी छोटी जरूरतें हो पूरी हो रही है। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने कहा कि मातृ शक्ति के सशक्तिकरण के लिए विष्णु देव साय जी की सरकार प्रतिबद्ध है। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी व महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े जी के नेतृत्व में हर महीने 1000 रू की राशि डीबीटी के माध्यम से महिलाएं के खाते में पहुंच जाती है।साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक द्वारा हमारे विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में महतारी ऋण योजना की शुरुआत की गई है।जिससे जिन महिलाओं की महतारी वंदन की राशि ग्रामीण बैंक में जमा होती है।उन महिलाओं को 25000 हजार रुपए तक लोन भी मिल सकता है।

### गर्मी के मौसम में मूंगफली की खेती किसानों के लिए लाभदायक विकल्प



**रायपुर, 9 जून।** जशपुर जिले के किसान अब ग्रीष्मकालीन फसलों की ओर रुख कर खेती से अतिरिक्त आमदनी प्राप्त कर रहे हैं और इससे उनका जीवन स्तर भी बेहतर हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ दूरस्थ अंचल में निवासरत किसानों तक पहुंचाया जा रहा है। इसी क्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन (तिलहन) योजना के अंतर्गत जशपुर जिले के बगीचा विकासखण्ड के ग्राम दुर्गापारा निवासी किसान श्री गुरुनारायण को धान की पारंपरिक खेती के स्थान पर ग्रीष्मकालीन मूंगफली की फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कृषि विभाग द्वारा उन्हें निःशुल्क 20 किलोग्राम मूंगफली बीज प्रदान किया गया। किसान गुरुनारायण ने बताया कि उनके पास कुल 3.303 हेक्टेयर भूमि है, जिसमें वे पूर्व में खरीफ एवं रबी दोनों ही सीजन में धान की खेती करते थे। उन्होंने बताया कि धान की खेती में पानी की अधिक खपत होती थी और उत्पादन भी संतोषजनक नहीं मिल पाता था, जिससे लागत अधिक और मुनाफा सीमित रह जाता था। गुरुनारायण ने क्षेत्र के ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री रवि रोशन टोप्पो से संपर्क कर सलाह ली और धान के बजाय मूंगफली की खेती अपनाने का निर्णय लिया। उन्होंने 0.200 हेक्टेयर में मूंगफली की फसल लगाई। विभाग द्वारा उन्हें बीज के साथ-साथ सूक्ष्म पोषक तत्व, खाद, दवाइयां और तकनीकी मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। किसान ने बताया कि नियमित निगरानी और समय-समय पर प्राप्त सलाह के कारण उनकी फसल बहुत अच्छी स्थिति में है। उन्होंने यह भी कहा कि बाजार में वर्तमान मूंगफली का मूल्य अच्छा होने से इस फसल से उन्हें बेहतर आमदनी की उम्मीद है। इस पहल से यह स्पष्ट होता है कि योजनाबद्ध प्रयासों, सही मार्गदर्शन और वैज्ञानिक कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान गर्मी के मौसम में भी खेती से मुनाफा कमा सकते हैं और परंपरागत खेती के दायरे से बाहर निकलकर नवाचार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।

■ धान के बदले मूंगफली की फसल से जशपुर के किसान कमा रहे ज्यादा मुनाफा

### गुप्ता परिवार की एक पहल स्वयं के लिए पेड़ लगाए जीवन बचाएं



**राजनांदगांव, 09 जून।** संस्कारधानी राजनांदगांव में सोहनलाल गुप्ता परिवार द्वारा पर्यावरण की रक्षा के लिए एक पहल की गई सोहनलाल गुप्ता के छोटे सुपुत्र सूरज गुप्ता एवं खुशबू के विवाह उपलक्ष्य में विश्व पर्यावरण दिवस के शुभ अवसर पर पर्यावरण संरक्षण के लिए गुप्ता परिवार जनों ने पहल की। इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हरा भरा रखना है गुप्ता परिवार के द्वारा आगंतुक पधारे अतिथियों को रिटर्न उपहार में पर्यावरण को हरा भरा रखने के लिए 500 निशुल्क बीज युक्त सीड बॉल एवं 100 पौधे रिटर्न उपहार के रूप में प्रदान प्रदान किए गए जिसमें अनेक प्रकार के बीज युक्त सीड बॉल फलदार जामुन , इमली , आम , आंवला , अमरूद, चीकू, पपीता , व अनेक प्रकार के पौधे फूलदार, फलदार रिटर्न उपहार स्वरूप आगंतुक पधारे अतिथियों को भेंट किए गए। इस पहल का मुख्य उद्देश्य एक पेड़ स्वयं के लिए अवश्य लगावे एवं स्वयं का जीवन बचाएं हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत अधिक महत्व है पेड़ों के बिना मानव जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती द्य प्रकृति को हरा भरा रखना प्रत्येक मनुष्य का कर्तव्य है आईए आप और हम सब मिलकर स्वयं के लिए एक पेड़ लगाए और जीवन बचाएं। उपरोक्त जानकारी जिला पर्यावरण सहसंयोजक सूरज गुप्ता के द्वारा दी गई।

## संपादकीय

# जनता को सच का पता रहना चाहिए

देश के राजनीतिक दल अपने राजनीतिक फायदे के लिए कई बार झूठ का उपयोग भी करते हैं। सच कुछ होता है और वह कहते कुछ हैं। ऐसा करके वह देश की जनता को गुमराह करते हैं और किसी संवैधानिक संस्था के प्रति संदेह पैदा करते हैं। ऐसा वह तब करते हैं जब चुनाव हार जाते हैं। चुनाव हारने पर राजनीतिक दल को जनादेश का सम्मान करना चाहिए लेकिन पिछले कुछ चुनावों से देश में राजनीतिक दल चुनाव तो उत्साह से लड़ते हैं, रिजल्ट आने तक उनको जीतने का विश्वास भी होता है लेकिन जनता उनको नकार देती है तो वह जनादेश को मानने से इंकार कर देते हैं। वह कहते हैं कि चुनाव निष्पक्ष हो तो वह हार ही नहीं सकते यानी वह हार गए है तो चुनाव निष्पक्ष नहीं हुआ है और वह कहते हैं कि चुनाव आयोग ने चुनाव निष्पक्ष नहीं कराया इसीलिए हम चुनाव हार गए । ऐसे में सच क्या है जनता के सामने आना जरूरी होता है। ऐसे में किसी राजनीतिक दल या किसी नेता की जिम्मेदारी होती है कि वह सच को सामने लाए और बताए कि चुनाव के बारे में जो कुछ कहा जा रहा वह सच नहीं है, सच यह है। राहुल गांधी ने फिर एक बार महाराष्ट्र चुनाव को लेकर कई सवाल उठाए हैं और उसमें कोई सवाल नया नहीं है, इसी के साथ उन्होंने नया यह जोड़ा है कि महाराष्ट्र चुनाव की तरह बिहार चुनाव में भी धांधली होगी और चुनाव भाजपा जीत जाएगी। महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस ने राहुल गांधी के सवालों का सटीक जवाब दिया है और साबित किया है कि राहुल गांधी जो सवाल उठा रहे हैं, वह सब गलत है। जनता व देश को गुमराह करने के लिए हैं। राहुल गांधी ने मतदाता वृध्दि को फर्जी बताया तो देवेंद्र फडणवीस ने बताया है कि महाराष्ट्र में मतदाता संख्या में बढ़ोतरी 2019-24 में ही नहीं हुई है। यह तो हर चुनाव में होती है।14-19 में 63 लाख मतदाता बढ़े थे,9-14 में 75 लाख मतदाता बढ़े थे,4-9 में एक करोड़ मतदाता बढ़े थे। इसी तरह वोट प्रतिशत में वृध्दि पर राहुल गांधी ने सवाल उठाया तो देवेंद्र फडणवीस ने बताया है कि महाराष्ट्र चुनाव में प्रति घंटे 5.83प्रतिशत वोट पड़े थे इस हिसाब से मतदान के अंतिम घंटे में यदि 7.83 प्रतिशत वोट पड़े हैं तो यह कोई असामान्य बात नहीं है। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में वोटिंग 60.96 प्रतिशत से बढ़कर 66.71 हो गई थी, तब कांग्रेस ने जीत हासिल की थी लेकिन तब राहुल गांधी ने इसे स्वीकार कर लिया था और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में वोट प्रतिशत बढऩे को फर्जी वोटिंग कह रहे हैं। यह गलत है तो इसे गलत कहा जाना चाहिए।

## राशिफल

मेष आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आपके धन प्राप्ति के मार्ग खुलेंगे और आपने यदि शेयर मार्केट में इन्वेस्टमेंट किया था, तो वह आपको अच्छे लाभ देगा। परिवार में किसी सदस्य की ओर से आपको कोई अच्छी सूचना सुनने को मिल सकती है और आपका मन भी खुश रहेगा। सामाजिक कामों में आप थोड़ा सोच समझकर कदम बढ़ाएं, क्योंकि आपको धोखा मिलने से आपका काम करने का मन भी नहीं करेगा। आपको अपनी मेहनत पर पूरा भरोसा रखने की आवश्यकता है। आप धैर्य और संयम बनाए रखें।

वृषभ आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। आपको अपने परिवार में चल रही समस्याओं को लेकर बातचीत करने की आवश्यकता है। प्रेम जीवन जी रहे लोगों में किसी पुराने साथी के आने के कारण टेंशन बढ़ सकती है। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेंगी, क्योंकि उन्हें किसी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। आप अपने घर किसी नए इलेक्ट्रॉनिक आइटम को लेकर आ सकते हैं। आप अपनी आय के सोर्सो पर पूरा ध्यान दें।

मिथुन आज आपको अपने खर्चों पर थोड़ा ध्यान देने की आवश्यकता है। कार्यक्षेत्र में आपके ऊपर काम का दबाव अधिक रखने से आप परेशान रहेंगे। अपने सहयोगियों से आपको बातचीत करते समय कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। राजनीति में कार्यरत लोग अपने कामों से एक नई पहचान बनाएंगे और उन्हें कोई नया पद भी प्राप्त हो सकता है। आपके ऊपर यदि कुछ कर्जा था, तो उसे भी आप उतारने की कोशिश कर सकते हैं। संतान की संगति की ओर आप विशेष ध्यान दें।

कर्क आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। साझेदारी में कोई काम करना आपके लिए अच्छा रहेगा। आर्थिक मामलों में आपकी तरक्की होगी। किसी जरूरी काम को लेकर आप लापरवाही बिल्कुल ना दिखाएं। आपको किसी काम को पूरा करने में अपने भाइयों से मदद लेनी पड़ सकती है। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे, लेकिन लोगों इसे आपका स्वार्थ समझ सकते हैं। वाहनों का प्रयोग आप थोड़ा सावधान रहकर करें और आपको कोई चोट चपेट आदि भी लग सकती है।

सिंह आज का दिन आपके लिए पद और प्रतिष्ठा में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपको कुछ शत्रुओं से दूरी बनाकर रखनी होगी। आपके मन में यदि किसी काम को लेकर यदि समस्या चल रही है, तो वह भी दूर होगी। आपकी कोई पुरानी बीमारी आपको परेशान करेगी, जिसके लिए आपको कुछ टेस्ट आदि भी कराने पड़ सकते हैं। संतान से किए हुए वादे को आप पूरा करने की कोशिश करेंगे। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती हैं। परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम की तैयारी शुरू हो सकती हैं।

कन्या आज का दिन आपके लिए असमंजस भरा रहने वाला है। कारोबार में आपका कोई काम बिगड़ते बिगड़ते रह सकता है। आप नौकरी में अपने बॉस से अपने रिश्तों को बेहतर बनाए रखने की कोशिश करें। आपका कोई पारिवारिक मामला यदि लंबे समय से विवादित चल रहा था, तो उसमें भी फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। किसी सदस्य के विवाह में आ रही समस्याओं को दूर करने के लिए आप अपने किसी परिजन से बातचीत कर सकते हैं।

तुला आज का दिन आपके लिए मिलाजुला रहने वाला है। आपको किसी अजनबी पर भरोसा करना नुकसान देगा। आपको यदि किसी काम को लेकर तनाव चल रहा था, तो वह भी दूर हो सकता है। परिवार में किसी सदस्य से आप कोई बहसबाजी में ना पड़े। बिजनेस में यदि आपने किसी को पार्टनर बनाया है तो वह आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश कर सकता है। जो विद्यार्थी विदेश जाकर शिक्षा ग्रहण करना चाहते हैं, उन्हें कोई बेहतर अवसर हाथ लगेगा।

वृश्चिक आज आपके धन-धान्य में वृद्धि होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे और आपका डूबा हुआ धन आपको मिल सकता है। जो आपकी आर्थिक स्थिति को मजबूती देगा। किसी काम को लेकर आप कहीं जाने की योजना बना सकते हैं, लेकिन आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। आपने यदि किसी से काम को लेकर कोई सलाह ली थी, तो वह भी दूर हो सकती है। विद्यार्थियों को पढ़ाई लिखाई में एकजुट होकर जुटना होगा। राजनीति में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

धनु आज आप अपने विरोधियों पर विजय प्राप्त करने में कामयाब रहेंगे, क्योंकि आप अपनी चतुर बुद्धि का प्रयोग करके अपने कामों को आसानी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। आप किसी से कोई उधार का लेनदेन ना करें, इसलिए कोई लोन लेने की बिल्कुल ना सोचें। आपकी कोई खोई हुई वस्तु आपको प्राप्त हो सकती हैं। आपको अपने खान-पान पर थोड़ा संयम रखने की आवश्यकता है, तभी आप अपनी सेहत को बेहतर कर सकेंगे। बैंकिंग क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

मकर आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। आपके अंदर एक्स्ट्रा एनर्जी रहने से आप प्रत्येक कामों को करने के लिए तत्पर रहेंगे। आपका कुछ नए लोगों से मेलजोल बढ़ेगा और आपकी जान पहचान बढ़ने से आपको काम करने में भी आसानी होगी। आप मौज-मस्ती के मूड में रहेंगे। प्रेम प्रसंगों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। आपको किसी को धन उधार देने से बचना होगा। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपकी खटपट हो सकती है, जिससे आपको टेंशन भी रहेगी।

कुंभ आज का दिन आपके लिए आय को बढ़ाने वाला रहेगा। आपको धन से संबंधित मामलों में कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। नौकरीपेशा जातकों को कोई जिम्मेदारी भरा काम मिल सकता है। आप अपने बिखरे व्यापार को संभालने की कोशिश में लगे रहेंगे। आपको इस महीने अपने किसी पुराने मित्र की याद सता सकती हैं। आप किसी यात्रा पर जाएं, तो वाहन आपको थोड़ा संभलकर चलाना होगा।आप किसी ऊंचाई वाली जगह जाने से बचें। संतान की फरमाइश पर आप किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं।

मीन आज आपको अपने आत्मविश्वास को मजबूत करके कामों को पूरा करने की आवश्यकता है। प्रेम और सहयोग की भावना आपके मन में बनी रहेगी, लेकिन आप कार्यक्षेत्र में अपने कामों को लेकर दूसरे पर डिपेंड ना रहें, नहीं तो वह आपके कामों को बिगाड़ने की कोशिश करेंगे। जीवनसाथी की नौकरी से संबंधित कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है। सरकारी कामों में आपको अच्छी सफलता मिलेगी, लेकिन आपकी लापरवाही से आपका कोई काम बिगड़ सकता है।

## समसामयिक

# कहां तक ये मन को अंधेरे छलेंगे उदासी भरे दिन कभी तो ढलेंगे

मनोज कुमार अग्रवाल



राहुल गांधी ममता बनर्जी और अखिलेश यादव समेत विपक्षी नेता बेशक सरकार की कितनी ही आलोचना करें लेकिन सरकार और देश के लिए एक काफी अच्छी खबर है कि देश काफी तेजी से गरीबी के अभिशाप से मुक्ति की दिशा की ओर तेजी में आगे बढ़ रहा है है दावा सरकार नहीं विश्व बैंक कर रहा है। विश्व बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत में पिछले 11 वर्षों में 26.9 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं, जो निःसंदेह एक बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है। चरम गरीबी दर 2011-12 के 27.1 फीसदी से गिरकर 2022-23 में 5.3 प्रतिशत पर पहुंच गई। विश्व बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, 2011-12 में देश में 34.45 करोड़ लोग चरम गरीबी में जीवनयापन कर रहे थे, जो 2022-23 में घटकर 7.52 करोड़ रह गए है। सबसे बड़ी बात यह है कि दुनिया भर में चरम गरीबों की संख्या में वृद्धि हो रही है, इसके विपरीत भारत में गरीबी का दायरा काफी तेजी से घट रहा है। विश्व बैंक के अनुसार पूरी दुनिया में चरम गरीबी की संख्या में 12.5 करोड़ की वृद्धि हुई है, मगर भारत इस मामले में एक सकारात्मक अपवाद सावित हुआ है।

हाल ही में जारी रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार भारत में 2011-12 के दौरान कुल 344.47 मिलियन (34 करोड़ 44 लाख 70 हजार) लोग अत्यधिक गरीबी में रह रहे थे, जो कि 2022-23 के दौरान घटकर लगभग 75.24 मिलियन (7 करोड़ 52 लाख 40 हजार) लोग रह गए हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश पांच राज्यों में 2011-12 के दौरान भारत के 65 प्रतिशत अत्यंत गरीब लोग रहते थे। वहीं, इन राज्यों ने 2022-23 तक अत्यधिक गरीबी में होने वाली कुल गिरावट में दो-तिहाई योगदान दिया है। विश्व बैंक का आकलन 3.00 डॉलर प्रतिदिन की अंतरराष्ट्रीय गरीबी रेखा (2021 की कीमतों का उपयोग कर) पर आधारित है, जो कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में व्यापक कमी दर्शाता है। विश्व बैंक के अनुमानों के अनुसार, 2.15 डॉलर प्रतिदिन की खपत पर (2017 की कीमतों पर आधारित पिछली गरीबी रेखा) अत्यधिक गरीबी में रहने वाले भारतीयों की हिस्सेदारी 2.3 प्रतिशत है, जो 2011-12 में दर्ज 16.2 प्रतिशत से काफी कम है। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, 2022 में 2.15 डॉलर प्रतिदिन की गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लोगों की संख्या 33.66 मिलियन दर्ज की गई है,



जो 2011 में 205.93 मिलियन दर्ज की गई थी। आंकड़ों से यह भी पता चला कि यह तीव्र गिरावट समान रूप से देखी गई, जिसमें ग्रामीण अत्यधिक गरीबी 18.4 प्रतिशत से घटकर 2.8 प्रतिशत हो गई और शहरी अत्यधिक गरीबी पिछले 11 वर्षों में 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत हो गई।

आपको बता दें कि विश्व बैंक रिपोर्ट के अनुसार भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी शानदार प्रगति की है। आंकड़ों के अनुसार, बहुआयामी गरीबी सूचकांक (एमपीआई) 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 तक 16.4 प्रतिशत हो गया और 2022-23 में और अधिक घटकर 15.5 प्रतिशत हो गया। पांच सबसे अधिक आबादी वाले राज्यों में 54 प्रतिशत अत्यंत गरीब लोग रहते हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अत्यधिक गरीबी 18.4 प्रतिशत से घटकर 2.8 प्रतिशत हो गई है। शहरी क्षेत्रों में यह 10.7 प्रतिशत से घटकर 1.1 प्रतिशत हो गई है। जिससे ग्रामीण शहरी अंतर 7.7 प्रतिशत से घटकर 1.7 प्रतिशत रह गया है। यह 16 प्रतिशत की वार्षिक गिरावट है। इसके अलावा, भारत ने बहुआयामी गरीबी को कम करने में भी शानदार प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक 2005-06 में 53.8 प्रतिशत से घटकर 2019-21 तक 16.4 प्रतिशत हो गया और 2022-23 में और अधिक घटकर 15.5 प्रतिशत हो गया है। निःसंदेह केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार की बड़ी उपलब्धि है। साफ है कि पिछले 11 सालों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के एनडीए सरकार ने लोगों को गरीबी से उबारने के महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, जिसका फायदा दिख रहा है। दरअसल सत्ता में आने के बाद मोदी सरकार ने पूववर्ती कांग्रेस की योजनाओं को जारी रखते हुए कई अन्य योजनाओं की शुरूआत की है, जिसका लाभ गरीबों को मिल रहा है। आवास योजना से लोगों को घर मिले, उज्वला योजना से स्वच्छ रसोई गैस कनेक्शन, जन धन योजना से बैंक खाते और आयुष्मान भारत से मुफ्त इलाज की सुविधा दी गई। इसके अलावा डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी), डिजिटल सर्विसेज और ग्रामीण विकास से जुड़े कामों ने भी गरीबों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया है।

गौरतलब बात यह है कि गरीबों के कल्याण के लिए जो योजनाएं लागू की हैं और उसे पारदर्शी बनाया है। उससे वास्तविक गरीबों को समुचित लाभ मिलने लगा है। गरीबों के बैंक खाते खोले गए हैं, जिसमें सीधे राशि आ जाती है। इस लिए अब सरकारी मदद में बिचौलिए सेंथ नहीं लगा पा रहे हैं। नतीजतन गरीबों के जीवन स्तर में लगातार सुधार परिलक्षित हो रहा है। सरकार वास्तविक गरीबों के हितों का संरक्षण जरूर कर रही है। लेकिन उनके हक पर डाका डालने वाले फर्जी गरीबों के खिलाफ उतनी तेजी से अभियान नहीं चला रही है जैसी अपेक्षित है। इसके अलावा भारत की अर्थव्यवस्था ने इस दौरान तेजी से विकास किया है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़े हैं। विश्व बैंक के अनुसार, यह विकास न केवल शहरी क्षेत्रों में, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी देखा गया है। विश्व बैंक ने भी इस बात को माना है कि मुफ्त और रियायती खाद्यान्न वितरण से गरीबी में कमी आई है और ग्रामीण व शहरी गरीबी का अंतर कम हुआ है। हालांकि अर्थव्यवस्था के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत की वास्तविक जीडीपी वित्त वर्ष 2025 तक कोरोना के पहले के स्तर से लगभग 5 प्रतिशत कम है। विश्व बैंक ने यह भी कहा है कि यदि वर्तमान वैश्विक अनिश्चितताओं का व्यवस्थित ढंग से समाधान कर लिया जाता है तो 2027-28 तक भारत का विकास धीरे-धीरे अपनी संभावित स्थिति में पहुंच जाएगा। हालांकि भारतीय आर्थिक परिदृश्य में महत्वपूर्ण नकारात्मक जोखिम विद्यमान हैं, और इसका कारण वैश्विक स्तर पर नीतिगत बदलाव जारी रहना है। रिपोर्ट के अनुसार वैश्विक स्तर पर तनाव बढ़ने से भारत के निर्यात की मांग कम होगी और निवेश में सुधार में और देरी होगी। साफ है कि भारत के समक्ष चुनौतियां बरकरार है। खुशी की बात है कि गरीबी घटी है, लेकिन अभी भी सात करोड़ से ज्यादा लोग अत्यधिक गरीबी के नीचे जीवनयापन कर रहे हैं। इसलिए भारत को अपनी संवेदनशील आबादी की जरूरतों को हल करने के लिए और बेहतर व्यवस्था की आवश्यकता है। देश में समतापूर्ण और संतुलित विकास पर ध्यान देना होगा। हालांकि इन चुनौतियों के बाद बावजूद भारत ने अत्यधिक गरीबी को कम करने में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर हासिल किया है, जो आने वाले वर्षों में यह उम्मीद जागता है कि भारत जल्द ही गरीबी के दलदल से बाहर निकल आयेगा बशर्ते जनसंख्या नियंत्रण पर पर्याप्त ध्यान रखना होगा। क्योंकि यही एक बड़ी वजह है जो सारी योजनाओं को विफल करने मे बड़ी भूमिका निभा रही है और सरकारी स्तर से जुटाए गए तमाम संसाधन कम पड़ जाते हैं।

## राजनीति

अजय कुमार,वरिष्ठ पत्रकार

# केरल में भारत माता का अपमान यह केवल चित्र नहीं देश की आत्मा पर चोट है!



भारत माता एक ऐसा नाम, एक ऐसा भाव, जो करोड़ों भारतीयों के दिल की धड़कन है। जब कोई "भारत माता की जय" बोलता है, तो ये केवल एक नारा नहीं होता, बल्कि एक ऐसी पुकार होती है, जिसमें देशभक्ति, श्रद्धा और मातृत्व का गहरा बोध समाहित होता है। लेकिन दुर्भाग्य देखिए, उसी भारत माता की तस्वीर अब देश के भीतर विवाद की जड़ बन रही है। जिस तस्वीर के सामने स्वतंत्रता सेनानी सिर झुकाकर बलिदान की प्रेरणा लेते थे, उसे देखकर अब केरल के एक मंत्री की आंखें चुभने लगी हैं। केरल के कृषि मंत्री पी प्रसाद ने पर्यावरण दिवस पर राजभवन में आयोजित कार्यक्रम का सिर्फ इसलिए बहिष्कार कर दिया क्योंकि मंच पर भारत माता की तस्वीर लगी थी। यह घटना एक प्रतीक भर नहीं है, यह उस वैचारिक युद्ध की प्रत्यक्ष झलक है जो अब भारत की आत्मा से टकरा रहा है। पी प्रसाद भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के नेता हैं। वही पार्टी जिसकी जड़ें भारत में नहीं, बल्कि 1920 के दशक में सोवियत रूस के ताशकंद में पड़ीं। एक विदेशी धरती पर जन्मी विचारधारा का भारत में प्रवेश होना ही एक चेतावनी थी कि इसकी नज़र भारतीय संस्कृति, परंपरा और भावनाओं से मेल नहीं खाती। और यही हुआ भी। आजादी के आंदोलन में जब देश के कोने-कोने में भारत माता की जय के उद्घोष के साथ आंदोलनकारी सड़कों पर उतर रहे थे, उसी वक्त वामपंथी विचारधारा सोवियत संघ के हितों की रक्षा में व्यस्त थी। 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में इनका हिस्सा न बनना इस बात की सबसे बड़ी गवाही है।

जब-जब भारत माता का स्वर प्रबल हुआ, तब-तब लेफ्ट ने अपना मुख कहीं और मोड़ लिया। जब महात्मा गांधी अंग्रेजों को "भारत छोड़ो" कह रहे थे, तब कम्युनिस्ट नेता सोवियत संघ की नीति के अनुसार चुप बैठे थे। जब 1962 में चीन ने भारत की सीमाओं पर हमला किया, तब भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने न केवल चीन के दावों का समर्थन किया, बल्कि 'बीजिंग नजदीक है, दिल्ली दूर' जैसे नारे दिए। एक विचारधारा जो भारत माता को मां नहीं मानती, बल्कि एक साम्राज्यवादी कल्पना मानती है, वो विचारधारा जब सत्ता में आती है, तो भारत माता की तस्वीर से चिढ़ होना स्वाभाविक हो जाता है। भारत माता का चित्र कोई धर्म विशेष का प्रतीक नहीं है। यह चित्र अबनिंद्रनाथ टैगोर ने 1905 में बनाया था, जिसमें भारत को चार हाथों वाली देवी के रूप में दर्शाया गया, जिनके हाथों में वेद, चावल, सफेद वस्त्र और माला होती थी। ये प्रतीक उस भारत का था, जो सांस्कृतिक रूप से समृद्ध, आत्मनिर्भर और ज्ञान से परिपूर्ण था। यह चित्र उस समय बना जब बंग-भंग के कारण राष्ट्रवाद की लहर तेज हो रही थी। भारत माता उस राष्ट्रवादी चेतना का नाम थी जिसने आजादी की लड़ाई को जनांदोलन में बदल दिया। यही कारण था कि वीर सावरकर से लेकर भगत सिंह और सुभाष चंद्र बोस तक, सभी भारत माता को केंद्र में रखकर लड़ते रहे।

लेकिन अब उस चित्र को लेकर यह तर्क दिया जा रहा है कि वह "सरकारी रूप से अधिकृत प्रतीक" नहीं है। केरल सरकार ने यहां तक कह दिया कि भारत माता का कोई आधिकारिक चित्र नहीं है और इसीलिए उसे किसी सरकारी मंच पर रखना असंवैधानिक है। कृषि मंत्री पी प्रसाद ने यह आरोप लगाया कि भारत माता के चित्र पर एक राजनीतिक संगठन का झंडा लगा हुआ था, इसलिए वे उसे स्वीकार नहीं कर सकते। सवाल यह है कि क्या भारत माता अब केवल एक पार्टी का विचार बन गई है? क्या आज भारत माता की जय बोलना किसी राजनीतिक विचारधारा से जुड़ गया है?

राज्यपाल राजेंद्र वी. आर्लेकर ने इस पूरे विवाद में स्पष्ट कहा कि भारत माता के सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा। यह बयान सिर्फ एक व्यक्ति का नहीं था, यह उस करोड़ों भारतीयों की भावना का प्रतिनिधित्व करता था जो भारत माता को केवल एक प्रतीक नहीं, एक सजीव सत्ता मानते हैं। लेकिन दुर्भाग्य देखिए कि राज्य के शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी भी इस मुद्दे में कूद पड़े और बोले कि राज्यपाल को राजनीति से ऊपर उठना चाहिए। यानी अब भारत माता की तस्वीर रखना राजनीति है, लेकिन उस पर आपत्ति जताना राष्ट्रहित! भारत माता की तस्वीर को लेकर इतने तीव्र विरोध का अर्थ केवल एक सांस्कृतिक टकराव नहीं है। यह उस दीर्घकालीन वैचारिक विभाजन का परिणाम है जिसमें एक धड़ा सदैव भारत को सिर्फ एक भूगोल मानता आया है, जबकि दूसरा धड़ा इसे मातृभूमि के रूप में देखता रहा है। लेफ्ट की राजनीति हमेशा विदेशी सिद्धांतों से प्रेरित रही है। चाहे वह मार्क्सवाद हो या माओवाद, भारतीय सोच और परंपरा का इसमें कोई स्थान नहीं रहा। यही कारण है कि भारत माता के चित्र से इन्हें चिढ़ होती है। क्योंकि यह चित्र उस भारत का प्रतिनिधित्व करता है जो अपने सांस्कृतिक गौरव पर गर्व करता है, जो अपने इतिहास से सीखता है, और जो मां को ईश्वर के समान मानता है। आज यह सोच केवल केरल तक सीमित नहीं है। यह सोच देश के अलग-अलग हिस्सों में मौजूद है, जो भारत के मूलभाव को छिन्न-भिन्न करने पर तुली हुई है। यह वही सोच है जो 'अफजल हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा हैं' जैसे नारे देती है। यह वही सोच है जो कभी जेएनयू से उठती है और कभी कन्हैया कुमार की आवाज़ बनकर फैलती है। अब इस सोच को अगर सरकार का संरक्षण मिल जाए, तो वह भारत माता की तस्वीर को मंच से हटवाने का साहस कर बैठती है। लेकिन यहां एक और गहरी बात छुपी है। आज देश में राष्ट्रवाद को संकीर्ण दृष्टि से देखने की प्रवृत्ति बढ़ी है। भारत माता की तस्वीर या 'वंदे मातरम्' जैसे नारों को कुछ लोग धार्मिक रंग में रंगने की कोशिश करते हैं। परंतु यह चित्र और ये नारे केवल धार्मिक नहीं, सांस्कृतिक और राष्ट्रीय चेतना के प्रतीक हैं। भारत माता का चित्र देखकर किसी को आपत्ति होती है, तो सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या उनका भारत से जुड़ाव केवल संविधान की किताबों तक सीमित है? क्या वे उस भारत को नहीं पहचानते जिसे करोड़ों लोग माँ कहते हैं? इस विवाद पर बीजेपी ने कड़ा रुख अपनाया। प्रदेश अध्यक्ष के. सुरेंद्रन ने राज्य सरकार के इस रुख को राष्ट्रविरोधी करार दिया और कहा कि भारत माता का अपमान देश का अपमान है। वहीं कांग्रेस ने भी राजभवन में राजनीतिक एजेंडे को थोपने की कोशिश की आलोचना की और कहा कि राज्यपाल को राजनीतिक प्रतीकों से दूरी बनानी चाहिए। लेकिन भारत माता की तस्वीर को केवल एक राजनीतिक प्रतीक मानना ही अपने आप में एक बड़ी भूल है। यह चित्र न किसी पार्टी का है और न किसी संगठन का। यह उस भावनात्मक जुड़ाव का प्रतीक है जिसे हर भारतवासी महसूस करता है। पी प्रसाद जैसे मंत्री संविधान की शपथ लेकर सत्ता में आते हैं, लेकिन जब भारत माता का चित्र सामने आता है, तो शपथ में समाहित भावना को भी नजरअंदाज कर देते हैं। यह विडंबना नहीं तो और क्या है? भारत के प्रत्येक नागरिक से यह अपेक्षा की जाती है कि वह देश के प्रतीकों, ध्वज, राष्ट्रगान, और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान करे। फिर एक मंत्री जब भारत माता की तस्वीर से परहेज करता है, तो यह केवल उनका निजी मत नहीं रह जाता, यह एक राजनीतिक संदेश बन जाता है ऐसा संदेश जो राष्ट्रवाद को टुकड़ों में बांटने की कोशिश करता है। यह घटना हमें उस खतरे की चेतावनी देती है जो भारत की एकता और अखंडता के लिए भीतर से उठ रहा है। देश को तोड़ने वाली ताकतें केवल सीमाओं से नहीं आतीं, वे उस मानसिकता से आती हैं जो अपने देश की आत्मा को पहचानने से इनकार करती हैं। भारत माता की तस्वीर से चिढ़ना उस चेतना को अस्वीकार करना है जो इस देश को जोड़ती है। यह केवल एक चित्र नहीं, यह एक विचार है, एक आस्था है, एक भावना है जो भारत को भारत बनाती है। देश को आज ऐसे लोगों की जरूरत है जो भारत माता की जय को राजनीति नहीं, बल्कि श्रद्धा समझें। जिन्हें राष्ट्रगान सुनकर सम्मान की भावना हो, और भारत माता की तस्वीर देखकर आंखों में नमी और माथे पर झुकाव आए। वरना वह दिन दूर नहीं जब भारत केवल संविधान की किताब में सिमट कर रह जाएगा, और भारत माता एक विवादास्पद प्रतीक बनकर रह जाएगी। यह समय है कि देश की आत्मा को फिर से पहचाना जाए, उसे गले लगाया जाए क्योंकि भारत माता का अपमान किसी भी सूरत में सहन नहीं किया जा सकता। यही भारत का सच्चा स्वाभिमान है। यही भारत की सच्ची पहचान है।

## सेहत

# सही आहार से यूरिक एसिड को दे सकते हैं मात

यूरिक एसिड का बढ़ना आज एक आम समस्या बन चुका है. इसके चलते व्यक्ति को जोड़ों में दर्द, सूजन और चलने-फिरने में परेशानी का सामना करना पड़ता है. दरअसल, प्यूरीन से भरपूर चीजें खाने से शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ जाती है. आमतौर पर किडनी यूरिक एसिड को फिल्टर कर शरीर से बाहर कर देती हैं. हालांकि, ज्यादा मात्रा में होने पर किडनी पर दबाव बढ़ जाता है और यूरिक एसिड पूरी तरह फिल्टर नहीं हो पाता है. इस कंडीशन में यह शरीर में क्रिस्टल बनकर हड्डियों के बीच जमने लगता है, जिससे व्यक्ति को जोड़ों में दर्द, अकड़न, सूजन की परेशानी से जूझना पड़ता है. हालांकि, एक अच्छी बात यह है कि सही खानपान के जरिए आप न केवल यूरिक एसिड को कंट्रोल कर सकते हैं, बल्कि इसे पूरी तरफ फिल्टर कर शरीर से बाहर भी निकाल सकते हैं. आइए जानते हैं इनके बारे में-

**विटामिन C से भरपूर फल**-न्यूट्रिशनिस्ट लीमा महाजन के मुताबिक, विटामिन C किडनी की कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद करता है, जिससे शरीर से यूरिक एसिड का बाहर निकलना आसान हो जाता है. दिन की शुरुआत एक गिलास आंवला जूस से करें या स्नैक टाइम में संतरा खाएं. कई रिसर्च रिपोर्ट बताती हैं कि विटामिन C सीरम यूरिक एसिड को कम कर सकता है.

**कच्चा पपीता (हल्का उबला हुआ)**-पपीते में मौजूद एंजाइम 'पपेन' पाचन क्रिया को मजबूत करता है, जिससे प्यूरीन का पाचन सही ढंग से हो पाता है और यूरिक एसिड बढ़ता नहीं है. इसके अलावा कच्चे पपीते का सेवन इंफ्लेमेशन को कम करने में मदद करता है. ऐसे में हल्का उबला हुआ कच्चा पपीता खाने से यूरिक एसिड के कारण बढ़े जोड़ों के दर्द और सूजन में राहत मिल सकती है.

**दालचीनी**-दालचीनी शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस और मेटाबॉलिक स्ट्रेस को कम करने में मदद करती है, जो यूरिक एसिड के बढ़ने का एक कारण हैं. इसे सुबह गुनगुने पानी में एक चुटकी डालकर पिएं. ऐसा करने से भी यूरिक एसिड की समस्या से छुटकारा पाने में मदद मिलेगी.

**ब्लैक कॉफी और ग्रीन टी**-ब्लैक कॉफी और ग्रीन टी में क्लोरोजेनिक एसिड और कैटेचिन्स जैसे एंटीऑक्सिडेंट्स होते हैं. ये यूरिक एसिड बनाने वाले एंजाइम को कम करते हैं. ऐसे में दिन में 1–2 कप कॉफी या ग्रीन टी पिएं. इससे भी यूरिक एसिड का सफाया करने में मदद मिलेगी.

## सू-दोकू 74

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

नियम
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.073 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

## एक नजर

### पर्यावरण पर केंद्रित काव्य गोष्ठी में गूंजे जागरूकता के स्वर

**रायपुर, 09 जून।** संकेत साहित्य समिति द्वारा आयोजित पर्यावरण केंद्रित काव्य गोष्ठी 7 जून को वृंदावन हॉल, रायपुर में संपन्न हुई, जिसमें 45 से अधिक कवियों ने अपनी रचनाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और प्रदूषण नियंत्रण जैसे ज्वलंत विषयों पर संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि और साहित्यिक पत्रिका छत्तीसगढ़ मित्र के संपादक डॉ. सुधीर शर्मा ने कहा कि कविता केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाली शक्ति होनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ भाषा-विज्ञानी और कवि डॉ. चित्तरंजन कर ने मानसिक प्रदूषण को पर्यावरणीय प्रदूषण से भी अधिक घातक बताया और इस संकट से बचने के लिए सांस्कृतिक व आध्यात्मिक जागरूकता को आवश्यक बताया। विशेष अतिथियों के रूप में वरिष्ठ कवि मीर अली मीर, डॉ. मृणालिका ओझा और डॉ. सीमा निगम उपस्थित रहे। राजधानी रायपुर सहित आसपास के क्षेत्रों से आए रचनाकारों ने कविता पाठ के माध्यम से पर्यावरणीय समस्याओं पर चिंता जताई और समाधान की चेतना जागृत की। इस अवसर पर समाजसेवी शशि वरवंडकर, पत्रिका दिव्य छत्तीसगढ़ के संपादक शशांक खरे, गायक सुनील सोनी, गणेश दत्त झा और ऋतुराज साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### पोषण ट्रैकर एप में गड़बड़ी:आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परेशान, एफएसआर करने में आ रही दिक्कत

**रायपुर, 09 जून।** छत्तीसगढ़ में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए पोषण ट्रैकर एप एक बड़ी समस्या बन गया है। इस एप में फील्ड सर्वे रिकॉर्डिंग (एफएसआर) करने में आ रही तकनीकी खामियों ने कार्यकर्ताओं का काम मुश्किल कर दिया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि एप न तो हिंदी भाषा को पूरी तरह सपोर्ट करता है और न ही डाटा अपलोड करने में सुचारु रूप से काम करता है, जिससे उनकी दैनिक कार्यप्रणाली प्रभावित हो रही है। पोषण ट्रैकर एप को भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2021 में लॉन्च किया था, ताकि आंगनबाड़ी केंद्रों की गतिविधियों, लाभार्थियों के पोषण स्तर और कुपोषण की स्थिति की वास्तविक समय में निगरानी की जा सके। हालांकि, इस एप में बार-बार होने वाली तकनीकी समस्याओं, जैसे धीमी गति, डाटा अपलोड में त्रुटि और जटिल इंटरफेस, ने कार्यकर्ताओं को परेशान कर रखा है।

### वन मंत्री कश्यप ने बस्तर सीसीएफ और डीएफओ को वन भूमि पर कब्ज़ा के विरुद्ध कार्रवाई करने दिए निर्देश

**जगदलपुर, 9 जून।** बस्तर जिले के भानपुरी, बस्तर एवं करपावंड परिक्षेत्र में वन भूमि पर अतिक्रमण की शिकायत वन मंत्री केदार कश्यप से क्षेत्रवासियों ने की।ग्रामीणों की इस शिकायत पर मंत्री केदार कश्यप ने बस्तर सीसीएफ और डीएफओ को बुलाकर उदासीनता नहीं बरतने और जल्द कार्रवाई कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने कहा। मंत्री कश्यप के निर्देश पर वन विभाग के अधिकारियों ने जेसीबी चलाया, जिससे अतिक्रमणकारियों को वन भूमि से हटाया गया। बीते रविवार को परिक्षेत्र में अतिक्रमण के विरुद्ध कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार सुबह से ही वन अमला गश्ती पर निकला। अतिक्रमण के विरुद्ध गांव-गांव में मुनादी की गई। ट्रैक्टर मालिकों के जंगल जुताई करने पर आदतन जंगल जुताई करने वाले वाहन मालिकों की पहचान कर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। साथ ही इन पर मुखबिर के माध्यम से नजर रखी जाएगी। बकावंड रेंज उलनार बीट के मैदानी अधिकारी एवं कर्मचारी मॉर्निंग गश्त पर रहे। बस्तर परिक्षेत्र अंतर्गत कुगारपाल सर्किल के परिसर चेराकुर के वन क्षेत्र में सामूहिक रूप से परिक्षेत्र के सभी अधिकारी कर्मचारी एवं समस्त ग्रामवासियों द्वारा अतिक्रमित क्षेत्रों का मौका निरीक्षण कर कार्रवाई की जा रही है। वनमंत्री केदार कश्यप के निर्देश अनुसार वन परिक्षेत्र करपावंड के मोकागांव बीट के कक्ष क्रमांक आरएफ 1146, आरएफ 166 में किए गए अतिक्रमण स्थल का शनिवार को वन विभाग जगदलपुर वृत्त के मुख्य वन संरक्षक आरसी दुग्गा और वन मंडलाधिकारी बस्तर उत्तम कुमार गुप्ता द्वारा निरीक्षण के दौरान तत्काल अतिक्रमण स्थल में बनाए गए मेढ़ को जेसीबी की सहायता से समतलीकरण करने और भू जल संरचनाओं के तहत कंटॉवर ट्रेंच बनाए जाने के निर्देश दिए गए।

### आईएएस दस लाख की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार,घर से 47 लाख रुपये बरामद

**धरमगढ़, 9 जून।** आईएएस धीमान चकमा वर्तमान में कालाहांडी के धरमगढ़ जिले के उप-कलेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। धीमान चकमा को कथित तौर पर 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया है। इसके अलावा धीमान चकमा के आवास से 47 लाख रुपए भी बरामद हुए हैं। गिरफ्तारी धरमगढ़ में उनके आधिकारिक सरकारी आवास पर हुई है। सतर्कता प्रकोष्ठ के अधिकारियों के अनुसार, उप-कलेक्टर ने एक स्थानीय व्यवसायी से कुल 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी, मांग पूरी न होने पर उसके व्यवसाय के खिलाफ प्रतिकूल कार्रवाई की धमकी दी थी। जब्त किए गए 10 लाख रुपये कथित तौर पर इस बड़ी मांग की पहली किस्त थी। शिकायतकर्ता को चकमा के आधिकारिक आवास पर बुलाया गया था जहां उप-कलेक्टर ने कथित तौर पर रिश्वत की राशि प्राप्त की। सूत्रों से पता चलता है कि उन्होंने अपने कार्यालय की मेज की दराज में रखने से पहले विभिन्न मूल्यवर्ग के 100 रुपये के नोटों के 26 बंडलों की सावधानीपूर्वक जांच की। उसके दोनों हाथों और मेज की दराज पर बाद में किए गए रासायनिक प्रतिक्रिया परीक्षण के सकारात्मक परिणाम मिले, जिससे उसकी प्रत्यक्ष संलिप्तता की पुष्टि हुई।

# 150 मकान और दुकानों को तोड़ेगा नगर निगम का अतिक्रमण दस्ता

**रायपुर/बिलासपुर, 9 जून।** नगर निगम ने अतिक्रमण के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई शुरू की है. रविवार की सुबह 5 बजे अरपा पार शनिचारी बाजार में निगम का अतिक्रमण दस्ता बुल्डोजर लेकर पहुंचा और चांटीडीह में 75 से अधिक सब्जी दुकानों के चबूतरों को ध्वस्त कर दिया. इसके साथ ही रपटा से अमरैया चौक तक अतिक्रमण कर बनाए गए 20 मकानों और दुकानों को भी तोड़ा गया. इस कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने जमकर विरोध किया और पास की शराब दुकान को भी हटाने की मांग की.



बिलासपुर नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए यह कार्रवाई जरूरी थी. अतिक्रमण हटाने का अभियान सोमवार को भी जारी रहेगा, जिसमें अमरैया चौक से अपोलो अस्पताल तक 150 मकान और दुकानों को तोड़ा जाएगा. निगम आयुक्त अमित कुमार ने कहा, ÷सब्जी बाजार को पीछे शिफ्ट किया जा रहा है. प्रभावित 75 सब्जी विक्रेताओं को मौके पर ही चबूतरे आवंटित किए गए हैं. वैकल्पिक व्यवस्था भी जल्द की जाएगी. हंगामे के बीच कार्रवाई- सुबह 5 बजे शुरू हुई इस कार्रवाई में विक्रेताओं को सामान हटाने का मौका तक नहीं मिला. कई सब्जी विक्रेताओं को पास की खाली जगह पर शिफ्ट किया गया, लेकिन सड़क किनारे दुकान लगाने वालों के लिए कोई स्पष्ट व्यवस्था नहीं होने से वे नाराज हैं. बाजार के पास शराब दुकान के सामने अतिक्रमण को छोड़ने पर भी लोगों ने हंगामा किया.

निगम की सफाई- अतिक्रमण शाखा प्रभारी प्रमिल शर्मा ने बताया, ÷रपटा से अमरैया चौक तक 75 अतिक्रमण, जिसमें सब्जी दुकानें, गुमटियां और ठेले शामिल हैं, हटाए गए. 20 मकान और दुकानों को भी तोड़ा गया. यह कार्रवाई आज भी जारी रहेगी.÷ निगम ने दावा किया कि सब्जी विक्रेताओं को बाजार के पीछे दुकान लगाने की अनुमति दी गई है और उनके लिए जल्द स्थायी समाधान निकाला जाएगा.

स्थानीय लोगों का गुस्सा- कार्रवाई के दौरान लोगों ने निगम के रवैये पर सवाल उठाए. उनका कहना है कि बिना पर्याप्त नोटिस और वैकल्पिक व्यवस्था के अचानक बुल्डोजर चलाना अन्यायपूर्ण है. कुछ विक्रेताओं ने कहा, ÷हमारी रोजी-रोटी छीन ली गई, और शराब दुकान को क्यों नहीं हटाया गया?÷

## सीएम हाउस के सामने आत्मदाह की चेतावनी देने वाली वृद्ध महिला और विकलांग बेटी गायब!

**प्रशासन में मचा हड़कंप**

**पिथौरा, 9 जून।** शिक्षिका द्वारा हड़पे गए अपने घर को वापिस दिलाने की मांग को लेकर प्रशासन के आत्मदाह की चेतावनी देने वाली वृद्ध महिला अचानक गायब हो गई है. 70 वर्षीय महिला प्रतिभा मसीह ने कलेक्टर जनदर्शन में न्याय की गुहार लगाते हुए चेतावनी दी थी, कि अगर उसे उसका घर वापिस नहीं दिलाया गया तो वह 10 जून को ष्टरूहाउस के सामने आत्मदाह कर लेगी. रविवार की सुबह से वह अपनी बौद्धिक विकलांग बेटी और दो नातियों और के साथ अचानक कहीं चली गई है. उनके गायब होने से प्रशासन में हड़कंप मच गया है. पुलिस बीते 24 घंटों से उनको ढूंढने में जुटी हुई है. सूत्रों के अनुसार, 2 दिन पहले अधिकारीयों ने प्रतिभा मसीह को डाट-फटकार लगाई थी, जिससे प्रतिभा मसीह बेहद अपमानित महसूस कर रही थी. इसके बाद रविवार सुबह से गायब होना कई सवालों को जन्म दे रहा है. जानकारी के



मुताबिक, महिला महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के लहरौद गांव की रहने वाली है. महिला की शिकायत के अनुसार उन्होंने 2017 में लहरौद गांव के वार्ड क्रमांक 6 में स्थित मकान खरीदा था, लेकिन आर्थिक तंगी के चलते 2019 में उन्होंने गांव की ही शासकीय शिक्षिका गंगादेवी ध्रुव से 73 हजार रुपए उधार लिए और ये तय हुआ था कि छह माह में राशि लौटाकर मकान वापस ले लेगी, लेकिन तय समय से पहले ही जब उन्होंने पैसा लौटाने की कोशिश की तो शिक्षिका ने रकम लेने से इनकार कर दिया और दावा किया कि मकान अब उन्हीं का है.

## प्राप्टी डीलर ज्ञानप्रकाश साहू से 1.30 करोड़ रुपए की ठगी

**भिलाईनगर, 9 जून।** वैशाली नगर थाना अंतर्गत कोहका निवासी प्रॉपर्टी डीलर के साथ रोबो टेडर्स कंपनी के चार संचालकों ने मिलकर उसके पैसे को फर्जी शेयर ट्रेडिंग कंपनी में करीब 3 वर्ष में करीब 1 करोड़ 30 लाख रुपए का निवेश कराया था और हड़प लिया. रिपोर्ट पर पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 120 बी के तहत अपराध दर्ज कर लिया.

पुलिस आरोपी की तलाश में जुट गई है. पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर के मुताबिक कोहका के रहने वाले 'ज्ञान प्रकाश साहू' प्राप्टी डीलिंग का काम करता है. वह माइंड एंड मेमोरी नाम से एक कंपनी भी रन कर रहा है. इसी कंपनी के प्रमोशन के दौरान वर्ष 2019 में उसकी पहचान चार लोगों से हुई. उन लोगों ने साहू को बताया कि वे लोग रोबो टेडर्स एफएस लिमिटेड और इंफॉक्स कैपिटल नाम से कंपनी चलाते हैं.

इस कंपनी में शेयर ट्रेडिंग का काम होता है. वे लोग एआई के जरिए लोगों का पैसा शेयर मार्केट में इनवेस्ट करवाते हैं. इससे ना सिर्फ कम समय में इनवेस्टर का पैसा दोगुना होता है, चल्कि वह उस पैसे में उसे 10 प्रतिशत का रिटर्न भी देते हैं. इसके बाद ज्ञान प्रकाश साहू उनके झांसे में आ गया. उसने अपनी मेहनत की कमाई उनके कहने पर उनकी फर्जी कंपनी में लगा दिया.

अब ज्ञान प्रकाश साहू ने इस पूरे मामले में अपने साथ हुई ठगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है और उन्हें उम्मीद है कि उसके साथ हुई ठगी की राशि उन्हें वापस मिलेगी.

# फर्जी डिप्टी कलेक्टर कलेक्ट्रेट में ड्राइवर और स्टेनो के साथ कर रहा था निरीक्षण,पकड़ा गया

**स्टाफ की सतर्कता से हुआ पर्दाफाश, हिरासत में लेकर पुलिस कर रही पूछताछ**

**कवर्धा, 9 जून।** कवर्धा कलेक्ट्रेट परिसर में आज एक बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ, जब खुद को डिप्टी कलेक्टर बताने वाले एक युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान शम्मी सिंह ठाकुर के रूप में हुई है, जो कि दुर्ग जिले का निवासी है। आरोपी के पास से पुलिस ने कार्ड जब्त किया है।



जानकारी के अनुसार, आरोपी शम्मी सिंह एक ड्राइवर और एक तथाकथित स्टेनो सहित तीन लोगों के साथ कलेक्ट्रेट के निरीक्षण के लिए पहुंचा था। उसने अधिकारियों की तरह व्यवहार करते हुए परिसर में भ्रमण शुरू कर दिया, लेकिन उसके हाव-भाव और बातचीत के तरीके से वहां मौजूद कर्मचारियों को शक हुआ। कलेक्ट्रेट स्टाफ ने तत्काल थाना कोतवाली पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और शम्मी सिंह व उसके दो साथियों को हिरासत में ले लिया। पुलिस अब तीनों से गहन पूछताछ कर रही है। जांच का मुख्य फोकस इस बात पर है कि आरोपी की असली मंशा क्या थी और कहीं इस फर्जीवाड़े के पीछे कोई संगठित गिरोह तो सक्रिय नहीं है। इस घटना के बाद प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया है। कलेक्ट्रेट जैसी उच्च सुरक्षा वाली जगह पर बिना वैध पहचान के किसी बाहरी व्यक्ति का इस तरह प्रवेश करना सुरक्षा व्यवस्था की पोल खोल रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच तेज कर दी गई है और जल्द ही इस पूरे प्रकरण में और भी बड़े खुलासे हो सकते हैं।

### पंचायत टिकठी के कृषि शिविर में

## नशे में पहुंचा पंचायत सचिव गाली-गलौज का वीडियो वायरल



**मरवाही, 9 मई।** छत्तीसगढ़ के गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले में एक सरकारी कर्मचारी की शर्मनाक हरकत सामने आई है। मरवाही जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत टिकठी में कृषि विभाग के शिविर में पंचायत सचिव रमेश पुरी शराब के नशे में पहुंच गए। शिविर में मौजूद लोगों के अनुसार पंचायत सचिव नशे की हालत में जनप्रतिनिधियों से बहस करने लगे। उन्होंने गाली-गलौज भी की। मौके पर मौजूद लोगों ने सचिव की इस हरकत का वीडियो बना लिया। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए मौके पर मौजूद लोगों ने मरवाही पुलिस और विभागीय अधिकारियों को सूचना दी। वायरल वीडियो में दिख रहा है कि जनप्रतिनिधि और अन्य लोग शराबी सचिव को समझाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन वह किसी की बात सुनने को तैयार नहीं थे। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। अब देखना यह है कि सरकारी शिविर में शराब पीकर पहुंचने और अभद्र व्यवहार करने वाले सचिव पर क्या विभागीय कार्रवाई होती है। यह अब तक स्पष्ट नहीं है कि रमेश पुरी ने ड्यूटी के दौरान शराब क्यों पी। लेकिन घटना के वीडियो से साफ है कि वह नशे की हालत में थे और इसे लेकर जांच शुरू हो चुकी है। हां, वायरल वीडियो और शिकायतों के आधार पर पंचायत सचिव रमेश पुरी पर विभागीय कार्रवाई की पूरी संभावना है। जांच के बाद निलंबन या अन्य अनुशासनात्मक कदम उठाए जा सकते हैं। जी हां, वायरल वीडियो में सचिव रमेश पुरी की शराब पीकर बदतमीजी करते हुए झलक साफ नजर आती है। जनप्रतिनिधि और ग्रामीण उन्हें समझाने की कोशिश कर रहे हैं। यह घटना मरवाही जनपद पंचायत के अंतर्गत ग्राम पंचायत टिकठी में हुई।

## सेंट्रल जेल की 22 फीट की दीवार कूदकर भागा बंदी



**चोरी के केस में एक माह पहले हुआ गिरफ्तार, जेल की सुरक्षा पर उठे सवाल**

**बिलासपुर, 9 जून।** बिलासपुर सेंट्रल जेल की सुरक्षा में सेंध मारकर एक युवक रविवार को 22 फीट दीवार कूदकर भाग निकला। करीब एक माह पहले उसे चोरी के केस में जेल भेजा गया था। जब तक गार्ड की नजर उस पर पड़ी, युवक कूद कर भाग निकला। जिसके बाद जेल प्रबंधन पूरे दिन उसकी तलाश करती रह। दरअसल, मस्तूरी थाना क्षेत्र में हुई चोरी के एक केस में बीते 3 मई को गतौरा निवासी राजा गोंड (22) को पुलिस ने पकड़ा था। आरोपी से चोरी का माल बरामद कर उसे जेल दाखिल कराया गया था। इस दौरान युवक जेल में विचाराधीन बंदी के तौर पर रह रहा था। इस बीच रविवार को उसने सेंट्रल जेल अस्पताल वार्ड की छोटी दीवार पार की। इसके बाद 22 फीट की दूसरी दीवार पर चढ़कर बाहर की तरफ छलांग लगा दी। छलांग लगाते वालगार्ड रोशन साहू ने देखा और तत्काल व्हिसिल बजाकर दूसरे सुरक्षा प्रहरियों सूचना दी। जब तक सब जुटे बंदी फरार हो चुका था। जेल की दीवार में करंट फिर भी भाग निकला बंदी जेल प्रबंधन दावा करता रहा है कि जेल की दीवार में 1घड्ड करंट प्रवाहित तार बिछाया गया है। इसके बाद भी सभी सुरक्षा घेरे को तोड़ते हुए युवक 22 फीट दीवार में चढ़कर बाहर कूद गया।

# हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की जरूरत:डॉ.ओंकार

**प्लास्टिक पर निर्भरता मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक**

**राजनंदगांव , 9 जून।** स्वदेशी जागरण मंच द्वारा पूर्व विश्राम गृह के सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय थीम प्लास्टिक प्रदूषण को खत्म करने पर विचार गोष्ठी शहर के बुद्धिजीवियों एवं प्रबुद्ध जनों की गरिमा में उपस्थित में संपन्न हुआ जिला संयोजक राजकुमार शर्मा ने उक्त परिचर्चा को पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण बताते हुए उपस्थित जनों का स्वागत किया कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पर्यावरण विद् डॉ ओंकार लाल श्रीवास्तव ने विश्व पर्यावरण संरक्षण को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त करते



हुए इस वर्ष के विषय पर प्रकाश डालते हुए कहां कि प्लास्टिक से मानव जीवन पर गहरा संकट उत्पन्न हुआ है प्लास्टिक का उपयोग बहुत बड़े रूप में मानव समाज कर रहा है जिससे पर्यावरण असंतुलित हुआ है हमें पर्यावरण के प्रति जागरूक होने की आवश्यकता है और प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए इस अवसर पर प्रोफेसर के के द्विवेदी ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 42 लाख लोगों की मृत्यु प्लास्टिक के दुष्परिणामों के कारण होती है प्लास्टिक पर्यावरण के लिए घातक बन चुका है मानव जीवन में प्लास्टिक आधुनिकीकरण के दौर में इस तरह समाविष्ट हुआ है की जिससे निजात पाना एक बड़ी चुनौती है नांदगांव टाइम्स के संपादक अशोक पांडे ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि सरकार एक और प्लास्टिक को प्रतिबंधित करती है और जुर्माना वसूल करती है वहीं दूसरी ओर सरकार प्लास्टिक निर्माण के लिए कारखनो को अनुमति भी देती है इस प्रकार शासन का दोहरा चरित्र पर्यावरण के लिए घातक बन चूका है सरकार को पूर्ण रूप से प्लास्टिक को पर्यावरण व जनमानस के हित में प्रतिबंधित कर देना चाहिए आयकर अधिवक्ता एजाज सिद्दीकी ने कहा कि केरल के एक अनुसंधान केंद्र से यह बात सामने आई है कि प्लास्टिक बोतल के पानी से कैंसर जैसी घातक बीमारी होने की प्रबल संभावना बनी रहती है।

## समाचार संक्षेप

### टास्क फोर्स की बैठक में नशामुक्ति अभियान को और प्रभावी बनाने पर जोर



**जगदलपुर 09 जून।** नशामुक्ति अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से सोमवार को कलेक्टर श्री हरिस एस के मार्गदर्शन में जिला स्तरीय टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टोरेट के आस्था सभागार में आयोजित उक्त बैठक में अपर कलेक्टर श्री सीपी बघेल सहित एसडीएम श्री भरत कौशिक, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय बसाक तथा पुलिस, स्कूल शिक्षा, समाज कल्याण विभाग और टास्क फोर्स से संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा आगामी रणनीतियों पर विस्तृत चर्चा हुई। अपर कलेक्टर ने कहा कि नशा न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि समाज और परिवार के लिए भी घातक है। उन्होंने सभी विभागों को नशे के खिलाफ जनजागरूकता अभियान को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। इस दिशा में विशेष रूप से विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों से अवगत कराने हेतु कार्यशाला आयोजित करने, गांव-गांव में जागरूकता रैली एवं नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से जनजागरण करने तथा नशा करने वालों के पुनर्वास हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में पुलिस विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री पर कठोरता से रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### अब रविवार को भी खुली रहेगी सेंट्रल लाइब्रेरी

**प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को मिलेगा लाभ**

**कांकेर, 9 जून।** जिला प्रशासन द्वारा संचालित सेन्ट्रल लाइब्रेरी अब सप्ताह के सभी दिनों में विद्यार्थियों के लिए खुली रहेगी। कलेक्टर श्री निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हरेश मंडावी के निर्देशन में यह निर्णय लिया गया है। लाइब्रेरी में वर्तमान में पाँच बैचों में प्रतिदिन संचालन किया जा रहा है, जिसमें प्रति बैच लगभग 130 छात्र शामिल होते हैं। इस प्रकार प्रतिदिन 600 से अधिक छात्र-छात्राएं इस सुविधा का लाभ उठा रहे हैं। विद्यार्थियों एवं अभिभावकों की मांग को ध्यान में रखते हुए अब लाइब्रेरी रविवार (अवकाश दिवस) को भी पूर्ववत सुबह0 7 से रात 10 बजे तक खुली रहेगी। सीईओ श्री मंडावी ने बताया कि व्यापम, पीएससी एवं अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र लगातार मांग कर रहे थे कि वे रविवार को भी अध्ययन करना चाहते हैं। इसी क्रम में कलेक्टर के निर्देश पर यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है। रविवार को भी लाइब्रेरी में प्रतिदिन की तरह 200 से अधिक विद्यार्थी लाभान्वित हो रहे हैं। छात्रों की सुविधा हेतु लाइब्रेरी में शुद्ध पेयजल, वातानुकूलन, उपयुक्त बैठक व्यवस्था, पार्किंग जैसी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध हैं। साथ ही आवश्यक अध्ययन सामग्री व पुस्तकें समय पर विद्यार्थियों को मुहैया कराई जा रही हैं। जिला प्रशासन ने सभी विद्यार्थियों से अपील की है कि वे रविवार सहित सभी दिनों में लाइब्रेरी में उपस्थित होकर इसका अधिकतम लाभ उठाएं।

### कृषि संकल्प अभियान रथ ने कई गांवों में किसानों को उन्नत खेती की जानकारी दी

**सुकमा, 09 जून।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव निर्देशन एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के मार्गदर्शन में जिले में विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 सफ्लतापूर्वक जारी है, जिसके तहत शनिवार को ग्राम पंचायत चिंतलनार, बुरकापाल, पोंदुम, कांजीपानी, चिकपाल एवं कोयाबेकुर में पंचायत स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किये गये। इस दौरान सभी कार्यक्रम स्थलों में ग्रामीण महिला एवं पुरुष कृषकों के साथ-साथ कृषि सखियों ने भाग लेकर कृषि वैज्ञानिकों, कृषि विभाग, पशुपालन विभाग, उद्यानिकी विभाग एवं मत्स्य विभाग के अधिकारियों एवं विशेषज्ञों से खेती की उन्नत तकनीकों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उपरोक्त सभी कार्यक्रमों को सफ्ल बनाने में विकासखण्ड स्तरीय कृषि से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों एवं मैदानी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ कृषि मित्रों, सभी प्रगतिशील कृषकों जनप्रतिनिधियों, सभी ग्राम पंचायत सचिवों, सरपंचों एवं पंचों का विशेष सहयोग प्राप्त हो रहा है।

### पुलिस ने गांजा मुहैया कराने वाले दो सप्लायरों को गिरफ्तार किया




**गरियाबंद, 9 जून।** गरियाबंद जिले में सूखे नशे पर रोक के लिए पुलिस अब तस्करों के साथ सप्लायारों को भी पकड़ रही है। बीते महीनों में गरियाबंद थाने में तस्करी के 2 अलग मामलों में 5 आरोपियों को पकड़ा गया था। इनसे करीब 113 किलो गांजा मिला था। एनडीपीएस एक्ट के तहत पांचों जेल भेज दिए गए। अब पुलिस ने इन्हें गांजा मुहैया कराने वाले 2 सप्लायरों को दबोचा है। दोनों ओडिशा के रहने वाले हैं। इन पर भी एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले 7 जनवरी को सिटी कोतवाली पुलिस ने जगदीश भाटिया को गिरफ्तार किया था। आरोप था कि वह पिकअप में 83 किलो गांजा ले जा रहा था। मामले में धारा 20 (एनडीपीएस एक्ट) के तहत एफआईआर दर्ज की गई। उसे न्यायिक हिरासत में भेजा गया। तस्करी में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश जारी थी। पुलिस को साइबर सेल से जानकारी मिली कि ओडिशा में कंदमाल जिले के कारेकंबा गांव में रहने वाला भुयना दीगल भी मामले में शामिल था। उस पर धारा 29 (एनडीपीएस एक्ट) के तहत कार्रवाई की गई है। इसी तरह 18 मार्च को गरियाबंद में पुलिस ने बाइक से 30 किलो गांजा ले जा रहे रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें निक्कू कुमार, शंकर पांडेय, विशाल कुमार और मुनीश कुमार शामिल थे। इन्हें भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया। प्रकरण में पुलिस ने ओडिशा में कोरापुट जिले के दुरला गांव मेंरहने वाले एक अन्य आरोपी प्रकाश खिल्लो को भी गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा है।

### किरंदुल में युवाओं ने नपा से की कोचिंग सेंटर खोलने की मांग



**किरंदुल (दंतेवाड़ा), 9 जून।** औद्योगिक नगर किरंदुल सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं ने नगर में कोचिंग सेंटर की आवश्यकता को लेकर नगर पालिका प्रशासन से मुलाकात की। इस दौरान युवाओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रूबी शैलेन्द्र सिंह से आग्रह किया कि एनएमडीसी में होने वाली भर्ती को ध्यान में रखते हुए नगर में कोचिंग सेंटर की जल्द स्थापना की जाए। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सिंह ने युवाओं की मांग को गंभीरता से लेते हुए तत्काल प्रभाव से कोचिंग सेंटर प्रारंभ कराने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि क्षेत्रीय युवाओं को बेहतर मार्गदर्शन और प्रशिक्षण देने हेतु हर संभव प्रयास किए जाएंगे। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष एवं पार्षदों की एक संयुक्त टीम ने एनएमडीसी परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक से मुलाकात कर क्षेत्रीय युवाओं के लिए कोचिंग सेंटर की आवश्यकता को लेकर विस्तृत चर्चा की।

# यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दुर्ग, 9 जून।** जिले के सभी थाना क्षेत्रों में देर रात वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस का पूरा फोकस सड़क दुर्घटना, अपराध और अवैध गतिविधि रोकने पर रहा इसके लिए भिलाई - दुर्ग के सभी चौक - चौराहों पर आने - जाने वाले दुपहिया व चारपहिया वाहन को रोककर तलाशी ली गई। वहीं नशे में वाहन चलाने और यातायात नियमों का उलंघन करने वालों पर कार्रवाई भी किया गया। पुलिस ने सीट बेल्ट, हेलमेट, ट्रिपल लोडिंग, ओवरलोडिंग और ओवर स्पीडिंग की जांच की गलती पाए जाने पर चालकों से जुर्माना वसूला गया समय के साथ भिलाई - दुर्ग के परिवेश और रहन सहन में बदलाव आया है। ज्यादातर लोग अब देर रात घर से निकलकर नशापान सहित अन्य संदिग्ध गतिविधियों को अंजाम देते हैं इससे सड़क दुर्घटनाएं हो रही है। वहीं अपराध भी घटित हो रहा है लिहाजा सड़क दुर्घटना रोकने और यातयात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ दुर्ग पुलिस ने देर रात चेकिंग अभियान चलाया है।

दुर्ग एसएसपी विजय अग्रवाल के निर्देश पर भिलाई - दुर्ग के प्रमुख चौक चौराहों पर इस अभियान के तहत गुजरने वाले सभी तरह के वाहनों की तलाशी ली गई। इस अभियान में विभिन्न थानों के करीब डेढ़ सौ महिला और पुरुष पुलिस अधिकारी कर्मचारी शामिल हुए देर रात तक दुपहिया वाहनों में तीन सवारी बैठकर, नशे की हालत में यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की गई इस दौरान कार चालकों की डिक्की को भी तलाश किया गया। भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि महानगरों की तरह दुर्ग जिले में भी देर रात तक घूमने फिरने का कल्चर तेजी से बढ़ने लगा है। इसमें महिलाएं भी शामिल होने लगी है इस दौरान यातायात नियमों की भी अनदेखी की जा रही है। जिसकी वजह से रात के समय सड़क दुर्घटनाओं में इजाफा हो रहा है इसे कम करने के लिए दुर्ग पुलिस के द्वारा अभियान चलाया जा रहा है।जिसमें महिला पुलिस कर्मियों को भी शामिल किया जा रहा है।

भटपल्ली में जल जीवन मिशन की पहल

## समूह जल-प्रदाय योजना से हर-घर में नल से हो रही जल की आपूर्ति




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 9 जून।** ग्राम भटपल्ली जो बीजापुर जिले के भोपालपटनम विकासखण्ड के ग्राम पंचायत तिमेड़ का आश्रित ग्राम है, जल जीवन मिशन के तहत एक प्रेरणादायक सफलता की मिसाल प्रस्तुत करता है। इस योजना ने ग्रामीणों के जीवन में जल आपूर्ति की दिशा में महत्वपूर्ण बदलाव लाया है। इस ग्राम में समूह जल प्रदाय योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है।

पहले ग्राम भटपल्ली में 15 हैण्डपंपों के माध्यम से पानी की आपूर्ति होती थी, जिससे ग्रामीणों को पानी के लिए लंबी कतारों का सामना करना पड़ता था। जल जीवन मिशन के तहत अब 81 परिवारों को घर पर नल कनेक्शन के माध्यम से निरतंर शुद्ध पेयजल आपूर्ति हो रहा है। 10 मई 2025 को ग्रामसभा के माध्यम से ग्राम भटपल्ली में शत प्रतिशत हर-घर जल प्रमाणीकरण किया गया इस अवसर पर ग्राम के सरपंच वासम लक्ष्मी, सचिव श्री अल्लेम कृष्णाराव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी के साथ-साथ ग्रामवासी उपस्थित रहे। जल जीवन मिशन के तहत ग्राम पंचायत को जल आपूर्ति प्रणाली के संचालन, प्रबंधन और सतत क्रियाशीलता की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इससे ग्रामवासियों में जल के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ी है और वे जल के संरक्षण में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। ग्राम भटपल्ली में जल जीवन मिशन की सफलता न केवल जल आपूर्ति की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह ग्रामवासियों की सहभागिता और जागरूकता की भी प्रतीक है।

## एक नजर

### चैतमा में संविधान बचाओ कार्यक्रम का आयोजन

**कोरबा, 9 जून।** पाली तानाखार विधानसभा के ग्राम चैतमा में संविधान बचाओ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत, छत्तीसगढ़ सहप्रभारी जरिता लैतफ्लांग और रामपुर विधायक फूलसिंह राठिया उपस्थित रहे। पूर्व विधायक मोहित राम केरकेट्टा, पुरुषोत्तम कंवर, कोरबा ग्रामीण के जिला अध्यक्ष मनोज चैहान, सूरज महंत, दुलेश्वरी सिदार, प्रशांत मिश्रा, प्रभा तंवर, शहर अध्यक्ष नत्थू लाल यादव, अमित भदौरिया, विधायक प्रतिनिधि प्रवीण ओगरे, रामपुर विधानसभा के युकां अध्यक्ष शिवम राय, बरपाली ब्लॉक के कार्यकारी अध्यक्ष विरेन्द्र चंदन, पप्पू गबेल, बिसाहू पटेल, पाली तानाखार विधानसभा के ब्लॉक अध्यक्षगण एवं कांग्रेस पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसईसीएल के विभागीय चिकित्सालय में घुसे कोबरा सांप का सफल रेस्क्यू

**कोरबा, 9 जून।** एसईसीएल चिकित्सालय परिसर कोरबा में उस समय हड़कंप मच गया, जब एक 5 फिट जहरीला नाग चिकित्सालय परिसर के अंदर दिखाई दिया। चिकित्सालय में मरीजों और कर्मचारियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी। जानकारी के अनुसार डॉ. सीमा सिंह के द्वारा सूचना देते ही सर्पमित्र आरसीआरएस उमेश यादव मौके पर पहुंचे और बिना किसी देरी के जहरीले नाग का सफल रेस्क्यू किया। किसी भी प्रकार की अनहोनी नहीं हुई। उन्होंने सांप को सुरक्षित तरीके से पकड़ा और उसे जंगल में छोड़ दिया स्थानीय लोगों और चिकित्सालय प्रशासन ने उमेश यादव के इस सराहनीय कार्य की तारीफकी और कहा कि अगर समय पर रेस्क्यू नहीं होता, तो कोई बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।

### बगीचा से विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि रथ को किया गया रवाना

**जशपुर, 9 जून।** विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत विकासखंड बगीचा में अनुविभागीय अधिकारी रितुराज बिसेन ने बगीचा कार्यालय से कृषि रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अभियान में तहसीलदार बगीचा, अनुविभागीय अधिकारी कृषि एवं सभी कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित थे। रथ के माध्यम से किसानों को केन्द्र शासन और राज्य शासन की योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। किसानों को उन्नत खेती करने की विधि भी बताया जा रहा है ताकि किसान कम लागत में अच्छा मुनाफा कमा सके।

### प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम घोषित

**जशपुर, 9 जून।** प्रयास आवासीय विद्यालयों के कक्षा 9वीं में शिक्षण सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु छत्तीसगढ़ राज्य के 33 जिलों में 20 अप्रैल 2025 को प्राक्क्यन परीक्षा आयोजित की गई थी। राज्य कार्यालय द्वारा प्राक्क्यन परीक्षा परिणाम घोषित करते हुए, जिलेवार सूची विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की गई है। मेरिट सूची का प्रकाशन पृथक से किया जाएगा। आवेदक वेबसाईट पर दर्शित परीक्षा परिणाम में अपना नाम एवं रोल नम्बर का मिलान कर सकते हैं। किसी प्रकार की त्रुटि होने पर आवेदक कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, जशपुर में स्वयं उपस्थित होकर दावा 10 जून 2025 दावा आपत्ति आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके पश्चात् दावा आपत्ति मान्य नहीं किया जाएगा। डाक द्वारा दावा-आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

# लाखों का अग्रिम भुगतान फिर भी 6 वर्ष से अधूरा पड़ा है सामुदायिक भवन

## खनिज न्यास मद से 10 लाख रुपये की मिली थी स्वीकृति

**कोरबा 9 जून।** ग्राम पंचायत जिल्गा में वर्ष 2018-19 में खनिज न्यास मद से 10 लाख रुपये की लागत से स्वीकृत सामुदायिक भवन निर्माण कार्य 4 लाख रुपये की अग्रिम भुगतान राशि जारी किये जाने के लगभग 6 वर्षों के बाद भी आधी अधूरी भौतिक स्थिति में बना हुआ है। भवन की सिर्फ दीवारें, ढलाई लेवल तक खण्डहर की भांति खड़ी हुई है। मामले में जांच एवं अनावश्यक लेट लतीफी के लिए दोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई है।

मामले की शिकायत दर्री रोड निवासी बिहारी लाल सोनी ने कलेक्टर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत और सीईओ जनपद पंचायत कोरबा से की है। शिकायत में कहा गया है कि जनपद पंचायत कोरबा के क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत जिल्गा में वर्ष 2018-19 में खनिज न्यास मद से 10 लाख रुपये की लागत से बस्ती में एक सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को स्वीकृत किया गया था। इस निर्माण कार्य के लिए ग्राम पंचायत जिल्गा को निर्माण एजेंसी बनाया गया था। प्रशासन के द्वारा निर्माण कार्य के लिए 4 लाख रुपये की अग्रिम भुगतान राशि संबंधित निर्माण एजेंसी को जारी की गई थी। जिसका आहरण निर्माण एजेंसी के द्वारा किया जा चुका है।

ग्रामीण क्षेत्रों में शासन के द्वारा स्वीकृत निर्माण कार्यों के क्रियान्वयन में की जा रही लापरवाही एवं अनावश्यक लेट लतीफी पर अंकुश लगाना जिला प्रशासनिक व्यवस्था के लिए चुनौती बन गया है। लगभग 6 वर्षों का समय बीत जाने के बाद भी शासन द्वारा स्वीकृत सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य आधी-अधूरी भौतिक स्थिति में बना हुआ है। जनता के बीच शासकीय कार्यों के क्रियान्वयन की यह रीति कई सवाल उठा रहा है। संबंधित निर्माण एजेंसी तकनीकीध्प्रशासनिक अमले के लापरवाही के कारण ग्रामीणों की सुविधा के लिए स्वीकृत इस सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य एक दुखद सपना बन गया है। मामले में शिकायतकर्ता ने प्रकरण की जांच करवाने एवं दोषियों पर आवश्यक कार्यवाही करने के लिए उचित आदेश एवं निर्देश देकर इस सामुदायिक भवन के निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूरा करवाने की मांग की है।

# भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा 27 को, तैयारी शुरू

**कोरबा 9 जून।** शहर में प्रति वर्ष की तरह इस बार भी दादर स्थित श्री श्री जगन्नाथ मंदिर में रथयात्रा का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 27 जून को होगा जिसमें भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकलेगी। इस पावन अवसर पर भगवान जगन्नाथ अपने बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ नगर भ्रमण पर निकलेंगे।

रथ में सवार होकर वे नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए अपनी मौसी मां के मंदिर पहुंचेंगे, जहां वे 15 दिन का प्रवास करेंगे। 5 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा के माध्यम से वे अपने मंदिर लौटेंगे। रथयात्रा से पूर्व भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा सुदर्शन के साथ स्नान पूर्णिमा 11 जून को स्नान मंडप पर 108 कलशों से स्नान करेंगे। मान्यता अनुसार, इस स्नान के बाद भगवान जगन्नाथ अस्वस्थ हो जाएंगे और 15 दिनों तक अणसर में विश्राम करेंगे। मंदिर का पट बंद कर भगवान को काढ़े का भोग अर्पित किया जाएगा। मौसी मंदिर में प्रवास के दौरान प्रतिदिन सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। मंदिर प्रबंधन की ओर से श्रद्धालुओं के लिए भोग वितरण की व्यवस्था भी की जाएगी। यह परंपरा भक्तों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र होती है और सभी आयु वर्ग के श्रद्धालु इन आयोजनों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हैं। अणसर में विश्राम के बाद, भगवान जगन्नाथ 28 जून को नेत्र उत्सव के दिन पुनरू अपने स्थान पर विराजमान होंगे। अगले दिन, भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अपनी मौसी मां से मिलने नगर भ्रमण करते हुए उनके मंदिर जाएंगे। इस दौरान भगवान को उनके प्रिय पकवानों और प्रसाद का भोग अर्पित किया जाएगा। 5 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा के दौरान भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अपनी नगर यात्रा समाप्त कर वापस अपने मंदिर लौटेंगे। भक्तों का मानना है कि इस यात्रा के दौरान भगवान सभी के दुखों को हरते हैं और उन्हें सुख, शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। भगवान रुठी हुई माता लक्ष्मी को मनाते हुए अपने मंदिर वापस आएंगे। मंदिर में विधिपूर्वक उनकी स्थापना की जाएगी। इसके बाद भगवान का दरबार भक्तों के लिए फिर से खुल जाएगा।



■ 11 जून को भगवान जगन्नाथ को 108 कलशों से कराया जाएगा स्नान, फिर 15 दिन बंद रहेगा मंदिर का पट

## भाजपा की नफरत में डूबी बयानबाजी, सामाजिक ताने-बाने के लिए गंभीर खतरा : ज्योत्सना महंत

**कोरबा 9 जून।** भाजपा की नफरत में डूबी बयानबाजी, भारत के सामाजिक ताने-बाने के लिए एक गंभीर खतरा है। इस नफरत का एकमात्र विकल्प हमारे संविधान में निहित संदेश है। यह एक ऐसा विचार है जो भारत के नागरिकों को परस्पर सम्मान, प्रेम और सबके सम्मिलित उत्थान के लिए मिलकर काम करने की प्रतिबद्धता के आधार पर एकबद्ध करता है। उक्त उद्गार ज्योत्सना महंत ने सुभाष चैक पर आयोजित विधानसभा स्तरीय संविधान बचाओ आमसभा में अपने उद्बोधन में व्यक्त किया। सांसद महंत ने कहा कि भारत में दो विचारधाराएं है, एक जो संविधान की रक्षा करती है तथा समानता और एकता की बात करती है और दूसरी विचारधारा संविधान खत्म करने वालों की है।



कार्यक्रम के प्रारंभ में डॉ.भीमराव अंबेडकर के तैलचित्र एवं नेताजी सुभाषचंद्र बोस के प्रतिमा के समक्ष पुष्पांजली अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष नत्थुलाल यादव ने कहा कि भाजपा भारत में धर्म, भाषा और जाति के नाम पर नफरत फैलाने का काम रही है । कांग्रेस इस नफरत के खिलाफ्त करते रहेगा। जिला कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चैहान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से भारत को एकजुट रखने की कोशिश की है। इंदिरा गांधी और राजीव गांधी देश को एकजुट रखने के लिए अंतिम सांस तक कार्य करते रहे और शहीद हुए।

पूर्व महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि देश की संपत्ति को केन्द्र सरकार द्वारा लगातार बेचा जा रहा है। रेल्वे स्टेशनों पर वेटिंग हॉल में प्रति घण्टे की दर से किराया देना पड़ रहा है। प्रदेश कांग्रेस सचिव विकास सिंह ने कहा कि देश और प्रदेश में जो सरकार चल रही है वह सविंधान को तोडने और बदलने का असफल प्रयास कर रही है। उनका यह प्रयास कभी भी सफल नहीं होगा। श्याम सुंदर सोनी ने कहा कि जिस तरह से केन्द्र सरकार की भाजपा सरकार संविधान के साथ छेड़छाड़ कर रही है वह चिंता का विषय है। संविधान से हम सबको अधिकार मिले हैं।

## पिथौरा की महिला न्याय की आस में लापता, आत्मदाह की चेतावनी के बाद प्रशासन में हड़कंप

**पिथौरा 9 जून।** शिक्षिका द्वारा कथित रूप से कब्जाए गए मकान को वापस दिलाने की मांग कर रही वृद्ध महिला अचानक लापता हो गई है। 70 वर्षीय प्रतिभा मसीह ने हाल ही में कलेक्टर जनदर्शन में पेश होकर यह चेतावनी दी थी कि यदि उसे न्याय नहीं मिला, तो वह 10 जून को मुख्यमंत्री निवास के सामने आत्मदाह कर लेगी। रविवार सुबह से वह अपनी बौद्धिक रूप से विकलांग बेटी और दो नातियों के साथ रहस्यमयी ढंग से गायब है।

इस मामले के प्रकाश में आने के बाद प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है। पुलिस लगातार बीते 24 घंटों से उनकी तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि जनदर्शन में फरियाद लगाने के बाद उन्हें अधिकारियों की डांट-फटकार झेलनी पड़ी थी, जिससे वे मानसिक रूप से काफी आहत थीं। इसके बाद ही वे अपने पूरे परिवार समेत अचानक लापता हो गईं।

प्रतिभा मसीह महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखंड के लहरौद गांव की निवासी हैं। उनका आरोप है कि उन्होंने वर्ष 2017 में वार्ड क्रमांक 6 में एक मकान खरीदा था, लेकिन 2019 में आर्थिक तंगी के चलते उन्होंने गांव की ही शासकीय शिक्षिका गंगादेवी ध्रुव से 73 हजार रुपये उधार लिए। तय हुआ था कि छह माह के भीतर पैसा लौटाकर मकान वापस ले लेंगी। लेकिन जब उन्होंने समय से पहले ही रकम लौटानी चाही, तो शिक्षिका ने पैसे लेने से इनकार कर दिया और दावा किया कि अब वह मकान उनका हो चुका है। प्रतिभा मसीह न्याय के लिए पिछले कई महीनों से अधिकारियों के चक्कर काट रही थीं, लेकिन जब कोई समाधान नहीं निकला, तो उन्होंने आत्मदाह जैसा कदम उठाने की चेतावनी दी। अब उनके अचानक गायब हो जाने से यह मामला और भी गंभीर हो गया है। पुलिस और प्रशासन की टीमें महिला और उनके परिजनों की खोजबीन में जुटी हैं। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए स्थानीय प्रशासन ने जांच तेज कर दी है।

# एक साथ 3 महीने का चावल मिलने से राहत

## चना और शक्कर के लिए लगाना पड़ रहा सोसायटियों का चक्कर

**कोरबा 9 जून।** बीपीएल राशन कार्डधारी हितग्राहियों को सरकार जून में एक साथ 3 महीने का चावल आवंटित करेगी। बरसात के मौसम में गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले लोगों को बार बार उचित मूल्य की दुकान न जाना पड़े, इसलिए 3 महीने का चावल एक साथ जून में दिया जा रहा है। इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। कई उचित मूल्य की दुकाने ऐसी हैं, जहां 3 महीने का चावल एक साथ रखने की जगह नहीं है। भंडारण की समस्या खड़ी हो गई है। सरकार गरीबों को सरकारी चावल तो दे रही है. लेकिन वादे के मुताबिक चना और शक्कर का आवंटन अभी नहीं किया जा रहा है। रियायती दर पर मिलने वाला चना गरीबों के लिए एक बड़ी राहत होता है। बीच-बीच में चने का आवंटन किया जाता है, लेकिन फिर यह गायब ही रहता है। उचित मूल्य दुकान के संचालक यह कहकर हितग्राहियों को वापस लौटा देते हैं कि चना, शंकर का आवंटन नहीं आया है। जब उपलब्ध होगा, तब दिया जाएगा। 3 महीने का चावल एक साथ प्रदान करने की बात से हितग्राहियों में खुशी भी है, तो दूसरी तरफ पूरा राशन न मिलने की मायूसी भी है।

### जिले में 553 पीडीएस दुकानें

जून माह समाप्त होने से पहले तीन माह का एकमुश्त चावल गोदाम से पीडीएस दुकानों में भंडारण विभाग के लिए चुनौती बनी हुई है। जिले में 553 पीडीएस दुकानें है, लेकिन अधिकांश पीडीएस दुकानें ऐसी है, जिनके पास खुद का गोदाम नहीं है और न ही पीडीएस दुकान में तीन माह चावल एकसाथ भंडारण क्षमता है। इससे पीडीएस संचालक परेशान हैं। आदेश जारी होने के साथ ही हितग्राही तीन माह का राशन एकसाथ मांग करेंगे, लेकिन भंडारण नहीं होने से वितरण में काफी दिक्कतें होने की संभावना जताई जा रही है।

**जिले में 3 लाख से अधिक कार्डधारी** : जिले में प्राथमिक, निरूशक्त, अंत्योदय, निराश्रित सहित अन्य बीपीएल राशन कार्डधारी परिवारों की संख्या 3 लाख 14 हजार 390 है। इन हितग्राही परिवारों को तीन माह का राशन एकसाथ वितरण के लिए खाद्य विभाग और खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। 82 फीसदी पीडीएस दुकानों तक भंडारण किया गया है, जबकि अभी विभाग को जुलाई और अगस्त माह का भी चावल का भंडारण पीडीएस दुकानों में किया जाना है।

### चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता सम्पन्न

**कोरबा 9 जून।** योगासन स्पोर्ट्र्स एसोसिएशन जिला कोरबा द्वारा आयोजित चतुर्थ जिला स्तरीय योगासन खेल प्रतियोगिता गीतांजलि भवन कोरबा में संपन्न हुई। इस अवसर पर नगर निगम कोरबा की महापौर संजू देवी सिंह राजपूत मुख्य अतिथि के रूप में एवं डॉ. नागेंद्र नारायण शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती एवं छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन से की गई। इसके उपरांत प्रतियोगिता का औपचारिक शुभारंभ हुआ, जिसमें विभिन्न आयु वर्गों के करीब 50 प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपनी योग प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

इस बार की प्रतियोगिता में योगासन भारत द्वारा निर्धारित 12 विभिन्न इवेंट्स को शामिल किया गया था, जिससे प्रतिभागियों को विभिन्न योग विधाओं में अपनी क्षमता दिखाने का अवसर मिला।

### बृहद कटहल मेला का आयोजन 12 जून को

**जशपुर, 9 जून।** जिला प्रशासन जशपुर एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के संयुक्त तत्वावधान में बृहद कटहल मेला का आयोजन आगामी 12 जून 2025 को प्रातः 11:00 बजे से, स्थानीय वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल, जशपुर में किया जा रहा है। यह मेला कलेक्टर रोहित व्यास के दिशा-निर्देश तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित हो रहा है। इस मेले में जिले के महिला स्व-सहायता समूहों, कृषक उत्पादक संगठनों, उत्पादक कंपनियों और कटहल व्यवसाय से जुड़े उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। मेले में कटहल प्रसंस्करण से संबंधित विषय विशेषज्ञ एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे, जो प्रतिभागियों को कटहल से बनने वाले विभिन्न उत्पादों जैसे ड्ढ बिरयानी, अचार, कैंडी, बिस्कुट, चिप्स आदि के निर्माण, विपणन और व्यावसायिक संभावनाओं के विषय में प्रशिक्षण देंगे।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

# कृषि रथ पहुंचा बीजापुर के दूरस्थ ग्राम बेदरे और करकेली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 9 जून।** विकासखंड भैरमगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत बेदरे एवं करकेली में ÷विकसित कृषि संकल्प अभियान÷ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिनमें सोमली वाचम (जनपद सदस्य), चंद्रकला (सरपंच बेदरे), श्री कोलू मज्जी (पंच), सूरीता वाचम (सरपंच करकेली) एवं कविता पोयम (सरपंच उसकापटनम) सम्मिलित रहीं।




कार्यक्रम में श्री कृष्ण कुमार सिन्हा, सहायक संचालक कृषि, बीजापुर की अगुवाई में कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर से वैज्ञानिक डॉ. बी. के. ठाकुर तथा ब्लॉक भैरमगढ़ से श्री पी. के. नाग, श्री दीपक कुमार जैन, श्री तनु दास, श्री मनोज कुमार तिवारी की सक्रिय सहभागिता रही।

साथ ही अन्य विभागों से जुड़े अधिकारीगण भी मौजूद रहे जिसमें से श्री आर. के. तारम आरएचईओ उद्यान विभाग, श्री टी. एस. सिन्हा मत्स्य विभाग, श्री राजेश यदु, मोनिका मांझी, कुमारी अंबिका कांगे पशु चिकित्सा विभाग, प्राकृतिक खेती के बारे में श्री कृष्ण कुमार सिन्हा द्वारा जीवामृत, बिजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र एवं ब्रह्मास्त्र की निर्माण विधि और उपयोग के बारे में विस्तार से जीवंत प्रदर्शन के माध्यम से बताया गया तथा किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीकों को अपनाने हेतु प्रेरित किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. बी. के. ठाकुर ने धान बीज चयन हेतु 17ः नमक घोल का जीवंत प्रदर्शन कर किसानों को उसकी वैज्ञानिक विधि से अवगत कराया। टी. एस. सिन्हा मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालन हेतु उपयुक्त मछली बीज, तालाब की तैयारी, रख-रखाव तथा सरकारी योजनाओं जैसे मत्स्य बीज वितरण, तालाब निर्माण सहायता आदि की जानकारी दी गई। किसानों को मत्स्य व्यवसाय को एक सशक्त आमदनी के स्त्रोत के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। श्री राजेश यदु एवं उनकी टीम द्वारा पशुओं में फैलने वाली प्रमुख बीमारियों, जैसे गलघोंटू, खुरपका-मुंहपका आदि के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही निःशुल्क टीकाकरण, कृमिनाशक दवा वितरण जैसे कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

# सोशल मीडिया पर धमकाने वालों पर कसा शिकंजा, 6 गिरफ्तार

**दुर्ग, 9 जून।** जिले में चाकूबाज़ी और कटर से हमले की बढ़ती घटनाओं पर लगाम लगाने के लिए दुर्ग पुलिस ने सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी विजय अग्रवाल ने थानेदारों को कड़े निर्देश देते हुए ऐसे आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा है, जो सोशल मीडिया पर तलवार या चाकू के साथ फोटो या वीडियो पोस्ट करते हैं या राह चलते लोगों को हथियारों से धमकाते हैं।

एसपी के निर्देश के बाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 3 बाल अपचारियों समेत कुल 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने सभी के पास से प्रतिबंधित हथियार जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

सोशल मीडिया पर तलवार और चाकू के साथ सक्रियता दिखाने वालों पर अब दुर्ग पुलिस निगरानी कर रही है। कई सोशल मीडिया अकाउंट्स को खंगालकर ऐसे आरोपियों की पहचान की गई और उन्हें हिरासत में लिया गया। मामलों की विस्तृत जानकारी के अनुसार, मोहन नगर थाना क्षेत्र के धमधा रोड स्थित सब्जी मंडी के पास दुर्ग के जयंती नगर निवासी आरोपी लीलाधर उर्फ सोनू राहगीरों को चाकू दिखाकर धमका रहा था। छावनी थाना क्षेत्र में भिलाई निवासी आरोपी देवेंद्र सोनकर होण्डा शोरूम के पास चाकू लेकर लोगों को डरा रहा था, जबकि केम्प-2 निवासी मोहम्मद चांद आईटीआई रोड पर इसी तरह की हरकत कर रहा था। जामुल थाना क्षेत्र के घासीदास नगर में, वैशाली नगर क्षेत्र के एक नाबालिग ने इंस्टाग्राम पर चाकू के साथ फोटो पोस्ट किया था, जिसके बाद पुलिस ने दक्षु बाड़ी मंदिर के पास से उसका चाकू बरामद किया। वहीं खुर्सीपार डबरापारा चौक में एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में चाकू के साथ घूमते हुए पकड़ा गया। दुर्ग पुलिस का यह एक्शन न केवल जिले में शांति बनाए रखने के लिए एक मजबूत कदम है, बल्कि सोशल मीडिया पर कटरबाजी को बढ़ावा देने वालों को भी स्पष्ट संदेश है कि अब ऐसा करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा।

### किसानों को कृषि संबंधी समस्याओं के समाधान के साथ आधुनिक कृषि तकनीक की मिल रही जानकारी

# किसान वैज्ञानिक व उन्नत तकनीक को अपनाएं : रामविचार

**रायपुर 9 जून।** कृषि मंत्री श्री रामविचार नेताम शनिवार को सरगुज़ा जिला प्रवास के दौरान विकासखण्ड उदयपुर के ग्राम उदयपुर में आयोजित विकसित कृषि संकल्प अभियान अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने उपस्थित कृषकों को बताया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य किसानों को वैज्ञानिक खेती, सरकार की प्रमुख योजनाएं, उन्नत कृषि यंत्रों का उपयोग, प्राकृतिक खेती के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने कृषकों को रासायनिक खेती से होने वाले नुकसान के बारे में बताया एवं खेती में जल का उचित उपयोग करने हेतु सुझाव दिए। किसानों से खरीफ2025 की तैयारी के संबंध चर्चा करते हुए कहा कि कृषि में वैज्ञानिक तरीकों और उन्नत तकनीकों को अपनाएं। किसी भी प्रकार की समस्या के सम्बन्ध में उपस्थित अधिकारियों एवं वैज्ञानिकों से सलाह लें। कार्यक्रम में उपस्थित अम्बिकापुर विधायक श्री राजेश अग्रवाल ने भी



विकसित कृषि संकल्प अभियान के फायदे बताते हुए किसानों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होने अपील की। इस दौरान कृषि मंत्री श्री नेताम ने किसानों को बीज वितरित किया।

इस दौरान किसानों को वैज्ञानिकों के द्वारा कृषकों के खरीफ संबधी समस्याओं का समाधान के साथ ही कृषि की आधुनिक तकनीक जैसे ड्रोन से यूरिया एवं कीटनाशक का छिड़काव, मृदा स्वास्थ्य कार्ड के लाभ, उन्नत किस्मों से अधिक उत्पादन, समन्वित कृषि कार्यक्रम, उर्वरकों का समुचित मात्रा में उपयोग की जानकारी दी गई। खरीफ सीजन की विशेष तैयारी और फसल विविधीकरण के तरीके किसानों को सिखाए गए तथा उत्पादकता बढ़ाने के उपायों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। वहीं उन्नत नस्ल के पशुपालन एवं मत्स्य पर भी प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में कृषि विभाग के उपसंचालक श्री पी.एस. दीवान, कृषि वैज्ञानिक श्री सूर्य प्रकाश गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी एवं कृषक उपस्थित थे।

# संकल्प से सिद्धि अभियान कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

### रायपुर ग्रामीण भाजपा की कार्यशालाआयोजित



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 9 जून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्षों की ऐतिहासिक उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने हेतु संकल्प से सिद्धि तक अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज एकात्म परिसर, रायपुर में भारतीय जनता पार्टी जिला रायपुर ग्रामीण द्वारा जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला में अभियान की रूपरेखा, उद्देश्य एवं कार्ययोजना पर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए गए, जिससे कार्यकर्ताओं को अभियान को जमीनी स्तर तक प्रभावी रूप से पहुंचाने की प्रेरणा मिली।

कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक गुरु खुशवंत जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता उज्जवल दीपक, पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू, पूर्व विधायक देवजीभाई पटेल, भाजपा जिला ग्रामीण अध्यक्ष शद्य श्याम नारंग, महामंत्री अनिल अग्रवाल छोटे लाल सोनकर राम पंजवानी। अशोक बजाज। दीपक बेस अरविंद ठाकुर सहित अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी व समर्पित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

इस प्रेरक और महत्वपूर्ण कार्यशाला में उपस्थित होकर सहभागिता करने का सौभाग्य मिला। यह अभियान न केवल उपलब्धियों का संप्रेषण है, बल्कि नए भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। इस कार्य शाला में सभी मंडल अध्यक्ष महामंत्री उपस्थित रहे संचालन महामंत्री अनिल अग्रवाल ने किया।

## एक नजर

### गरुड़ नगर कालोनी के पास बेकाबू कार पलटी,कई घायल

**कोरबा, 9 जून।** कोलफील्ड्स गेवरा में गरुड़ नगर कॉलोनी के पास सेंटर वर्कशॉप रोड में एक नई थार कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे पलट गई। राहगीरों ने बताया कि यह दुर्घटना देर रात की हो सकती है। हादसा क्यों हुआ और इसमें कितने लोग घायल हुए, यह जानकारी स्थानीय पुलिस जुटा रही है। सूत्रों ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त थार को देखने से ऐसा लगता है कि यह हाल में ही खरीदी गई थी। दिन रात्रि को इस इलाके में आवाज के दौरान यह वहां हादसे का शिकार हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा पुलिस को दी गई, जिसके बाद लोगों की भीड़ जुट गई है। मध्य रात्रि को हुए हादसे में कितने लोग घायल हुए हैं और वे लोग कौन थे, इसकी पुष्टि अब तक नहीं हो सकी है। लेकिन घटना को लेकर अटकलें लगाई जा रही है कि शराब के नशे में चालक के होने की वजह से यह सब हुआ होगा। लोगों से मिला प्राथमिक सूचना के आधार पर दीपिका पुलिस इस मामले में आवश्यक जानकारी जुटाने में लगी हुई है। पुलिस ने वाहन चालकों से से अपील है कि वे तेज गति से वाहन न चलाएं, ड्राइविंग के दौरान सावधानी रखें, सीट बेल्ट अवश्य पहनें और रात में विशेष सतर्कता बरतें।

### छात्रा की रेलवे ट्रैक पर मिली लाश

**कोरबा, 9 जून।** कोरबा-चांपा मार्ग में बसे उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पहंदा समपार फाटक से 500 मीटर दूर एक महाविद्यालयीन छात्रा का शव रेलवे ट्रैक पर मिला। बताया जा रहा हैं की मृतका ग्राम पहंदा की रहने वाली थी। महाविद्यालय में पढ़ाई कर रही थी और पढने-लिखने में होशियार थी। उसके पिता किसान हैं। वह उनकी इकलौती बेटी थी और एक बेटा भी है। परिवार को नहीं पता कि उसके साथ क्या घटनाक्रम घटित हुआ हैं। स्थानीय लोगों ने बताया की सुबह जब रायपुर-कोरबा मेमू ट्रेन ग्राम पहंदा से गुजरी, उसके कुछ देर बाद ग्रामीणों को ट्रैक पर शव मिला। स्टेशन मास्टर को सूचना दी गई। इसके बाद रेलवे आरपीएफऔर उरगा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कोरबा सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि मामले की जांच जारी है। पुलिस उसका मोबाइल फोन जब्त कर आगे की जांच कार्यवाही कर रही है।

### पशुपालन विभाग ने पशु चिकित्सा शिविर लगाकर पशुओं का किया उपचार

**जशपुर, 9 जून।** पशुधन विकास विभाग द्वारा विकासखंड जशपुर के ग्राम पंचायत - बालाछापर में विगत दिवस पशु प्रदर्शनी मेला एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें पशुपालकों को उत्कृष्ट पशु पक्षी हेतु पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इसके अतिरिक्त पैरा में यूरिया उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, बधियाकरण, गोमूत्र और गोबर से जीवामृत बनाने की विधी, पशुओं के नस्लों का डिस्पले, तथा पशुओं का आवास, रोग और आहार प्रबंधन के विषय में विस्तृत जानकारी देते हुए निःशुल्क पशु औषधि वितरण किया गया।

### अवैध कबाड़ के विरुद्ध कोरबा पुलिस ने की कार्रवाई

कोरबा। जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीतीश ठाकुर, नगर पुलिस अधीक्षक रवींद्र कुमार मीणा एवं नगर पुलिस अधीक्षक दर्री विमल कुमार पाठक के निर्देशन में अवैध कबाड़ के विरुद्ध लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी कड़ी में थाना दीपका पुलिस को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि मलगांव क्षेत्र में कुछ अज्ञात व्यक्ति चोरी के लोहे के सरिया, रॉड एवं अन्य कबाड़ को पिकअप, ऑटो एवं अन्य वाहनों से परिवहन कर रहे हैं। प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मलगांव में दबिश दी गई, जहाँ पाँच वाहनों से बड़ी मात्रा में अवैध कबाड़ बरामद किया गया। इस संबंध में चार कथित आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए थाना दीपका में इस्तगासा की धारा 106 बीएनएसएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

### तोड़फोड़ कार्रवाई को लेकर उच्च न्यायालय ने नगर निगम कमिश्नर को दिए निर्देश

# निजी संपत्ति के अधिग्रहण से पहले सीमांकन और मुआवजा का वितरण करना जरूरी : हाई कोर्ट

**कोरबा, 9 जून।** सड़क चैड़ीकरण के तहत की जा रही नगर निगम की तोडफ़ोड़ कार्यवाही को लेकर उच्च न्यायालय ने नगर निगम कमिश्नर को महत्वपूर्ण निर्देश दिया है। उच्च न्यायालय ने कहा है कि सड़क चैड़ीकरण से पहले सीमांकन करने व प्रभावितों को मुआवजा का वितरण किया जाए। बिना मुआवजा तोडफ़ोड़ की कार्यवाही को उच्च न्यायालय ने असंवैधानिक करार दिया है। सड़क चैड़ीकरण के तहत की जा रही नगर निगम की तोडफ़ोड़ कार्यवाही को लेकर उच्च न्यायालय ने नगर निगम बिलासपुर और संबंधित अधिकारियों को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किये हैं।

उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि किसी भी संपत्ति को तोडऩे से पहले उसका विधिवत सीमांकन किया जाए। यदि निर्माण व सड़क विस्तार के लिए संपत्ति की आवश्यकता है, तो वैधानिक प्रावधानों के अनुरूप उचित मुआवजा याचिकाकर्ताओं को दिया जाए। जानकारी के अनुसार याचिकाकर्ता रौनक सलूजा, रीना सलूजा और वंशिका सलूजा ने उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी। याचिका में कहा गया कि नगर निगम बिलासपुर ने 2 जून 2025 को जारी आदेश में उनके तीन मंजिला भवन और दुकानों को हटाने का निर्देश दिया है। जबकि वे उस भवन के स्वामी और वैध कब्जेदार हैं। निगम को नियमित रूप से संपत्तिकर और वाणिज्यिककर का भुगतान कर रहे हैं।

याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सिद्धार्थ पाण्डेय ने उच्च न्यायालय को बताया कि नगर निगम प्रमुख डोमेन के सिद्धांत के तहत सार्वजनिक हित में निजी भूमि का अधिग्रहण कर सकता है, किंतु उसके लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन करना



आवश्यक है। जिसमें सीमांकन और उचित मुआवजे का प्रावधान शामिल है। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ताओं को तोडफ़ोड़ से पूर्व न तो नोटिस दिया गया और न ही मुआवजा दिया गया हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार वर्मा के सिंगल बेंच में हुई। उच्च न्यायालय ने नगर निगम बिलासपुर के कमिश्नर एवं अन्य अधिकारियों को निर्देशित किया कि यदि याचिकाकर्ताओं की संपत्ति पर सड़क निर्माण किया जाना है तो उनकी उपस्थिति में पहले सीमांकन करें। सीमांकन के बाद कानून के अनुसार याचिकाकर्ताओं को मुआवजा दिया जाए। बिना मुआवजा दिए किसी भी निर्माण को तोडऩे की कार्यवाही की जाती है तो यह अमान्य होगी।

उच्च न्यायालय ने स्पष्ट किया कि अनधिकृत रूप से किसी की संपत्ति को क्षति पहुंचाना संविधान और विधि के सिद्धांतों के विपरीत है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि विधि सम्मत प्रक्रिया के तहत भूमि अधिग्रहण और मुआवजा सुनिश्चित किए बिना सड़क चैड़ीकरण सहित अन्य निर्माण कार्य जैसी गतिविधियां न्यायोचित नहीं मानी जा सकतीं। उच्च न्यायालय के द्वारा जारी किये गए इस आदेश की कोरबा जिले में भी व्यापक प्रतिक्रिया हुई हैं, क्योंकि भूमि-अधिग्रहण, मुवावजा भुगतान, इत्यादि से संबंधित इस तरह के कई विवाद कोरबा जिले में भी चर्चाओं में हैं।

# श्रद्धा जायसवाल मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण से सम्मानित




**कोरबा, 9 जून।** जिले के ग्राम पाली अंतर्गत संचालित कस्तूरबा गांधी आदर्श आवासीय विद्यालय मुनगाडीह की अधीक्षिका श्रद्धा जायसवाल को मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान से नवाजा गया है। जायसवाल बिलासपुर संभाग से उक्त सम्मान प्राप्त करने वाली चयनित एकमात्र शिक्षिका है। शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए इन्हें पुरस्कृत और सम्मानित किया गया है। संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग बिलासपुर के द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण शिक्षापुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे जायसवाल को संभाग स्तर पर प्रथम पुरस्कार प्राप्त हुआ है। संभाग स्तर पर कोरबा जिले से पाली ब्लॉक से चयन होना पूरे पाली ब्लॉक ही नही वरन जिले के लिए गौरव का क्षण है। इस संभाग स्तरीय मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण शिक्षा सम्मान समारोह कार्यक्रम मे बिलासपुर महापौर, संभागीय आयुक्त, संयुक्त संचालक, माध्यमिक शिक्षा मंडल के सदस्य, जिला शिक्षा अधिकारी बिलासपुर, व जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा की उपस्थिति में मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया था। पाली ब्लॉक शिक्षा अधिकारी-कर्मचारियों, शिक्षक-शिक्षिकाओ शिक्षा विभाग परिवार ने जायसवाल को उक्त सम्मान के लिए बधाई और शुभकामनाएं दी है।

### स्थानांतरण के लिए 13 जून तक स्वीकार किये जायेंगे आवेदन

**बलौदाबाजार, 9 जून।** सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा स्थानांतरण नीति वर्ष 2025 के लिए सभी विभागों, विभागाध्यक्षों, संभाग आयुक्तों और कलेक्टरों को पत्र जारी किया गया है जिसके अनुसार 6 जून से 13 जून 2025 तक आवेदन स्वीकार और 14 जून से 25 जून तक स्थानांतरण किए जाएंगे। जारी पत्र अनुसार, राज्य शासन द्वारा पूर्व में जारी स्थानांतरण नीति को अधिक्रमित करते हुए स्थानातरण नीति 2025 प्रक्रिया निर्धारित की गई है। यह स्थानांतरण नीति गृह (पुलिस) विभाग, आबकारी विभाग, खनिज साधन विभाग, परिवहन विभाग, वाणिज्यकर विभाग, पंजीयन विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत शिक्षकीय कार्य में पदस्थ शिक्षकगणों तथा राज्य के निगम, मण्डल, आयोगों एवं स्वायत्त संस्थाओं पर लागू नहीं होगे। जिला स्तर पर स्थानांतरण- 14 जून, 2025 से 25 जून 2025 तक जिला स्तर पर तृतीय श्रेणी (गैर-कार्यपालिक) तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के स्थानांतरण जिले के प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से जिला कलेक्टर द्वारा किये जा सकेंगे। स्वैच्छिक स्थानांतरण हेतु आवेदन दिनांक 06 जून, 2025 से 13 जून 2025 तक संबंधित विभाग के जिला कार्यालय में प्राप्त किये जाएंगे। कलेक्टर यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थानांतरण किये जाने वाले पद जिला संवर्ग का है तो उनका जिले के अंदर ही हो तथा स्थानांतरण आदेश तद्?नुसार प्रसारित होगे। विभाग के जिला कार्यालय प्रमुख द्वारा स्थानांतरण प्रस्ताव तैयार कर जिला कलेक्टर को प्रस्तुत किया जाएगा। कलेक्टर द्वारा प्रस्ताव के परीक्षण उपरांत उस पर जिले के प्रभारी मंत्री का अनुमोदन प्राप्त किया जाकर स्थानांतरण आदेश जारी किया जाएगा।

# पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने लगाया यातायात पुलिस पर वसूली का आरोप

### » तबादले के लिए गृहमंत्री को लिखा पत्र » आफलाइन रसीद को करें बंद

**कोरबा, 9 जून।** यातायात पुलिस रायपुर व प्रदेश के अन्य जगहों पर यातायात पुलिस के द्वारा



अवैध वसूली कर भ्रष्टाचार करने व काफी लंबे समय से पदस्थ डी.एस. पी., टी.आई. ए.एस.आई., एस.आई., आरक्षकों का स्थानंतरण दूरस्थ जगहों में करने व यातायात पुलिस के द्वारा आफ्लाइन रसीद को बंद करने बाबत प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा सहित प्रदेश महानिदेशक अरुण देव् गौतम को पत्र लिखा है। प्रदेश के पूर्व गृहमन्त्री ननकीराम कंवर ने कहा है कि प्रदेश की राजधानी के यातायात पुलिस रायपुर व अन्य जगहों पर अवैध वसूली एवं भ्रष्टाचार के कारण आम जनता परेशान हो रही है। यातायात पुलिस के द्वारा बेवजह रोड पर उन्हें रोककर डरा-धमकाकर यातायात पुलिस के कर्मचारी-अधिकारी के द्वारा अवैध वसूली की जाती है। इनके द्वारा ऑफ्लाइन रसीद जो अवैध वसूली का मुख्य कारण है, उसे तत्काल बंद किया जाना उचित होगा। यातायात पुलिस रायपुर शारदा चैक की अवैध वसूली की पुष्टि स्टींग ऑपरेशन में किया गया जिसमें यह बात सामने आई है कि कई वाहन चालकों ने बताया कि एक व्यक्ति से 300 रूपये लिये और उन्हें रसीद नहीं दिया गया। एक और अन्य व्यक्ति को कहा गया कि अगर रसीद चाहिये तो 5 से 10 हजार रूपये लगेगा, रसीद नही लोगे तो 1500 से 2000 में तुम्हारा काम हो जायेगा। इस तरह उससे 1500 से 2000 के बीच पैसा लिया गया। यहां यह देखा गया है कि ज्यादातर वाहनों को रोककर बिना रसीद काटे पैसा लेकर छोड़ दिया गया है। राजधानी रायपुर के यातायात थाना पचपेड़ीनाका भनपुरी, तेलीबांधा, टाटीबंध, रायपुर के अन्य यातायात थानों में वहां पदस्थ कर्मचारी-अधिकारियों के द्वारा अवैध वसूली कर लाखों रूपये की अवैध वसूली किया जाता है। यहां यह देखा गया है कि कुछ अधिकारी-कर्मचारी यातायात पुलिस के अंतर्गत रायपुर व दुर्ग जिले में ही इनका आना जाना लगा रहता है।

# आंगन में सो रही महिला पर भालू का हमला



**कोरबा, 9 जून।** जिले के कटघोरा वन मंडल अंतर्गत पाली रेंज में भालू के आतंक से लोग परेशान हैं। बताया जा रहा हैं की ग्राम पंचायत मुरली में भालू ने घर के आंगन में सो रही महिला पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर परिजन दौड़े तो भालू जंगल की ओर भाग गया। घायल महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाली में भर्ती कराया है। ग्राम मुरली निवासी का मकान जंगल के किनारे है। रात में सभी लोग आंगन में ही सो रहे थे। उसकी पत्नी भी आंगन में सोई थी। रात लगभग 2 बजे भालू आंगन में पहुंचा और महिला पर हमला कर दिया। वह शोर मचाने लगी तो पास ही मौजूद परिजन दौड़े और भालू को जंगल की ओर भगाया। हमले से महिला घायल हो गई। परिजन उसे स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। सूचना मिलने पर रेंजर संजय लकड़ा ने स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर 1 हजार रुपए की तात्कालिक सहायता राशि प्रदान करी।

# महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वालों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 जून।** बलौदाबाजार पुलिस ने महुआ शराब की अवैध बिक्री करने वाले पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। 8 जून को समाधान सेल में प्राप्त सूचना के आधार पर थाना पलारी की पुलिस टीम द्वारा ग्राम खैरी में घेराबंदी कर शुध्दि अभियान चलाते हुए अवैध रूप से महुआ शराब बनाकर, उसे बिक्री करने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शराब कोचियों से 16, 800 कीमत मूल्य कुल 140 लीटर हांथ भट्ठी महुआ शराब एवं अवैध महुआ शराब बनाने में प्रयुक्त 21 नग बर्तन (बांगा), 10 जेरीकेन जप्त किया गया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना पलारी में धारा 34(2) आबकारी के तहत प्रकरण पंजीबध्द कर



आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपियों के नाम संतकुमार डहरिया (30) निवासी ग्राम खैरी (रोहांसी) थाना पलारी, उमेंद बघेल (34) निवासी ग्राम खैरी (रोहांसी) थाना पलारी, उदय राम रात्रे (35) निवासी ग्राम खैरी (रोहांसी) थाना पलारी, प्रदीप कुर्रे (22) निवासी ग्राम खैरी (रोहांसी) थाना पलारी, संतोष ध्रुव (40) निवासी ग्राम जोराडबरी (रोहांसी) थाना पलारी है।

### समर कैंप में डॉ एकता लंगेह ने बच्चों को नशे से दूर रहने की नसीहत दी

**महासमुंद, 9 जून।** समाजसेवी डॉ. एकता लंगेह के मार्गदर्शन में स्वयं सेवी संस्थाओं के संयुक्त तत्वाधान में ग्रीष्मकालीन राज्य स्तरीय मासिक समर कैंप का आयोजन महासमुंद में किया गया। पूरे एक माह तक लगातार जारी रहने के बाद इस समर कैम्प के समापन अवसर पर समाज सेवी डॉ. एकता लंगेह ने प्रशिक्षित बच्चों को प्रमाण पत्र व मोमेंटो देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ. एकता ने बच्चों को अपनी रचनात्मक प्रतिभा को निखारने व अपनी योग्यता के बल पर खुद की पहचान की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सभी बच्चे मोबाइल व नशापान जैसी अन्य बुराइयों से दूर रहें। मासिक समर कैंप के प्रशिक्षित बच्चों ने कलेक्टर विनय कुमार लंगेह से उनके कार्यालय में मुलाक़ात कर उनसे आशीर्वाद लिया। कलेक्टर से मिलकर बच्चों ने खुशी जाहिर की। कलेक्टर ने सभी बच्चों को बधाई देते हुए अपने समर कैंप में सीखे अनुभवों को साझा करने कहा और बच्चों को रचनात्मक और बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। समर कैंप में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु मास्टर ट्रेनर अजय शर्मा, अनिस शर्मा, रोशनी सलाम, सौम्या साहू रोशन सिंह रूप, साधना ठाकुर को पुरस्कृत किया गया। कैंप के सफल समय संचालन हेतु समाजसेवी रोशाना डेविड, प्रतिभा गिरी को सम्मानित किया गया। समर कैंप की सफलता में तारिणी चंद्राकर, विपिन मोहंती, शबनम धनवानी, चंचल कौशिक, उत्तरा विदानी, नूरेन चंद्राकर, तुषार कुमार चंद्राकर एवं समर कैंप आयोजक आस्था वेलफेयर एजुकेशन सोसाइटी और साया फाउंडेशन के सदस्यों ने शुभकामनाएं व बधाई दी हैं।

# एसईसीएल माइंस में हुई दुर्घटना एक्सीडेंट की डीजीएमएस ने की जांच शुरू

**कोरबा 9 जून।** एसईसीएल कोरबा क्षेत्र की मानिकपुर परियोजना में डंपर एक्सीडेंट के मामले में डीजीएमएस ने जांच शुरू कर दी है। आपको बता दे उचित रख-रखाव के अभाव में हुए इस भयंकर दुर्घटना में 60 टन क्षमता वाले डंपर के पिछले हिस्से का चारों पहिया निकल गया था। जिससे हादसे में डंपर आपरेटर की जान बाल-बाल बची थी। वहीं एसईसीएल प्रबंधन को करोड़ों रूपये की क्षति हुई है। इस गंभीर हादसे के बाद जवाबदार अफसर पूरे घटनाक्रम पर पर्दा डालने में जुट गये थे। लेकिन मीडिया की सजगता के कारण अब इस पूरे घटनाक्रम की जांच क्ळडै नागपुर की मैक्निकल टीम ने शुरू कर दी है।

गौरतलब है कि 19 मई की रात एसईसीएल की मानिकपुर परियोजना में 60 टन क्षमता का एक डंपर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। एसईसीएल में डंपर आपरेटर के पद पर कार्यरत भुवन राज घटना की रात अपने ड्यूटी पर पहुंचा था। डंपर आपरेट करने से पहले उसे एक्सवेसन की टीम द्वारा सबकुछ ठीक होने का हवाला देकर डंपर ले जाने की अनुमति दी गयी। लेकिन डंपर आपरेटर 60 टन क्षमता वाले इस डंपर को लेकर खदान में पहुंचता, इससे पहले ही बीच रास्ते में डंपर के पिछले हिस्से का चारों चक्का, एक्सेल सहित पूरी तरह से टूटकर अलग हो गया।

दुर्घटना में आपरेटर भुवन राज को चोट आने पर निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहीं दूसरी तरफ इस हादसे के दौरान कोयला परिवहन में लगे वाहन डंपर की चपेट में आने से बाल-बाल बच गये। वरना बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन जवाबदार अफसर इस दुर्घटना की जवाबदारी तय करने के बजाये उसे दबाने में जुट गये। देखरेख के अभाव में करोड़ों रूपये के डंपर के साथ हुए इस हादसे पर अधिकारियों द्वारा पर्दा डालने की रणनीति बनायी जाने लगी।

### शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई के लिए चलाया गया विशेष अभियान

# अलग-अलग टीमों ने की वाहन चालकों की जांच, 6 चालकों पर जुर्माना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 9 जून।** पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में जिले में सड़क दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु शराब पीकर वाहन चलाने वाले चालकों की चेकिंग कर लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिले में शराब पीकर वाहन चलाने वाले, वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस द्वारा विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया है। इस दौरान संपूर्ण अभियान में पुलिस की अलग-अलग टीमों



द्वारा एक साथ भारी वाहन, चारपहिया वाहन एवं दोपहिया वाहन चालकों की चेकिंग की गई। पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान में ब्रेथ एनलाइजर के माध्यम से परीक्षण कर 06 वाहन चालकों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया है, जिनके विरुद्ध कार्यवाही कर

### नहीं चलेगी मनमानी पार्किंग, कई ट्रेलर को किया लॉक

**कोरबा, 9 जून।** ट्रैफिक पुलिस के द्वारा आवागमन को बेहतर बनाए रखने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है उसने विभिन्न मार्गों पर अभियान चलते हुए दुपहिया और चार पहिया के बाद अब हैवी व्हीकल को लॉक करना शुरू किया है। इसके साथ संदेश दिया जा रहा है कि कहीं पर भी मनमानी पार्किंग बिल्कुल नहीं चलेगी। व्यस्त मार्गों पर मनमाने तरीके से गाडियों को पार्क करने से न केवल समस्या हो रही है बल्कि दुर्घटना का अंदेशा भी बना रहता है। पहले भी कई बार इस प्रकार के मामले सामने आ चुके हैं और लोगों को इसकी बड़ी कीमत चुकानी पड़ी है। इसलिए ट्रैफिक प्रभारी रविंद्र मीणा के निर्देशन में पुलिस की ओर से कैंपेनिंग और एक्शन दोनों किया जा रहा है। बताया गया कि जिन मार्गों पर आवागमन बहुत ज्यादा है और ऐसे ही इलाकों में गाडियों को कहीं भी खड़ा कर दिया जा रहा है, ऐसे प्रकरणों को गंभीरता से लेने के साथ कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की टीम ने कई मार्गों पर हैवी व्हीकल को मनमाने ढंग से पार्क करने को लापरवाही माना और नियमों के अंतर्गत उनमें लॉक कर दिया। बताया गया कि लगातार इस प्रकार की कार्रवाई ट्रैफिक पुलिस कोरबा क्षेत्र में करती रहेगी क्योंकि आवागमन को सुव्सवस्थित और जीरो एक्सीडेंटल बनाना उसका लक्ष्य है।

## एक नजर

### वेदमणी सिंह ठाकुर का निधन, सीएम ने जताया शोक

**रायपुर, 9 जून।** चक्रधर सम्मान से सम्मानित, संगीत साधना के महान पुरोधा, कलागुरु वेदमणि सिंह ठाकुर %बेदम% जी के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। गुरुजी ने अपना सम्पूर्ण जीवन संगीत की सेवा में समर्पित कर दिया। रायगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी की प्रतिष्ठा को संजोए रखने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। देशभर के अनेक प्रतिष्ठित मंच उनकी प्रतिभा से आलोकित हुए। उनकी कला, साधना और व्यक्तित्व की छाया देश के सांस्कृतिक जीवन में सदैव बनी रहेगी। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतप्त परिवार व शिष्यों को इस दुख की घड़ी में संबल प्रदान करें।

### महामाया मंदिर में हवन शांति जुड़वास यज्ञ 12 को

**रायपुर, 09 जून।** प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी श्रीराजराजेश्वरी महामाया मंदिर में हवन शांति जुड़वास यज्ञ का आयोजन 12 जून गुरुवार को दोपहर दो बजे से प्रारंभ होगा। मंदिर के पुजारी पं. मनोज शुक्ला द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार उसी दिन संध्या छह बजे जसगीत का आयोजन किया गया है।

### अलग-अलग क्षेत्र से दो दोपहिया पार

**रायपुर, 09 जून।** खम्हारडीह और आमानाका थाना क्षेत्र से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार अवंतिविहार खम्हारडीह निवासी हरीश महिपाल 26 वर्ष ने खम्हारडीह थाना में शिकायत किया कि वह अपनी केटीएम बाइक क्रमांक सीजी 04 डीजे 2447 को अपने घर के बाहख खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 90 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं ठाकुर वीला आमानाका निवासी विरेन्द्र कुमार यादव 28 वर्ष ने आमानाका थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 07 सीडी 2535 को अपने घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 20 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**रायपुर, 09 जून।** गोबरानवापारा और धरसींवा पुलिस ने अवैध शराब के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 71 पाव देशी शराब जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गोबरानवापारा पुलिस ने ग्राम छाटापारा कठिया रोड में दबिश देकर आरोपी राजेन्द्र देवदास 42 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 31 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने ग्राम मलौद भाटापारा में बाइक सवार आरोपी मोहन यादव 33 वर्ष और चंपेश्वर टंडन 27 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 40 पाव देशी शराब जब्त किया है। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### गांजा के साथ दो युवक को गिरफ्तार

**रायपुर, 09 जून।** राजेन्द्र नगर पुलिस ने पुरैना मुक्तिधाम के अंदर गांजा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन लोगों के पास से 4 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार राजेन्द्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पुरैना मुक्तिधाम के अंदर दबिश देकर आरोपी लक्की गहरवाल 24 वर्ष और कलश बरवे 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से एक थैला में 4 किलो 700 ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 40 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### जूनापानी में पेयजल व्यवस्था पर्याप्त, जल स्रोतों का किया गया शुद्धिकरण

**जगदलपुर 09 जून।** जिले के दरभा विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम जूनापानी में पेयजल व्यवस्था पर्याप्त है और यहां के सभी जल स्त्रोतों का ब्लीचिंग पाउडर एवं लिक्विड क्लोरीन के माध्यम से जल शुद्धिकरण किया गया है। साथ ही ग्रामीणों को साफ पानी का उपयोग, गर्म एवं ताजा भोजन का सेवन करने सहित स्वच्छता एवं साफ-सफाई के प्रति सजगता बरतने की समझाइश दी गई है। उक्त जानकारी देते हुए कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी श्री एचएस मरकाम ने बताया कि जिले के विकासखण्ड दरभा अंतर्गत जूनापानी में कुल 20 घर हैं और दो हैंडपंप कार्यरत स्थिति में हैं।

## योग के बहाने नमाज पढ़वाने का मामला

# हाईकोर्ट ने प्रोफेसर की याचिका खारिज की

**बिलासपुर, 9 जून।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने गुरुघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इंकार कर दिया है। प्रोफेसर पर आरोप है कि एनएसएस कैंप के दौरान योग के बहाने हिंदू छात्रों को जबरन नमाज पढ़ने मजबूर किया है। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने प्रोफेसर की याचिका खारिज कर दी है। बिलासपुर हाईकोर्ट ने बिलासपुर जिले के कोटा में गुरुघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी द्वारा आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस कैंप में हिंदू छात्रों को योग के बहाने नमाज पढ़ने के लिए मजबूर करने के आरोपी सात सहायक प्रोफेसरों के खिलाफ दर्ज एफआईआर को रद्द करने से इंकार किया। गुरुघासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में काम करते हुए याचिकाकर्ता प्राध्यापकों को 26 मार्च से 01 अप्रैल, 2025 के बीच आयोजित एनएसएस शिविर की निगरानी के लिए नियुक्त किया गया था। शिविर में भाग लेने वाले तीन स्टूडेंट्स ने कोनी थाने में प्रोफेसरों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। इन छात्रों की शिकायत के बाद कोनी पुलिस ने प्राध्यापकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। छात्रों ने अपनी शिकायत में कहा है कि प्राध्यापक यह जानते हैं कि वे सभी हिंदू हैं। हिंदू धर्म के अनुयायी होने के बाद भी योग करने के बहाने हम सभी को नमाज पढ़ने के लिए मजबूर किया गया है। याचिकाकर्ता प्राध्यापकों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 190 गैरकानूनी सभा, 196 1 बी विभिन्न धार्मिक समूहों के बीच सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिकूल कार्य, 197 1 बी राष्ट्रीय एकता के लिए हानिकारक आरोप, दावे, 197 1 सी असहमति पैदा करने की संभावना वाले दावे, 299 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य और 302 (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से शब्द बोलना) और छत्तीसगढ़ धर्म की स्वतंत्रता अधिनियम, 1968 की धारा 4 के तहत एफआईआर की गई है।



### याचिकाकर्ता प्राध्यापकों ने कहा-राजनीति से प्रेरित है शिकायत

याचिकाकर्ता प्राध्यापकों ने तर्क दिया कि लिखित शिकायत राजनीति से प्रेरित लगती है, क्योंकि इसे 14-15 दिनों के विलंब के बाद दर्ज किया गया था। प्राध्यापकों ने कहा कि 150 हिंदू स्टूडेंट्स इस कार्यक्रम में शामिल हुए, उनमें से केवल तीन ने ही इस तरह के आरोप लगाए, जिसका उन्होंने पूरी तरह से खंडन किया। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कहा कि इस कार्यक्रम में मुस्लिम धर्म से संबंधित केवल चार स्टूडेंट ने भाग लिया, जिन्होंने नमाज़ अदा की। अधिवक्ता ने कहा कि याचिकाकर्ता प्राध्यापकों ने किसी भी हिंदू स्टूडेंट को नमाज़ पढ़ने के लिए मजबूर नहीं किया। याचिकाकर्ता प्राध्यापकों के अधिवक्ता ने एफआईआर को रद्द करने की मांग की।

### राज्य सरकार ने कहा, आरोप गंभीर प्रकृति का है

राज्य शासन की ओर से पैरवी करते हुए महाधिवक्ता कार्यालय के ला अफसरों ने याचिकाकर्ता के अधिवक्ता के तर्कों का विरोध करते हुए एफआईआर को रद्द ना करने की बात कही। ला अफसरों ने कहा कि प्राध्यापकों के खिलाफ लगाए गए आरोप गंभीर प्रकृति के हैं।

### मामले के गुण-दोष पर टिप्पणी करना या हस्तक्षेप करना उचित नहीं

मामले की सुनवाई जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस राकेश मोहन पांडेय के डिवीजन बेंच में हुई। डिवीजन बेंच ने कहा कि याचिकाकर्ता पहले से ही जमानत पर हैं। मामले की जांच चल रही है और अभी तक आरोप पत्र दायर नहीं किया गया। इस स्तर पर मामले के गुण-दोष पर कोई टिप्पणी करना या हस्तक्षेप करना उचित नहीं होगा। डिवीजन बेंच ने याचिकाकर्ताओं को राहत देने से इंकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया है।

# सूर्यघर योजना: सब्सिडी दर तय नहीं हो पाई, आवेदनों की संख्या कम हो गई



**रायपुर, 9 जून।** प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में अपने प्रदेश में केंद्र सरकार के बाद अब राज्य सरकार भी इस योजना में सब्सिडी देने वाली है। इसके लिए बजट में दो सौ करोड़ रखे गए हैं। अब कितने किलोवाट में कितनी सब्सिडी देनी है, यही तय करना बचा है। राज्य सरकार की सब्सिडी के इंतजार में आवेदनों की रफ्तार जरूर मंद पड़ गई है। इस समय योजना में 29 सौ घरों में सोलर पैनल लग गए हैं। 41 हजार से ज्यादा आवेदन भी आ गए हैं। 2027 तक प्रदेश में 1.30 लाख घरों को रोशन करने का लक्ष्य है। केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देश भर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है। जहां पर छत्तीसगढ़ का सवाल है तो यहां के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने 2027 तक के लिए सवा लाख से ज्यादा का लक्ष्य रखा है, लेकिन इससे ज्यादा घरों को रोशन करने की योजना है।

### अभी 78 हजार तक सब्सिडी

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है योजना में हर आय वर्ग के लोग सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें कोई आय सीमा तय नहीं है। हर आय वर्ग वालों को सब्सिडी भी मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार से एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है। अब राज्य सरकार की सब्सिडी भी तय होने वाली है। संभावना है कि राज्य सरकार से भी तीन किलोवाट में 20 से 30 हजार की सब्सिडी मिल जाएगी।

### सितंबर तक 7000 आवेदन

प्रदेश में इस योजना में बीते साल अप्रैल से सितंबर तक महज सात हजार आवेदन ही आए थे। कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी ने इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया और इस योजना की जानकारी देने के लिए शिविर लगाने का भी काम किया है। इसका परिणाम यह हुआ है अब 41200 आवेदन आ गए हैं। इसमें से 40300 आवेदनों को मंजूरी भी दे दी गई है। फरवरी में आवेदन करने के लिए केंद्र सरकार ने एक नया पोर्टल लांच किया है। इस पोर्टल में तकनीकी खराबी के कारण पहले ही आवेदन करने में परेशानी हो रही है।

### कपिल शर्मा कॉमेडी शो के तीसरे सीजन में सिद्धू की वापसी

**मुंबई।** कपिल शर्मा के कॉमेडी शो द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा का तीसरा सीजन इस बार दर्शकों के लिए शानदार होने वाला है। हालांकि, शो की शुरुआत होने से पहले एक बहुत बड़ा ट्विस्ट आ गया है। अब इसमें कई सालों बाद पूर्व क्रिकेटर और कमेंटेटर नवजोत सिंह सिद्धू वापसी कर रहे हैं, जो अर्चना पूरन सिंह के साथ हंसी के ठहाके लगाएंगे। आइए जानते हैं पूरी खबर। द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो का तीसरा सीजन इस बार एक नए अंदाज में वापस आ रहा है। अब इस शो में नवजोत सिंह सिद्धू की वापसी हो रही है, जिसकी जानकारी नेटफ्लिक्स ने एक प्रोमो शेयर करके दी है। प्रोमो में सिद्धू की एंट्री से अर्चना पूरन सिंह हैरान दिख रही हैं। हालांकि, एंट्री के बाद सिद्धू ने कहा कि जिस तरह आगे के गोलों को कोई खा नहीं सकता, पर्वत हिमालय को हिला नहीं सकता।

# सब्जी के कैरेट के नीचे छिपाकर ले जा रहे थे 36.53 लाख का गांजा



पुलिस ने दबोचा

**रायपुर/राजनांदगांव, 9 जून।** छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव जिले में पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सागर, मध्य प्रदेश से फरार खरीददार काले बहादुर सोनी को गिरफ्तार किया है. यह कार्रवाई ए.एन.टी.एफ. नारकोटिक्स टास्क फोर्स और सायबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त टीम ने की.

पुलिस ने इससे पहले 30 मार्च 2025 को बोरतलाव थाना क्षेत्र के बिरे पुलिया, चांद-सूरज मेन रोड पर नाकाबंदी के दौरान बोलेरो पिकअप वाहन (क्रमांक सीजी-10-बीक्यू-0634) से 243.54 किलोग्राम अवैध गांजा जब्त किया था. गांजा सब्जी के खाली कैरेट के नीचे छिपाकर ओडिशा से मध्य प्रदेश के सागर ले जाया जा रहा था. इस मामले में दो आरोपियों, दिलावर अली और संतोष पाल, को गिरफ्तार किया गया था. उनके कब्जे से गांजा, वाहन और चार मोबाइल फोन सहित कुल 41,64,100 रुपये की संपत्ति जब्त की गई थी. प्रकरण में धारा 20 बी द्वद्व ग, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था. पुलिस के मुताबिक खाली गांजा की कीमत 36,53,100 रूपए आंकी गई है. पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश पर नशीले पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सायबर सेल प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में गठित टीम ने इंड-टु-इंड कार्रवाई करते हुए मुख्य खरीददार काले बहादुर सोनी 34 वर्ष, निवासी शिवाजी वार्ड, सागर, मध्य प्रदेश को सागर से गिरफ्तार किया. आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है. अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुकेश ठाकुर और राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में एसडीओपी डोंगरगढ़ आशीष कुंजाम के पर्यवेक्षण में यह कार्रवाई की गई. सायबर सेल और बोरतलाव थाना पुलिस की टीम में सउनि सुमन कर्ष, अमित सोनी, जोगेश राठौर, जीवन ठाकुर, परिवेश वर्मा और आदित्य सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही. प्रकरण की जांच जारी है, और तस्करी में शामिल अन्य अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी.



# रणबीर-आलिया का 250 करोड़ का ड्रीम बंगला बनकर तैयार

### कपल जल्द करेंगे गृहप्रवेश

**मुंबई, 9 जून।** बॉलीवुड कपल रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का लंबे समय से चला आ रहा सपना अब पूरा होने जा रहा है। दोनों का शानदार छह मंजिला बंगला, जो रणबीर की दादी कृष्णा राज कपूर के नाम पर है, अब पूरी तरह तैयार हो चुका है। हाल ही में सोशल मीडिया पर एक वीडियो सामने आया है जिसमें इस आलीशान बंगले की झलक साफ नजर आ रही है। हर बालकनी में हरी-भरी पौधों की सजावट है। रणबीर कपूर और आलिया भट्ट का नया बंगला मुंबई के बांद्रा पश्चिम स्थित पाली हिल इलाके में है। यह इलाका बॉलीवुड सितारों के घरों के लिए मशहूर है। दिलीप कुमार, संजय दत्त जैसे दिग्गज कलाकारों के बंगले भी यहीं स्थित हैं। बंगले की कुल अनुमानित कीमत लगभग 250 करोड़ रुपये गौरतलब है कि यह घर कपूर परिवार की विरासत का एक अहम हिस्सा भी है। कभी यह जमीन राज कपूर और कृष्णा राज कपूर की थी, जो बाद में ऋषि कपूर और नीतू कपूर को मिली थी। अब रणबीर और आलिया ने इस विरासत को आगे बढ़ाया है। खबर है कि यह बंगला उनकी बेटी राहा कपूर के नाम पर रजिस्टर कराया जाएगा।

## समाचार संक्षेप

### जल्द बारिश के आसार

**रायपुर, 9 जून।** छत्तीसगढ़ में इस समय उमस भरी गर्मी से लोग हलाकान हैं। इस बीच मौसम विभाग ने राहत वाली खबर दी है। आने वाले 72 घंटे यानी 3 दिन बाद मौसम अपना रूख बदलेगी। बहरहाल, तब तक तापमान में बढ़ोत्तरी जारी रहेगा। बीते 24 घंटों के दौरान दक्षिण छत्तीसगढ़ में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई है. इस दौरान राजधानी रायपुर में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया, जो शनिवार की तुलना में अधिक रहा. वहीं सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.9 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है. मौसम वैज्ञानिक एचपी चंद्रा ने बताया कि एक पश्चिमी विक्षोभ 54 डिग्री पूर्व और 25 डिग्री उत्तर में स्थित है. लद्दाख और उससे लगे कश्मीर के उपर मौजूद है. इन वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते हवा के पैटर्न में बदलाव हुआ है. प्रदेश में आज कुछ स्थानों पर हल्की वर्षा और गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है. वहीं कुछ जगहों पर गरज चमक के साथ अंधड़ चलने और वज्रपात होने की भी संभावना बनी हुई है.



**इन जिलों में बारिश का अलर्ट**-मौसम विभाग ने सुकमा, बीजापुर, दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा, बस्तर, नारायणपुर, कोंडागांव, उत्तर बस्तर कांकेर में मेघगर्जन, आकाशीय बिजली, अचानक तेज हवा (30-40 KMPH) और वर्षा की संभावना जताई है. इन इलाकों में येलो अलर्ट जारी किया गया है.

**राजधानी रायपुर में आज का मौसम**-मौसम विभाग के मुताबिक राजधानी रायपुर में आज आसमान में बादल छाए रहने की संभावना है. राजधानीवासियों को आज भी गर्मी परेशान कर सकती है. अधिकतम तापमान 42एष्ट और न्यूनतम तापमान 29एष्ट के आसपास रहने की संभावना जताई गई है.

### शराब दुकान के हटाने के लिए महिलाओं का हल्ला बोल, 7 दिन की मोहलत दी



**भिलाई, 9 जून।** नेशनल हाइवे पर स्थित खुर्सीपार गेट के पास बनी शराब दुकान को हटाने आज मोहल्ले की महिलाओं सहित शिवसेना के लोग धरने पर बैठे हैं। सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन की धज्जियां उड़ाती इस शराब दुकान की वजह के न सिर्फ महिलाओं का आना जाना मुश्किल हो गया है। वही छोटे-छोटे बच्चे भी नशे के शिकार हो रहे हैं। इतना ही नहीं नेशनल हाइवे से मात्र 10 मीटर पर ही शराब दुकान होने की वजह स कई शराबी दुर्घटना के शिकार भी हो रहे हैं। इधर इस धरने के दौरान थाना प्रभारी वंदिता की मौजूदगी में आबकारी अधिकारी सुप्रिया तिवारी, तहसीलदार और अन्य अधिकारी पहुंचे। उन्होंने लोगों को समझाया कि जल्द ही शराब दुकान का स्थल परिवर्तन किया जाएगा। लेकिन इस प्रक्रिया में समय लगता है। इधर शिवसेना के लोगों ने कहा कि वे आज केवल एक दिन के धरने पर बैठे है लेकिन सात दिन के भीतर शराब दुकान नहीं हटी तो वे उग्र आंदोलन कर नेशनल हाइ?वे में चक्का जाम करेंगे। इधर इस धरने को देख खुर्सीपार थाना की पूरी टीम वहां धरना स्थल पर डटी रही। फिलहाल धरना शांतिपूर्ण चलता रहा।

### ऑर्किड की खेती से प्रभावित हुईं एपीसी, कुहकुहा के पॉली हाउस पहुंचकर किया अवलोकन

**धमतरी, 09 जून।** विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत धमतरी के कुरूद विकासखण्ड पहुंची कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार ने कुहकुहा में ऑर्किड की खेती का अवलोकन किया। जिले के प्रगतिशील युवा किसान श्री पुष्पक साहू ने लगभग एक एकड़ रकबे में पॉली हाउस में ऑर्किड के 50 हजार पौधे लगाए हैं। यह जिले में फूलों की खेती का अपने तरह का पहला प्रयोग है, जहां ऑर्किड की खेती जमीन पर नहीं, बल्कि हवा में की जा रही है। विकसित कृषि संकल्प शिविर में क्षेत्र में ऑर्किड की खेती होने की जानकारी मिलने के बाद कृषि उत्पादन आयुक्त ने उसे देखने की इच्छा जताई और वे कुहकुहा में स्थित पॉली हाउस पहुंच गईं। जहां उन्होंने युवा किसान श्री पुष्पक साहू से ऑर्किड फूलों की खेती के बारे में पूरी जानकारी ली। पुष्पक साहू ने बताया कि इंजीनियरिंग करने के बाद मल्टीनेशनल कंपनियों की अच्छी वेतन वाली नौकरी छोड़कर उन्होंने अपने पुश्तैनी खेत पर ऑर्किड की खेती करने का फैसला किया। श्री साहू ने बताया कि वे जमीन में नहीं, बल्कि हवा में कोयले पर ऑर्किड की खेती कर रहे हैं। उन्होंने लगभग सवा एकड़ में ऑर्किड के 50 हजार पौधे लगाए हैं। यह पौधे उन्होंने थाईलैण्ड से मंगवाए हैं। इन पौधों को उन्होंने पॉली हाउस में जमीन से लगभग तीन फीट ऊपर कोयले के बेड बनाकर लगाया है। पॉली हाउस में सिंचाई, खाद, दवा आदि के लिए स्प्रिंकलर जैसे आधुनिक सिस्टम लगाए हुए हैं। श्री साहू ने बताया कि इसके लिए उन्हें लगभग 56 लाख रूपये की सहायता भी सरकार की तरफ से मिली है।

### युक्तियुक्तकरण से बदली धमधा ब्लॉक के विद्यालयों की तस्वीर

**रायपुर, 09 जून।** कभी शिक्षकों की कमी से जूझ रहे दुर्ग जिले के धमधा विकासखण्ड के सरकारी हाई स्कूलों में अब फिर से शिक्षा की रौनक लौट आई है। वर्षों से शिक्षकविहीन चार ग्रामीण हाई स्कूलों में शिक्षा विभाग द्वारा हाल ही में किए गए युक्तियुक्तकरण के तहत व्याख्याताओं की नियुक्ति की गई है। इससे न सिर्फ पढ़ाई की रफ्तार बढ़ी है, बल्कि छात्रों में भी नया उत्साह देखा जा रहा है। धमधा विकासखण्ड के शासकीय हाई स्कूल सिलितरा, बिरेझर, दनिया और पुरदा में लंबे समय से स्वीकृत पद होने के बावजूद व्याख्याता नहीं थे। विज्ञान, गणित और अंग्रेजी जैसे अहम विषयों की पढ़ाई लगभग ठप थी, जिससे कक्षा 9वीं और 10वीं के विद्यार्थियों का भविष्य संकट में था। अब सिलितरा, बिरेझर और दनिया में चार-चार तथा पुरदा में तीन व्याख्याता नियुक्त किए गए हैं। इस बदलाव के साथ ही स्कूलों में पढ़ाई का माहौल फिर से जीवित हो गया है। नवीन शिक्षकों की पदस्थापना के बाद अब सभी विषयों के लिए शिक्षक उपलब्ध हो गए हैं और कक्षाएं नियमित रूप से संचालित हो रही हैं। इससे विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए बेहतर मार्गदर्शन मिल रहा है। कक्षा 9वीं के छात्र रोहित साहू बताते हैं, ÷पहले तो सिर्फ नाम के लिए स्कूल आते थे, पढ़ाई कुछ खास नहीं हो पाती थी। अब हर विषय के लिए अलग-अलग शिक्षक हैं, जिससे पढ़ाई में रुचि बढ़ी है। सिलितरा स्कूल के प्रभारी प्रधान पाठक ने कहा, ÷विगत वर्षों में शिक्षकों की भारी कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। अब युक्तियुक्तकरण से मिली नई नियुक्तियों के कारण फिर से शिक्षा का वातावरण बना है।

### सहायक विकास विस्तार अधिकारी परीक्षा 15 जून को, परीक्षार्थियों के लिए निर्देश जारी

**रायपुर, 9 जून।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा सहायक विकास विस्तार अधिकारी (ADEO) की भर्ती परीक्षा 15 जून 2025 दिन रविवार को आयोजित की जाएगी। यह परीक्षा प्रातः 10ः00 बजे से दोपहर 12:15 बजे तक जिले के 09 परीक्षा केंद्रों में आयोजित होना नियत है। अतएव उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों हेतु निम्नानुसार दिशा-निर्देश जारी किया जाता है। परीक्षा दिवस को प्रत्येक परीक्षार्थी एक घंटे पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र में उपस्थित हो, जिससे उनके मूल पहचान पत्र से उनका पहचान किया जा सकें एवं परीक्षा केन्द्र में जाने हेतु अनुमति दी जा सके। परीक्षार्थी परीक्षा दिवस से एक दिवस पूर्व अपने परीक्षा केन्द्र की भौगोलिक स्थिति से भली-भांति परिचित हो जाये। परीक्षा प्रारंभ होने के पश्चात् किसी भी परीक्षा केन्द्र में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।

## मुख्यमंत्री के 9 विभागों को छोड़कर शेष विभागों में मंगाए गये आवेदन

# स्थानांतरण को लेकर अधिकारी-कर्मचारी काट रहे चक्कर

**रायपुर, 09 जून।** राज्य शासन ने अपनी तबादला नीति में महत्वपूर्ण संशोधन कर दिया गया है। युक्तियुक्तकरण के विरुद्ध कोर्ट से आए आदेश के बाद अब शिक्षा खनिज, गृह विभाग परिवहन सहित नौ विभागों को छोड़कर शेष में स्थानांतरण के लिए आवेदन मंगाए गये हैं। इसके लिए सभी कर्मचारी अधिकारी मंत्री स्टाफ एवं मंत्रालय का चक्कर काट रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग ने आदिम जाति स्वास्थ्य महिला बाल विकास उद्योग सिंचाई सहित अन्य विभागों में स्थानांतरण के लिए जून के प्रथम सप्ताह से आवेदन लेना शुरू कर दिया है इस समय आदिम जाति तथा स्वास्थ्य विभाग में ज्यादा आवेदन आए हैं। स्वास्थ्य विभाग में प्राथमिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता स्टाफ नर्स नर्सिंग अफसर नेत्र सहायकों एवं चिकित्सकों के बड़ी संख्या में आवेदन आए हैं जिन्हें जिलावार इकट्ठा किया जा रहा है। इस स्थानांतरण में अनेक तरह की शिकायतों का निराकरण भी किया जाएगा। जिला में स्थानांतरण के लिए प्रभारी मंत्री की अनुशंसा के बाद भार साधक मंत्री के पास भेजी जाएगी। जिला कलेक्टर के द्वारा प्रभारी मंत्री के अनुमोदन पर इसे जारी किया जाएगा। यह सूची जून के अंतिम सप्ताह में निकाली जाएगी। आदिम जाति विभाग में शिक्षक सहायक शिक्षक व्याख्याता और बीईओ तथा छात्रावास अधीक्षकों के सर्वाधिक आवेदन आए हैं। ये सभी आदिवासी जिलों में कार्यरत है। आदिवासी शिक्षा विभाग से सामान्य शिक्षा विभाग में आने के लिए बड़ी संख्या में आवेदन लगे हुए है लेकिन इनके स्थानांतरण नियमानुसार नहीं किया जा सकता। राज्य में महिला बाल विकास विभाग में भी पर्यवेक्षकों तथा उद्योग विभाग में भी स्थानांतरण को लेकर काफी उठापटक कर रही है। इस समय कई जानकारी उच्च राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। जिसके कारण उनके स्थानांतरण करना संभव नहीं है। राज्य शासन द्वारा आदेश के अनुसार पुलिस विभाग में स्थानांतरण को रोक दिया गया है। यहां पर स्थानांतरण बोर्ड द्वारा यह बोर्ड डीजीपी के अधीन कार्य कर्ता है। जिसके कारण इसमें सिर्फ चुनिंदा आवेदन ही आते है। इस समय नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामान्य जिलाकें में आने वाले आवेदनों की संख्या ज्यादा है। शिक्षा विभाग का सेटअप सबसे बड़ा है। यहां पर सरकार द्वारा युक्तियुक्त करण के माध्यम से स्कूलों का समायोजन किया जा रहा था जो कि कोर्ट के आदेश के कारण स्थागित कर दिया गया है। मुख्यमंत्री के नौ विभागों में स्थानांतरण में प्रतिबंध लगाने से दो लाख कर्मचारियों का स्थानांतरण नहीं हो पाएगा। ज्ञात रहे लोक निर्माण सिंचाई विभाग में स्थानांतरण को लेकर काफी चर्चा रहती है। यहां पर मंत्रियों एवं उनके स्टाफ से चर्चा कर अंतिम रूप दिया जाता है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26